WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

बिलासपुर, मंगलवार, 22 जुलाई 2025 कृष्ण पक्ष- द्वादशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 101 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

नक्सलगढ़ में गूंजी शिक्षा की अलख, 16 स्कूल खुले तो 600 बच्चों ने लिया दाखिला

बीजापुर /नवप्रदेश। बीजापुर में जहां कभी बच्चों के हाथों में किताबों की जगह खालीपन था और हर कोने में डर की दस्तक होती थी, आज वहां नन्ही मुस्कानें पढ़ाई की नई सुबह का स्वागत कर रही हैं। नक्सल प्रभाव और पहाड़ी दुर्गमता से जूझते बीजापुर जिले के कोरचोली, तोड़का, एड्समेटा और बड़ेकाकलेड जैसे गांवों में पहली बार शिक्षा की दस्तक सुनाई दी है।

16 स्कूल, 600 से ज्यादा बच्चों के सपनों को मिली जमीन: बीजापुर प्रशासन ने 14 प्राथमिक और 2 माध्यमिक स्कूल खोलकर 600 से अधिक बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ दिया है। अधिकतर जगहों पर ये स्कूल झोपड़ियों और अस्थायी शेड्स में चल रहे हैं, लेकिन बच्चों का उत्साह देखते ही बनता है। उनका चेहरा कहता है, हम पढ़ना चाहते हैं, हम आगे बढ़ना चाहते हैं।

ड्रेस, बैग, किताबें ताकि कोई पीछे न छूटे : बच्चों को यूनिफॉर्म, किताबें और स्कूल बैग मुफ्त दिए गए हैं ताकि शिक्षा में कोई भी आर्थिक बाधा न आए। एक बच्चे की मां कहती हैं, 'पहले हमारे बच्चे जंगलों में भटकते थे, अब उन्हें कलम थमाई जा रही है। ये हमारे लिए सपना सच होने जैसा है।

वेंडे स्कूल दायकाल एक जनआंदोलन बना

इस बदलाव की नींव 'वेंडे स्कूल दायकाल नामक विशेष अभियान से रखी गई। कलेक्टर संबित मिश्रा के नेतृत्व में 2200 से अधिक शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और वालंटियर्स ने 600 गांवों में घर-घर जाकर लगभग 9650 ऐसे बच्चों की पहचान की, जो स्कूल से बाहर थे। इसके बाद बच्चों की उम्र के अनुसार माइक्रो प्लानिंग कर चरणबद्ध तरीके से उन्हें स्कूलों से जोड़ा गया।

जब सरकार पहली बार गांवों तक पहुँची

जिन गांवों में आज पढ़ाई हो रही है, वहां पहले कभी सरकारी तंत्र पहुंचा ही नहीं था। स्कूलों के माध्यम से पहली बार वहां सरकारी उपस्थिति दर्ज हुई। ये सिर्फ स्कूल नहीं, सरकार और लोगों के बीच विश्वास की वापसी का पहला कदम हैं।

शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं हो सकता

बीजापुर में यह पहल केवल स्कूल खोलने तक सीमित नहीं है, यह एक शांतिपूर्ण सामाजिक क्रांति है। बुद्धिजीवियों व अफसरों का मानना है कि शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं हो सकता, जो आने वाली पीढ़ियों को हिंसा से दूर रख सके। आज जब गांव के लोग अपने बच्चों को पढ़ने जाते देख रहे हैं, तो वे न केवल गर्वित हैं, बल्कि इस बदलाव के साझेदार भी बन गए हैं। उन्होंने प्रशासन का आभार जताते हुए कहा अब हमारे बच्चे किताबों से अपना भविष्य लिखेंगे।

शिक्षा ही असली बदलाव की चाबी है - बता दे जब प्रशासनिक इच्छाशक्ति, सामाजिक सहयोग और जनभागीदारी एकजुट होती है, तब पहाड़ भी रास्ता बन जाते हैं। ये स्कूल केवल कक्षाएं नहीं हैं, ये आशा की नई दीवारें हैं, जिनके भीतर भविष्य आकार ले रहा है।

आज बेबाक

इसे ही कहते हैं मारो घुटना फूटे आंख। चुनाव आयोग बिहार में मतदाता सूचि की जो गहन जांच करा रहा है उससे बिहार में तो सियासी बवाल मचा ही हुआ है। किन्तु बंगाल ज्यादा उबल रहा है बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एसआईआर के खिलाफ अभी से मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि ये न चलबो। दीदी का दर्द छलकना स्वाभाविक है। बंगाल में तो बहुत बड़ी संख्या में बंग्लादेशी और रोहिंग्या उनके वोट बैंक बने हुए हैं। यदि इन घुसपैठियों पर गाज गिर गई तो खिलाड़ी दीदी इस बार चुनाव में खेला कैसे कर पाएंगी।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन अस्पताल में भर्ती

चेन्नई(आईएएनएस)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को सोमवार को चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया है। अस्पताल ने इसकी जानकारी साझा की है। बताया है कि फिलहाल वो चिकित्सकों की निगरानी में हैं और उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। अपोलो अस्पताल के मेडिकल सर्विसेज निदेशक डॉ. अनिल बी.जी. ने बताया कि मुख्यमंत्री को सुबह टहलने के वक्त हल्का चक्कर महसूस हुआ, जिसके बाद उन्हें ग्रेम्स रोड स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल में उनकी जांच की गई। वर्तमान में वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं और उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, यह एक सामान्य सी स्थिति है।

माओवादियों ने की दो ग्रामीणों की निर्मम हत्या

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र में 20-21 जुलाई की आधी रात में माओवादीयों ने दो ग्रामीणों की तेज धार धार हथियार से हत्या कर फरार हो गए है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20-21 जुलाई की आधी रात में थाना तर्रेम के ग्राम छूटवाई निवासी कवासी जोगा उम्र लगभग 55वर्ष एवं बड़ा तर्रेम निवासी मंगलु कुरसम उम्र 50वर्ष की 4-5 अज्ञात माओवादीयों द्वारा तेज धार धार हथियार से हत्या कर फरार हो गए हैं। थाना तर्रेम घटना की जाँच में जुट गई हैं, जिसके बाद हत्या के कारणों का खुलासा हो पायेगा।

छह वर्षों में बेरोजगारी दर 6 प्रतिशत से घटकर 3.2 प्रतिशत हुई

नई दिल्ली (आईएएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को संसद को बताया कि सरकार ने देश में बेरोजगारी दर को छह वर्षों में 6 प्रतिशत से घटाकर 3.2 प्रतिशत करने और महंगाई को छह वर्षों के निचले स्तर पर लाने के लिए कई उपाय किए हैं। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में वित्त मंत्री ने बताया कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, साथ ही सस्टेनेबल रोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है और विशेष रूप से गरीबों और युवाओं के बीच घरेलू आय में सुधार किया जा रहा है।

लोकसभा व राज्यसभा का मानसून सत्र के पहले दिन भारी हंगामा

'ऑपरेशन सिंदूर' पर राज्यसभा में 9 और लोकसभा में 16 घंटे होगी बहस

नई दिल्ली (आईएएनएस)। संसद के मानसून सत्र का सोमवार से आगाज हो गया है। पहले ही दिन संसद के दोनों सदनों में हंगामा हुआ, जिस वजह से सदन की कार्यवाही को बार-बार स्थगित करना पड़ा। इस बीच, संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर० पर चर्चा के लिए सरकार तैयार हो गई है। लोकसभा में 16 घंटे और राज्यसभा में 9 घंटे इस मुद्दे पर बहस होगी। जानकारी के अनुसार, बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में विभिन्न विधेयकों और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए समय निर्धारित किया गया है। 'ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में 16 घंटे और राज्यसभा में 9 घंटे की चर्चा के लिए सहमति बनी है। इसके अलावा, 'भारतीय डाक विधेयक पर लोकसभा में 3 घंटे की चर्चा का समय तय किया गया है।

50वीं वर्षगांठ पर चर्चा की मांग

साथ ही 'आयकर संशोधन विधेयक पर लोकसभा में 12 घंटे तक विस्तृत चर्चा होगी। इसके अलावा, 'राष्ट्रीय खेल विधेयक पर 8 घंटे की चर्चा निर्धारित की गई है और 'मणिपुर बजट पर 2 घंटे की चर्चा होगी।

शेष पृष्ठ 11 पर



22 मिनट में आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया: मोदी

मानसून सत्र से पहले पीएम मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति का, भारत के सैन्य के सामर्थ्य का रूप देखा है। भारत की सेना ने जो लक्ष्य निर्धारित किया था, वह 100 फीसदी हासिल किया। दुश्मन के घर में घुसकर 22 मिनट में आतंकियों के ठिकानों को नेस्तेनाबूद कर दिया। बिहार के कार्यक्रम के दौरान जो घोषणा की थी, बहुत ही कम समय में सेना वो कर के दिखा दिया। मेक इन इंडिया की ताकत पूरी दुनिया ने देखी है।

राहुल गांधी बोले- विपक्ष के सदस्यों को बोलने की अनुमति नहीं

मानसून सत्र के पहले दिन लोकसभा दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित होने के बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, 'सवाल यह है कि रक्षा मंत्री को सदन में बोलने की अनुमति है, लेकिन विपक्ष के सदस्यों, जिनमें मैं भी शामिल हूं, जो विपक्ष का नेता हूं, को बोलने की अनुमति नहीं है। यह एक नया दृष्टिकोण है। परंपरा कहती है कि अगर सरकार की ओर से लोग बोल सकते हैं, तो हमें भी बोलने की जगह दी जानी चाहिए।

जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने की प्रक्रिया शुरू, लोकसभा में 145, राज्यसभा में 63 सांसदों ने दिया नोटिस

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को उनके पद से हटाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। दिल्ली में मौजूद उनके आवास से जली हुई नकदी के बंडल मिलने के बाद विपक्ष और सत्ता पक्ष के सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को उनके खिलाफ नोटिस सौंपे हैं। यशवंत वर्मा को इस विवाद के बाद दिल्ली हाई कोर्ट से वापस इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया गया है। लोकसभा में 145 सांसदों ने एक साथ मिलकर न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए नोटिस दिया है।

बांग्लादेश एयरफोर्स का एफ-7 ट्रेनर एयरक्राफ्ट क्रैश

कॉलेज की बिल्डिंग पर गिरा 19 की मौत, 70 घायल

ढाका/ए.। बांग्लादेश वायु सेना का एक एफ-7 ट्रेनर विमान आज दोपहर करीब 1:30 बजे (भारतीय समयानुसार 1:00 बजे) ढाका के उत्तरा क्षेत्र में दियाबारी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि ये एयरक्राफ्ट माइलस्टोन कॉलेज के उत्तर कैंपस के अंदर स्थित स्कूल पर गिरा है, जिससे स्कूल और आसपास के इलाके में अफरा तफरी मच गई।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एफ-7 ट्रेनर विमान दोपहर एक बजकर 6 मिनट पर उड़ान भरी और इसके 24 मिनट बाद एक बजकर 30 मिनट पर क्रैश हो गया। हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस घटना की पुष्टि की, लेकिन दुर्घटना के कारणों या हताहतों के बारे में तत्काल जानकारी नहीं दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एफ-7 एक चाइनिज विमान है।

रिपोर्ट के मुताबिक सेना और अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि बांग्लादेश वायु सेना का ट्रेनर विमान ढाका के उत्तरी उत्तरा क्षेत्र में एक स्कूल परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और 70 घायलों को 6 अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। वहीं, हादसे की जानकारी मिलते ही बांग्लादेश सेना के जवान और फायर सर्विस व सिविल डिफेंस की आठ यूनिट घटनास्थल पर पहुंच गई हैं और बचाव कार्य शुरू कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें दोपहर 1:18 बजे माइलस्टोन कॉलेज के पास विमान दुर्घटना की सूचना मिली, जिसके बाद तीन यूनिटों घटनास्थल पर काम कर रही हैं, जबकि दो अन्य यूनिट सड़क पर तैयार हैं।

जगदीप धनखड़ ने दिया उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा

■ स्वास्थ्य का दिया हवाला; राष्ट्रपति को सौंपा त्यागपत्र

नई दिल्ली/ए.। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। धनखड़ ने अपने इस्तीफे में लिखा, 'मैं स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए और डॉक्टरों की सलाह का पालन करते हुए भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं। यह इस्तीफा संविधान के अनुच्छेद 67(ए) के अनुसार है। मैं भारत की माननीय राष्ट्रपति को हार्दिक धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मुझे लगातार सहयोग और एक शांतिपूर्ण कार्य संबंध प्रदान किया। यह मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। सांसदों से मिला स्नेह, विश्वास और अपनापन उन्होंने आगे कहा, 'मैं माननीय प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद का भी आभार प्रकट करता हूं। प्रधानमंत्री का सहयोग मेरे लिए बेहद मूल्यवान रहा है और मैंने अपने कार्यकाल के दौरान उनसे बहुत कुछ सीखा है। धनखड़ ने कहा, मुझे माननीय सांसदों से जो स्नेह, विश्वास और अपनापन मिला, वह मेरे लिए सदा अमूल्य रहेगा और मेरी स्मृति में अंकित रहेगा। मैं इस महान लोकतंत्र में उपराष्ट्रपति के रूप में मिले अमूल्य अनुभवों और ज्ञान के लिए अत्यंत आभारी हूं।

डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर सेवानिवृत्त कर्मचारी से 32 लाख की ठगी

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिले में साइबर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त तुषारकर देवांगन से अज्ञात साइबर अपराधियों ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने और डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर करीब 32,54,996 की ठगी कर डाली। पीड़ित ने इस संबंध में कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया है, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित तुषारकर देवांगन जांजगीर में शंकर नगर कॉलोनी के निवासी हैं। उनके व्हाट्सएप नंबर पर अज्ञात व्यक्तियों ने खुद को सरकारी एजेंसियों का प्रतिनिधि बताकर संपर्क किया और फर्जी डिजिटल अरेस्ट वारंट भेजा। आरोपियों ने दावा किया कि देवांगन

'हमें मुंह खोलने के लिए मजबूर न करें', सुप्रीम कोर्ट की ईडी को लताड़

■ कर्नाटक सीएम की पत्नी को दी राहत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जमकर लताड़ लगाई और ईडी के कथित राजनीतिक रूप से इस्तेमाल होने को लेकर तीखी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सीएम की पत्नी के खिलाफ दायर ईडी की याचिका को खारिज कर दिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा। इस पर खुशी जताते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि आखिरकार न्याय हुआ और मुडा मामले का भी अंत हो गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी पर की तीखी टिप्पणी

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने ईडी की याचिका पर सुनवाई की। ईडी ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उच्च न्यायालय ने कर्नाटक सीएम की पत्नी पार्वती के खिलाफ रूष्द्र घोटाले में कार्रवाई करने पर रोक लगा दी थी। ईडी की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए।

ईडी का दावा-शराब घोटाले में चैतन्य को मिले 16 करोड़ 70 लाख

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को 16 करोड़ 70 लाख रुपए मिलने के साक्ष्य मिले हैं। ईडी के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय से जारी प्रेस बयान में कहा गया है कि 2019 से 2022 के बीच हुए शराब घोटाले में 25 सौ करोड़ की घोटाले की रकम से कई लोगों की जेब भरी गई।

बता दें कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 18 जुलाई को चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया है। चैतन्य को विशेष न्यायालय (पीएमएलए), रायपुर के समक्ष पेश किया गया जहां से न्यायालय ने 5 दिनों के लिए यानी 22 जुलाई तक ईडी की हिरासत में भेज दिया।

ईडी ने छत्तीसगढ़ राज्य में शराब घोटाले में एसीबी/ईओडब्ल्यू, रायपुर, छत्तीसगढ़ द्वारा आईपीसी, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की। जांच से पता चला है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ। करीब 2500 करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला किया गया। ईडी जाँच से पता चला है कि चैतन्य बघेल

शेष पृष्ठ 11 पर

शराब-घोटाला: सीए समेत 3 आरोपी ईओडब्ल्यू रिमांड पर

रकम की हेराफेरी मामले में होगी पूछताछ, साव बोले-कांग्रेस ने लखमा को बलि का बकरा बनाया

रायपुर/नवप्रदेश। शराब घोटाला केस में ईओडब्ल्यू ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें चार्टड अकाउंटेंट संजय कुमार मिश्रा, उसके भाई मनीष मिश्रा और अभिषेक सिंह शामिल हैं। अभिषेक आबकारी घोटाले के आरोपी अरविंद सिंह का भतीजा है। ईओडब्ल्यू ने चार्टड अकाउंटेंट अभिषेक समेत तीनों आरोपियों को रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 5 दिन की रिमांड पर भेजा है। 26 जुलाई तक ईओडब्ल्यू पूछताछ करेगी। ईओडब्ल्यू का दावा है कि आरोपियों के पास घोटाले में लेन-देन, रकम की हेराफेरी और अहम दस्तावेज की जानकारी

शेष पृष्ठ 11 पर

पूर्व सीएम के बेटे को ईडी ने किया गिरफ्तार

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर कस्टोडियल रिमांड पर लिया है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम उनसे लगातार पूछताछ कर रही है। 22 जुलाई को चैतन्य बघेल की कस्टोडियल रिमांड खत्म हो रही है। 5 दिनों की पूछताछ के बाद उन्हें मंगलवार को दोपहर 3 बजे के बाद रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा।

1000 करोड़ से ज्यादा ब्लैक मनी की हैंडलिंग

ईडी के मुताबिक लीकर स्कैम में पूछताछ में शराब कारोबारी लक्ष्मी नारायण बंसल उर्फ पप्पू ने ईओडब्ल्यू को बयान दिया था कि, उसने और चैतन्य बघेल ने मिलकर 1000 करोड़ से ज्यादा घोटाले की रकम को हैंडल किया। यह कैश अनवर ढेबर ने दीपेन चावड़ा को पहुंचाया। यह पैसा बाद में राम गोपाल अग्रवाल को दिया गया। इसकी व्यवस्था चैतन्य बघेल के साथ मिलकर की गई और चैतन्य बघेल के कहने पर 1000 करोड़ में से 100 करोड़ नकद केके श्रीवास्तव को दिया गया। पप्पू बंसल ने पूछताछ में ये भी स्वीकर किया है कि शराब घोटाले से उसे 3 महीने में 136 करोड़ रुपए मिले हैं।

ईडी कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदेशव्यापी चक्का जाम आज

■ 33 जिलों में आर्थिक नाकेबंदी, रायपुर में नेशनल हाईवे करेंगे जाम, भूपेश-बैज-मंहत समेत नेता होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के खिलाफ सोमवार को प्रदेशभर में चक्का जाम करने का ऐलान किया है। कांग्रेस यह विरोध प्रदर्शन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में कर रही है। कांग्रेस की ओर से बताया गया है कि मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्रदेश के हर जिले के मुख्यालयों में सड़क जाम कर प्रदर्शन किया जाएगा। इस आंदोलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। रायपुर जिले में वीआईपी चौक के पास नेशनल हाईवे को जाम किया जाएगा। इसके साथ ही धरसींवा में भी हाईवे पर चक्का जाम कर प्रदर्शन होगा।

विपक्षी नेताओं कों बनाया जा रहा निशान: कांग्रेस का आरोप है कि केंद्र सरकार श्वष्ठ जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है और डराने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि शराब घोटाले के नाम पर चल रही जांच का असली मकसद कांग्रेस को कमजोर

शेष पृष्ठ 11 पर

रियासी में वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले पुराने मार्ग पर भूस्खलन, एक श्रद्धालु की मौत

जम्मू/ए.। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में माता वैष्णो देवी मंदिर के पुराने यात्रा मार्ग पर सोमवार सुबह भारी भूस्खलन हुआ, जिसमें एक श्रद्धालु की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि यह भूस्खलन त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा शहर में हुई भारी बारिश के कारण हुआ है। यह घटना सुबह लगभग 8.50 बजे बाणगंगा के पास गुलशन का लंगर में हुई। यह यात्रा का प्रारंभिक बिंदु है। यहां ज्यादातर टट्टू सवार पुराने मार्ग पर इकट्ठा होते हैं। अधिकारियों ने बताया कि तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया और चार फंसे हुए तीर्थयात्रियों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भूस्खलन हो गया, जिससे पिठ्ठू पालकी काउंटर पर सात श्रद्धालु घायल हो गए।

अंतिम रिपोर्ट मिलने तक बचाव अभियान जारी था। श्री माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग के बाणगंगा क्षेत्र में भूस्खलन हुआ है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अनुसार, मलबा हटाने का कार्य जारी है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

इनमें से तीन को गंभीर स्थिति में नारायणा अस्पताल भेजा गया है, जबकि बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। फिलहाल यात्रा को दोपहर 1 बजे तक के लिए रोका गया है। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि यात्रा की योजना बनाने से पहले मौसम और स्थिति की जानकारी जरूर लें। अभी तक किसी की मृत्यु की सूचना नहीं है। श्राइन बोर्ड के सीईओ सचिन शर्मा ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन तेजी से चल रहा है और ट्रैक से मलबा हटाने का काम भी किया जा रहा है ताकि यात्रा जल्द से जल्द सुरक्षित रूप से बहाल हो सके। वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर हुए भूस्खलन को लेकर भाजपा विधायक बलदेव राज ने कहा कि यह कोई अचानक हुआ हादसा नहीं, बल्कि देश के कई हिस्सों में आई बाढ़ जैसी ही एक प्राकृतिक आपदा का हिस्सा है।

पीएम इंटर्नशिप स्कीम के तहत बड़ी कंपनियों ने युवाओं को 1.53 लाख से ज्यादा प्रस्ताव दिए

नई दिल्ली(आईएएनएस)। वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि अक्टूबर 2024 में शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप स्कीम (पीएमआईएस) के पहले दो चरणों के दौरान देश की शीर्ष कंपनियों ने युवाओं को 1.53 लाख से ज्यादा प्रस्ताव दिए। वित्त मंत्री ने एक लिखित उत्तर में बताया कि पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के पहले चरण में, साझेदार कंपनियों ने देश भर के पीएमआईएस पोर्टल पर 1.27 लाख से ज्यादा इंटर्नशिप के अवसर पोस्ट किए। इसके सापेक्ष, लगभग 1.81 लाख उम्मीदवारों से 6.21 लाख से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए। साझेदार कंपनियों ने 60,000 से ज्यादा उम्मीदवारों को 82,000 से ज्यादा इंटर्नशिप के प्रस्ताव दिए, जिनमें से 28,000 से ज्यादा उम्मीदवारों ने इंटर्नशिप में शामिल होने के प्रस्ताव स्वीकार किए और 8,700 से ज्यादा उम्मीदवार उनकी इंटर्नशिप में शामिल हुए। उन्होंने आगे बताया कि 9 जनवरी, 2025 को शुरू हुई पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट परियोजना के दूसरे दौर में, लगभग 327 साझेदार कंपनियों ने देश के 735 जिलों में 1.18 लाख से अधिक इंटर्नशिप अवसर (नए और पिछले दौर के संपादित खाली अवसर) पोस्ट किए हैं। इस दौर में 2.14 लाख से अधिक आवेदकों से 4.55 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। 17 जुलाई, 2025 तक, साझेदार कंपनियों ने युवाओं को 71,000 से अधिक प्रस्ताव दिए हैं और 22,500 से अधिक प्रस्ताव स्वीकार किए जा चुके हैं।

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, ÷वर्तमान में, प्रस्तावों की शुरुआत और इंटर्न द्वारा स्वीकृति/ज्वाइनिंग की प्रक्रिया जारी है।

मानसून सत्र से पहले पीएम मोदी ने मीडिया को किया संबोधित

ऑपरेशन सिंदूर रहा कामयाब, आतंकियों के ठिकानों को किया जमींदोज: पीएम मोदी

नई दिल्ली(आईएएनएस)। संसद के मानसून सत्र की कार्यवाही से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पत्रकारों को संबोधित किया। डिफेंस, इकोनॉमी, नक्सलवाद समेत कई विषयों पर विचार साझा कर कहा कि ये सत्र विजयोत्सव का है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सेना ने जो लक्ष्य निर्धारित किया था, वह 100 फीसदी पूरा किया गया। आतंकी आकाओं के घर जाकर 22 मिनट में ऑपरेशन सिंदूर के तहत उनके ठिकानों को जमींदोज किया गया। हमने यह सिद्ध करके दिखा दिया। इस अभियान के दौरान मेड इन इंडिया सैन्यशक्ति का नया स्वरूप दिखा है। विश्व भर में मेड इन इंडिया के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि ये मानसून सत्र राष्ट्र के लिए बहुत ही गौरवपूर्ण सत्र है। यह मानसून राष्ट्र के लिए विजयोत्सव का रूप है। पहली बार अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत का तिरंगा का लहराना हर देशवासी के लिए गौरव का पल है। देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार के प्रति नया उमंग और उत्साह भरने वाली यात्रा रही है। पूरे संसद, दोनों सदन और देशवासी जिस गौरव का अनुभव कर रहे हैं, उसमें एक स्वर से जुड़ेंगे और इसका यशगान होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश कई प्रकार की हिंसक वारदातों का शिकार रहा है, चाहे आतंकवाद हो या नक्सलवाद। कोई शुरुआत में हुआ, कोई बाद में, आज नक्सलवाद-माओवाद का दायरा तेजी से सिकुड़ रहा है।

इसे जड़ से उखाड़ने के संकल्प के साथ एक नए आत्मविश्वास और तेज गति से सफलता की ओर कदम रख रहे हैं। मैं गर्व से कह सकता हूं कि देश में सैकड़ों जिले आज मुक्ति की सांस ले रहे हैं। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने इस बात पर भी जोर दिया कि यह सत्र केवल कानून बनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश की प्रगति और गौरव को विश्व पटल पर स्थापित करने का उत्सव है।

'ग्रीन ग्रोथ जोन' उज्ज्वल भविष्य का संकेत

पीएम मोदी ने कहा कि बम, बंदूक और पिस्तौल के सामने भारत का संविधान विजयी हो रहा है। पहले जो क्षेत्र 'रेड कॉरिडोर' के नाम से जाने जाते थे, वे अब 'ग्रीन ग्रोथ जोन' में बदल रहे हैं, जो देश के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। वहीं, आर्थिक प्रगति को लेकर उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में दसवें स्थान पर था, लेकिन आज यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने इस प्रगति को देश की मेहनत और नीतियों का परिणाम बताया।

पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को लोकसभा में श्रद्धांजलि

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को संसद ने सोमवार को श्रद्धांजलि दी। वहीं, अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को भी मॉनसून सत्र के पहले दिन राज्यसभा ने श्रद्धांजलि दी है।

डॉ. ऐनुल बरौलवी को मिला नेल्सन मंडेला नोबेल पीस अवार्ड-2025

छपरा/नवप्रदेश। नबी मोहम्मद कॉलोनी ब्रह्मपुर , छपरा निवासी हिंदी , भोजपुरी और उर्दू के नामचीन शायर , अदीब और समाजसेवी डॉ. ऐनुल बरौलवी को नेल्सन मंडेला नोबेल पीस अवार्ड-2025 से नवाज़ा गया है। नेल्सन मंडेला अंतरराष्ट्रीय दिवस 18 जुलाई को डॉ. ऐनुल बरौलवी को यह अवार्ड मिला है। यूनाइटेड वर्ल्ड पीस काउंसिल (यू डबल्यू पी सी) द्वारा वर्चुअल सेमिनार वर्ल्ड पीस एंड सोशल जस्टिस विषय पर आयोजित किया गया था। इस अवसर पर डॉ.ऐनुल बरौलवी को यूनाईटेड वर्ल्ड पीस काउंसिल की ओर से उनके ग्लोबल लीडरशिप , वर्ल्ड पीस , सोशल जस्टिस एवं मानवता के लिए उल्लेखनीय कार्य करने हेतु नेल्सन मंडेला नोबेल पीस अवार्ड -2025 से सम्मानित किया गया है। यूनाइटेड वर्ल्ड पीस काउंसिल यह वर्चुअल सेमिनार ग्लोबल अवार्ड एण्ड रिकॉग्निशन काउंसिल तथा दूसरे इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन के साथ मिलकर आयोजित किया था। चेयरमैन , ग्लोबल अवार्ड एण्ड रिकॉग्निशन काउंसिल इस आयोजन के सूत्रधार हैं। विदित हो कि डॉ ऐनुल बरौलवी बज़्म-ए-हबीब (साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था) और हबीब भोजपुरी विकास मंच (साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थान) के संस्थापक सचिव हैं। जिसके माध्यम से देश-विदेश के लोगों को साहित्यिक , सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु निरंतर सम्मानित किया जाता है।

ममता बनर्जी के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुको में सुनवाई टली

नई दिल्ली (आईएएनएस)। पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई टल गई है। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 4 हफ्ते बाद निर्धारित की है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि इस अवमानना मामले में अभी अटॉर्नी जनरल से सहमति मिलने का इंतजार है, इसलिए सुनवाई को स्थगित करने की मांग की गई, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। यह याचिका आत्मदीप नाम की संस्था ने दायर की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि पश्चिम बंगाल सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर रही है। कोर्ट ने शिक्षक भर्ती घोटाले में भ्रष्टाचार के चलते कई शिक्षकों की नियुक्तियां रद्द करने का आदेश दिया था, लेकिन ममता बनर्जी की सरकार ने इस आदेश का पालन नहीं किया। याचिका में दावा किया गया कि ममता बनर्जी ने 7 अप्रैल 2025 को अपने भाषण में ऐसी बातें कही थीं जो सुप्रीम कोर्ट की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली थीं।

सदन में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विपक्ष के मुद्दों पर चर्चा को तैयार हूं'

■ पहलगाम हमले सहित राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर विस्तृत बहस के लिए पूरी तरह तैयार

नई दिल्ली(आईएएनएस)। लोकसभा के मानसून सत्र में सोमवार को बार-बार व्यवधान देखने को मिला। विपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले पर तत्काल चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी की। इसके चलते लोकसभा की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। पहले दोपहर 12 बजे तक और फिर दोपहर 2 बजे तक।

हंगामे के बावजूद, केंद्र सरकार ने कहा कि वह विपक्ष की ओर से उठाए गए सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सदन को आश्वासन दिया कि सरकार पहलगाम हमले सहित राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर विस्तृत बहस के लिए पूरी तरह तैयार है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं सांसदों को भरोसा दिलाता हूं कि सुरक्षा से जुड़े किसी भी मुद्दे पर, चाहे चर्चा कितनी भी लंबी क्यों न हो, हम पूरी तरह से चर्चा के लिए तैयार हैं। जब भी स्पीकर समय देंगे, हम चर्चा में भाग लेंगे।

यह बात उन्होंने उस समय कही जब विपक्षी सांसदों ने पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संसद में गैरहाजिरी पर सवाल उठाए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि दोपहर 2:30 बजे बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) की बैठक होगी, जिसमें चर्चा के लिए मुद्दों की लिस्ट तय की जाएगी।

रिजिजू ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में यह तय हुआ था कि इस सत्र में ज्यादा से ज्यादा चर्चा होनी चाहिए। सरकार चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष के सांसद सदन के वेल में आकर विरोध कर रहे हैं। सत्र के पहले ही दिन इस तरह का विरोध करना ठीक नहीं है। अगर किसी को कोई मुद्दा उठाना है तो उसे नियमों के तहत चर्चा करनी चाहिए।

इससे पहले, स्पीकर ओम बिरला ने शुरुआती व्यवधान के बाद लोकसभा की कार्यवाही दोपहर तक के लिए स्थगित कर दी। कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर भी हंगामा जारी रहा, तो ओम बिरला की गैरमौजूदगी में पीठासीन जगदंबिका पाल को सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए फिर से स्थगित करनी पड़ी।

मुंबई ट्रेन सीरियल ब्लास्ट केस वाहिद ने कहा-'हाईकोर्ट के फैसले से बेगुनाही साबित'

मुंबई(आईएएनएस)। मुंबई में वर्ष 2006 के सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया। ट्रेन विस्फोट मामले में आरोपी रहे डॉ. वाहिद शेख ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि 2006 में, एटीएस ने इस मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया था और मुझे भी आरोपी बनाया गया था। 13 निर्दोष लोगों को जेल में डाल दिया गया था। सत्र न्यायालय में नौ साल तक मुकदमा चला और 2015 में फैसला सुनाया गया।

दिल्ली हाईकोर्ट को मिले 6 नए जज, मुख्य न्यायाधीश ने दिलाई शपथ

नई दिल्ली(आईएएनएयस)। दिल्ली हाईकोर्ट में सोमवार को 6 नए न्यायाधीशों ने शपथ ली। इनमें न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव, न्यायमूर्ति नितिन वासुदेव साम्ब्रे, न्यायमूर्ति विवेक चौधरी, न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल, न्यायमूर्ति अरुण मोंगा और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला शामिल हैं। शपथ समारोह में दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने सभी नए जजों को शपथ दिलाई। इस नियुक्ति के बाद दिल्ली हाईकोर्ट में जजों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है, जबकि स्वीकृत पदों की कुल संख्या 60 है। ये सभी जज सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश और केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद अन्य हाईकोर्टों से दिल्ली हाईकोर्ट में स्थानांतरित किए गए हैं। न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव का नाम सबसे खास है, जो मई 2024 में कर्नाटक हाईकोर्ट गए थे और अब अपने मूल कोर्ट, दिल्ली हाईकोर्ट, में लौट आए हैं। उन्हें अप्रैल 2013 में दिल्ली हाईकोर्ट का अतिरिक्त जज और मार्च 2015 में स्थायी जज बनाया गया था। न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट से आए हैं। उन्होंने 1988 में चंडीगढ़ में वकालत शुरू की थी और 2014 में सीनियर एडवोकेट बने। जुलाई 2017 में उन्हें अतिरिक्त जज नियुक्त किया गया था। न्यायमूर्ति अरुण मोंगा राजस्थान हाईकोर्ट से स्थानांतरित हुए हैं। उन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से कानून की डिग्री ली और 1991 में वकालत शुरू की। 1997-98 में दिल्ली आए और अक्टूबर 2018 में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में जज बने।

उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक बरकरार रखी

सूचना मंत्रालय की कमेटी ने दिए 6 बदलाव के सुझाव

नई दिल्ली (आईएएनएस)। राजस्थान के उदयपुर में हुए कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक बरकरार रखी है। इसके अलावा, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की पांच सदस्यीय जांच कमेटी ने फिल्म में छह बदलाव करने के सुझाव दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को इन सुझावों की कॉपी याचिकाकर्ताओं को सौंपने और अगली सुनवाई 24 जुलाई को करने का निर्देश दिया है। तब तक फिल्म की रिलीज पर रोक जारी रहेगी।

दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश पर गठित जांच कमेटी ने फिल्म के डिस्क्लेमर में बदलाव, वॉयस ओवर जोड़ने और कुछ क्रेडिट फ्रेम हटाने की सलाह दी है।

इसके अलावा, सऊदी अरब में इस्तेमाल होने वाली पगड़ी के एआई-जनरेटेड सीन में बदलाव, नूपुर शर्मा के प्रतीकात्मक नाम 'नूतन शर्मा' को हटाकर नया नाम इस्तेमाल करने और उनके डायलॉग ÷मैंने तो वही कहा है जो उनके धर्म ग्रंथों में लिखा है÷ को हटाने का सुझाव दिया गया है। साथ ही, बलूची समुदाय से जुड़े तीन डायलॉग भी हटाने को कहा गया है, जिनमें हाफिज, बलूची कभी वफादार नहीं होता , मकबूल बलूची की... अरे क्या बलूची, क्या अफगानी, क्या हिंदुस्तानी, क्या पाकिस्तानी जैसे डायलॉग शामिल हैं।

सीएम सिद्दारमैया ने भाजपा और जेडीएस से की माफी की मांग

बेंगलुरु(आईएएनएस)। मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखने और ईडी के नोटिस को रद्द करने के बाद, मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने भाजपा और जेडी(एस) से सार्वजनिक माफी की मांग की है। उन्होंने कहा कि दोनों दल जनता से माफी मांगें, क्योंकि उन्होंने इस मुद्दे पर झूठे आरोप लगाए थे। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सोमवार को कहा, अगर राज्य में भाजपा और जेडी(एस) के नेताओं में थोड़ी भी गरिमा और आत्मसम्मान बचा है, तो उन्हें एमयूडीए मामले में मेरे और मेरे परिवार पर लगाए गए झूठे आरोपों के लिए तुरंत जनता से माफी मांगनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, ÷सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला, जिसमें ईडी की उस अपील को खारिज कर दिया गया, जिसमें एमयूडीए साइट आवंटन मामले में मेरी पत्नी बी.एम. पार्वती की जांच की मांग की गई थी।

एंटीबायोटिक प्रतिरोध का बढ़ता खतरा, 2050 तक ढाई गुना अधिक हो सकती है की लागत

नई दिल्ली(आईएएनएस)। एक नई स्टडी के मुताबिक, एंटीबायोटिक दवाओं का असर कम होने के कारण न केवल मौतों की संख्या बढ़ सकती है, बल्कि इलाज की लागत भी मौजूदा 66 अरब डॉलर (लगभग 5.5 लाख करोड़ रुपये) प्रति वर्ष से बढ़कर 2050 तक 159 अरब डॉलर प्रति वर्ष हो सकती है। सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट के एक नए अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है। जब हम एंटीबायोटिक दवाओं का गलत या बहुत ज़्यादा इस्तेमाल करते हैं, तो बैक्टीरिया उन दवाओं के खिलाफप्रतिरोधी हो जाते हैं। इन प्रतिरोधी बैक्टीरिया को सुपरबग्स कहते हैं जो सामान्य दवाओं पर असर नहीं होने देते। इससे अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या और इलाज की अवधि बढ़ जाती है और उनका इलाज भी ज़्यादा मुश्किल और महंगा हो जाता है। अध्ययन के अनुसार, यह समस्या खासकर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में ज्यादा गंभीर होगी, जहां संसाधन सीमित हैं।

लोकसभा | मानूसन सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के कारण हुई बार-बार स्थगित

पहलगाम, ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को लेकर विपक्षी सांसदों ने की नारेबाजी

■ मैं विपक्ष का नेता हूं, लेकिन मुझे सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा

नई दिल्ली(आईएएनएस)। संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। पहले ही दिन हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही को बार-बार स्थगित करना पड़ा। विपक्षी सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम हमले पर चर्चा सदन में चर्चा कराने की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। जिसके चलते लोकसभा स्पीकर ने सदन की कार्यवाही पहले 12 बजे फिर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसी बीच लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए बड़ा बयान दिया है। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मैं विपक्ष का नेता हूं, लेकिन मुझे सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित होने के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, सवाल ये है कि जो सदन में रक्षा मंत्री को बोलने देते हैं, उनके लोगों को बोलने देते हैं, लेकिन अगर विपक्ष का कोई नेता कुछ कहना चाहता है तो अनुमति नहीं है। मैं विपक्ष का नेता हूं, मेरा हक है, तो मुझे कभी बोलने ही नहीं देते हैं। ये एक नया एप्रोच है।'' उन्होंने आगे कहा कि परंपरा कहती है कि यदि सरकार की तरफसे लोग बोल सकते हैं, तो हमें भी बोलने की जगह मिलनी चाहिए। हम दो शब्द कहना चाहते थे, मगर विपक्ष को इसकी इजाजत नहीं है। वहीं, पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों की नारेबाजी पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है। आज बिजनेस एडवाइजरी कमेटी का टाइम तय किया हुआ है। ढाई बजे सारे मेंबर्स की बैठक होगी, जिसमें किस-किस मुद्दे पर चर्चा करनी है, ये तय होगा।

भाजपा का पलटवार : संसद नियम से चलती है

नई दिल्ली(आईएएनएस)। राहुल गांधी ने दावा किया कि विपक्ष के नेता के रूप में उन्हें संसद में बोलने का अवसर नहीं दिया जा रहा है। इस पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा, "संसद में बोलने की व्यवस्था संवैधानिक प्रक्रियाओं के अनुसार होती है।" शेखावत ने कहा, "सदन में व्यवस्था तय करने का अधिकार पीठासीन अधिकारी के पास है। लोकसभा अध्यक्ष ने सभी पक्षों से प्राप्त सुझावों पर विचार करने के बाद उचित निर्णय लिया है। मुझे लगता है कि राहुल गांधी को पहले दिन से ही उनके परिवार के विशेषाधिकार (प्रिविलेज) के कारण जो सुविधाएं मिलती रही हैं, अब वह नहीं मिल रही हैं, जिसका उन्हें दुख हो रहा है।"

पुत्र मोह में भूपेश ने पूरी कांग्रेस को सड़कों पर झोंका: अमर अग्रवाल

भूपेश के बेटे कौन से पद पर, जो कांग्रेस कर रही प्रदर्शन, भ्रष्टाचारियों को बचाने कांग्रेस कर रही जनता को परेशान

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नगर के विधायक पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस बताएं कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल कांग्रेस के किस पद पर है जिस व्यक्ति का कांग्रेस में कोई पद नहीं उसे व्यक्ति के लिए पूरी कांग्रेस प्रदेश में प्रदर्शन कर रही है इसका साफ मतलब है भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस को पुत्र मुंह में झोंक दिया है।

अमर अग्रवाल ने कहा हमने पहले भी बड़े-बड़े ऐसे उदाहरण देखें हैं जिसमें लोगों ने पुत्र मोह में खुद को भी बर्बाद किया और अपने पूरे साम्राज्य को भी बर्बाद किया भूपेश बघेल इस दिशा में काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भूपेश बघेल और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रही है और साथ ही उनका आर्थिक रूप से नुकसान भी करने जा रही है जो की प्रदेश की जनता स्वीकार नहीं करेगी। कोल ब्लॉक आवंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दाफाश हो गया है। भाजपा ने पत्रकार वार्ता के माध्यम से तथ्यों एवं दस्तावेज प्रेजेंटेशन के कांग्रेस के झूठ को एक बार फिर बेनकाब किया है। श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस चोरी और सीनाजोरी का उदाहरण बार-बार प्रस्तुत कर रही है। आप सबको पता होगा कि अपने शासनकाल के पाँच वर्ष में भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना दिया था। उन्होंने ने कहा कि शराब घोटाले, कोयला घोटाले, चावल घोटाले, गोठान घोटाले से लेकर पीएससी घोटाले तक में इसने प्रदेश के संसाधनों को जम कर लूटा था, आज इन घोटालों के आरोपी एक एक कर नप रहे हैं। सभी जेल जा रहे हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि बेवजह जिस तरह अपराधियों के विरुद्ध हो रही कानून सम्मत कार्रवाई को कहीं और मोड़ा जा रहा है, वह दुर्भाग्यजनक और कांग्रेस में हिप्पोक्रेसी का सबसे बड़ा नमूना है।

कोयला आबंटन के लिए कई पत्र लिखे, परमिशन दिलवाई

31 मार्च 2021 को ओपन कास्ट गारे पेलमा सेक्टर-2, मांड-रायगढ़ कोलफील्ड के लिए हुआ समझौता भी सबके सामने है। इसी क्रम में 19 अप्रैल 2022 को भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री रहते ही कांग्रेस सरकार द्वारा वन स्वीकृति स्टेज-1 और 23 जनवरी 2023 को वन स्वीकृति स्टेज-2 के लिए सिफारिश भेजी गई। उन्होंने यह भी कहा कि महाजेंको कोल फील्ड की स्वीकृति में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संलिप्तता को लेकर तब अनेक अखबारों ने समाचार भी प्रकाशित किए थे। 25 मार्च 2022 को भूपेश सरकार ने राजस्थान में अशोक गहलोत की सरकार के रहते राजस्थान को कोल माइंस का आबंटन किया था। श्री अमर ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार रही तब राजस्थान के तत्कालीन मंत्री बी डी कल्ला ने भूपेश बघेल को पत्र लिखा और राजस्थान के तत्कालिक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक सप्ताह के भीतर कई पत्र लिखे कोल ब्लॉक आंबटन के लिए। जिसे छत्तीसगढ़ और देश की जनता ने देखा है।

विधायक अमर का कांग्रेस से सवाल

- क्या वह मनमोहन सिंह सरकार के समय हुए निर्णयों के लिए आज माफ़ी मांगेंगे?
- क्या भूपेश बघेल यह घोषणा करेंगे कि अब कांग्रेस कभी बिजली का उपयोग नहीं करेगी, क्योंकि स्वयं यह कह चुके हैं कि विरोध करने वाले अपने घर की बिजली बंद कर दें।
- क्या कांग्रेस हर अपराधी के पक्ष में ऐसे ही खड़ी होगी, जैसे आज पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे के लिए हुई है?

पीएचई के अभियंताओं के लिए बीआईएस की आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री हुए शामिल

तेजी से बदलती दुनिया में नए मानकों और नवाचारों की जानकारी जरूरी: अरुण साव

बिलासपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव आज भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अभियंताओं के लिए आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम में शामिल हुए। भारतीय मानक ब्यूरो के रायपुर कार्यालय द्वारा रायपुर के नवीन विश्राम भवन में 21 जुलाई और 22 जुलाई को दो दिवसीय इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

देशभर से आए विषय विशेषज्ञ कार्यक्रम में पीएचई के अभियंताओं को जल प्रदाय योजनाओं में प्रयुक्त सामग्री और कार्यों के नए मानकों की जानकारी दे रहे हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रदेशभर के 120 से अधिक अभियंता इसमें हिस्सा ले रहे हैं जिनमें मुख्य अभियंता से लेकर अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता और सहायक अभियंता शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने क्षमता निर्माण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभियंताओं से कहा कि तेजी से बदलती दुनिया में नए मानकों और नवाचारों से अपडेट रहना जरूरी है। एक इंजीनियर के रूप में सम-सामयिक तकनीकी पहलुओं और उनके नवीन मापदंडों की जानकारी आवश्यक है। कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के लिए इनकी अच्छी जानकारी काफी मददगार होती है। उन्होंने भारतीय मानक ब्यूरो को क्षमता निर्माण कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे हमारे अभियंताओं की दक्षता और क्षमता बढ़ेगी। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का कार्य सीधे जन कल्याण से जुड़ा हुआ है। चाहे वह स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था हो, जल शोधन की प्रक्रिया हो या ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जल आपूर्ति तंत्र को सुदृढ़ बनाना हो। इन कार्यों की प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि हम मानकों का कितना पालन करते हैं और तकनीकी ज्ञान को कितनी सफलता से धरातल पर उतारते हैं।

बीआईएस के ये विशेषज्ञ दे रहे जानकारी

रिसोर्स पर्सन के रूप में भारतीय मानक ब्यूरो के विशेषज्ञ सर्वश्री फालेन्द्र कुमार, राजेश कुमार दास, देवेन्द्र सिंह धपोला, आर.पी. देवांगन, डॉ. एन. मुरली मोहन और डॉ. मयूर जे. कपाड़िया लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के इंजीनियरों को जल प्रदाय प्रणाली और रेन वाटर हार्वेस्टिंग से संबंधित नए मानकों और मापदंडों की जानकारी दे रहे हैं।

कार्यक्रम में इनसे संबंधित मानकों की दी जाएगी जानकारी

भारतीय मानक ब्यूरो के विशेषज्ञ दो दिनों तक चलने वाले क्षमता निर्माण कार्यक्रम में पीएचई के अभियंताओं को भवन उपयोगिता में वृद्धि हेतु जल आपूर्ति, जल निकासी एवं स्वच्छता के लिए श्रेष्ठ व्यवहार, सेवाओं एवं संसाधनों का अनुकूलन- पेयजल आपूर्ति सेवाएं और परिसंपत्ति प्रबंधन प्रणाली, सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पेयजल की गुणवत्ता, नमूनाकरण एवं परीक्षण में मानकों की भूमिका, सतत संचयन- वर्षा जल प्रबंधन में बीआईएस मानकों की भूमिका, आधुनिक स्वच्छता समाधान- रोटेशनल मोल्डेड पॉलीएथिलीन सेप्टिक टैंक और आईएस 18666, ओवरहेड टैंक, सिविल संरचनाएं (धातु, सीमेंट, आरसीसी), पैकेज्ड जल उपचार संयंत्र (पारंपरिक व अपरंपरागत), दक्षता का अनुकूलन- अपशिष्ट जल आपूर्ति नेटवर्क में परिसंपत्ति प्रबंधन, पाइप सामग्री (डीआई, सीआई, पीवीसी व एचडीपीई) तथा पंपिंग प्रणालियों में मानकीकरण के माध्यम से उत्कृष्टता प्राप्त करने के बारे में जानकारी देंगे।

जय वंदेमातरम् संगठन की कावड़ यात्रा को लेकर हुई बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। जय वंदेमातरम् संगठन के द्वारा भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन 28 जुलाई को किया जा रहा है। इस आयोजन का यह तृतीय वर्ष है तैयारी को अंतिम स्वरूप देने के लिये संगठन की आवश्यक बैठक खाटू श्याम मंदिर में सम्पन्न हुई। जय वंदेमातरम् संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजू सलूजा व प्रदेश संयोजक राजेंद्र सिंह ने बताया कि संगठन के द्वारा विगत दो वर्षो से बिलासपुर के शिव भक्ति मे लीन ऐसे भक्त जो किसी कारणवश सावन के पवित्र माह होने वाले कावड़ यात्रा से वंचित रह जाते हैं उनके जय वंदेमातरम् के द्वारा कावड़ निकली गई जैसा कि हम सभी जानते हैं भगवान शिव को एक लौटा जल से ही प्रसन्न कर किया जा सकता। इस वर्ष कावड़ यात्रा को वृहद स्वरूप देने के लिये संगठन ने गाजे बाजे के साथ आकर्षक झांकियों भी बनाई जा रही है आकर्षक और वृहद कावड़ भी बनाया जा रहा है । संगठन के डॉ रजनीश पाण्डे ने भी संबोधित करते हुये बताया कि समुद्र मंथन के दौरान निकले हलाहल विष को भगवान शिव ने पिया था, और देवताओं ने उन्हें शांत करने के लिए गंगाजल चढ़ाया था, जिससे कावड़ यात्रा की शुरुआत हुई। कावड़ यात्रा भगवान शिव के प्रति भक्तों की अटूट श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। सावन के महीने में कावड़ यात्रा एक धार्मिक उत्साह का माहौल बनाती है, जिसमें भक्त नाचते-गाते, भजन गाते हुए अपनी यात्रा पूरी करते हैं।

नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस पार्षदों के लिए विकास भवन में बैठक कक्ष नहीं

■ **कांग्रेस पार्षदों ने विकास भवन में कार्यालय बनाकर दिया धरना**

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम में आज उस समय हड़कंप किया जब नेता प्रतिपक्ष भारत कश्यप अपने कांग्रेस पार्षदों के साथ विकास भवन के मुख्य द्वार में कार्यालय बनाकर जमीन में धरने पर बैठ गए। फरवरी में नगर निगम के चुनाव के बाद नेता प्रतिपक्ष तथा कांग्रेस पार्षदों को आज तक विकास भवन में बैठक कक्ष की व्यवस्था नहीं की गई जिसके विरोध में आज कांग्रेस पार्षदों ने विकास भवन के सामने सामने धरना प्रदर्शन किया और हितग्राहियों के कामकाज यहीं पर जमीन पर बैठकर निपटाए। नगर निगम के द्वारा कांग्रेस पार्षदों को आवंटन कक्षा को कक्षा का आवंटन नहीं करने के मामले में विरोध प्रदर्शन किया।

नगरीय का चुनाव के 5 महीने बाद भी कांग्रेस पार्षद दल तथा नेता प्रतिपक्ष को विकास भवन में चेंबर नहीं मिला आज नाराज नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद विकास भवन के सामने धरना दिया और कहा कि यदि उन्हें नेता यदि उन्हें विकास भवन में जब तक बैठने की व्यवस्था नहीं की जाती तब तक विकास भवन के सामने जमीन पर बैठकर कामकाज करेंगे। भरत कश्यप ने कहा है कि बिलासपुर नगर निगम को जो स्वच्छता अभियान में देश में दूसरे नंबर का

स्वच्छता पुरस्कार कांग्रेस सरकार की देन

भरत कश्यप, संतोषी रामा बघेल, पुष्पेंद्र साहू ने कहा है कि महापौर ने जो दिल्ली में स्वच्छता में देश में दूसरे नंबर का पुरस्कार ग्रहण किया है वह कांग्रेस कार्यकाल का काम था। शहर विकास में भाजपा कांग्रेस नहीं होना चाहिए जनता ने भाजपा का महापौर बनाया लेकिन कांग्रेस पार्षद दलों को भी वार्ड की जिम्मेदारी दी है अब विकास भवन में बैठक व्यवस्था नहीं होने के कारण नगर निगम के कामकाज करने में कठिन हो रही है और इसलिए बैठक कक्ष की मांग कर रहे हैं और आज विकास भवन के सामने धरना प्रदर्शन कर अस्थाई कार्यालय बनाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। भरत कश्यप का कहना है कि कांग्रेस शासन काल में भी नेता प्रतिपक्ष को विकास भवन में बैठक के लिए कक्षाश का आवंटन किया गया था। भाजपा पार्षदों को बैठने की व्यवस्था भी विकास भवन में की गई थी, लेकिन भाजपा की शहर सरकार में महापौर यहां राजनीतिक भेदभाव कर रही हैं और शहर विकास के लिए राजनीति नहीं होना चाहिए।

अग्निवीर वायु सेना भर्ती के लिए आवेदन 31 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय सेना में अग्निवीर वायु सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुके हैं। इसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई तक निर्धारित है। इच्छुक आवेदक जिनकी आयु सीमा 17.5 से 21 वर्ष है और वायु सेना भर्ती के लिए शैक्षणिक अर्हता एवं शारीरिक मापदण्ड पूरी करते हैं, वे भारतीय वायु सेना की वेबसाइट एचटीटीपीएसः//अग्नि पथवायु डाट सीडीएसीडाटइन पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

बालिका को मिली जन्मजात मोतियाबिंद से निजात

■ **सिम्स के नेत्र रोग विभाग में किया गया सफल ऑपरेशन**

बिलासपुर /नवप्रदेश। मुंगेली जिले की 10 वर्षीय बालिका जो जन्मजात दोनों आँखों में मोतियाबिंद से ग्रसित थी एवं आँखों की रोशनी जन्म से ही कमजोर थी। अंधत्व निवारण एवं चिरायु योजना के तहत चिन्हांकित करके मुंगेली से सिम्स में उपचार के लिए लाया गया। जहां डॉ. प्रभा सोनवानी द्वारा जांच किया गया तथा उन्हे दोनों आँखों में मोतियाबिंद पाया गया जिसमें अभी दाहिनी आँख का ऑपरेशन करके कृत्रिम लेंस लगाया गया है जिससे बालिका की नजर में पूर्ण सुधार आ गया है। यह ऑपरेशन नेत्र रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुचिता सिंह, अधिष्ठाता डॉ रमनेश मूर्ति एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। मोतियबिंद की बीमारी सिर्फ बुर्जुगों में ही नहीं बल्कि जन्मजात तथा बढ़ते बच्चों में भी पाई जाती है। बच्चों की आँख में सफेदी दिखाई देना एवं बच्चे की नजर का कमजोर होना यह सामान्यतः लक्षण है। जिसका उपचार समय रहते किया जाए तो बच्चे की नजर में सुधार की अच्छी संभावना रहती है। वही अगर इसके उपचार में देरी होती है तो नजर में पूर्ण सुधार की संभावना कम हो जाती है। इसके उपचार के लिए मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाता हैं और कृत्रिम लेंस डाला जाता है, जिससे नजर में सुधार आता है। यह ऑपरेशन सिम्स के नेत्र रोग विभाग में सफलता पूर्वक किया जा रहा है। विगत वर्षों में अब तक लगभग 100 बच्चों का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन डॉ. सुचिता सिंह एवं डॉ. प्रभा सोनवानी द्वारा किया जा चुका है। चिरायु योजना से मुंगेली जिला के शंशाक उपाध्याय (एएमओ) द्वारा मरीज को सिम्स में इलाज के लिए लाया गया था।

शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म ऑपरेशन सिंदूर का निर्माण बिलासपुर में

आज से यू ट्यूब चैनल पर हो रही प्रसारित, विधानसभा अध्यक्ष ने की प्रशंसा

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ के फिल्म निर्माताओं द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की सहायता से बनाई गई डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म ऑपरेशन सिंदूर का औपचारिक विमोचन छत्तीसगद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए अपने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से फिल्म की प्रशंसा भी की है। बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए फिल्म निर्माता अंशु सिंह ने बताया कि यह फिल्म कश्मीर की खूबसूरत घाटियों में हुए आतंकवादी हमले और भारत सरकार द्वारा की गई निर्णायक जवाबी कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित है। इस फिल्म की विशेष बात यह है कि इसकी स्क्रिप्ट,बैकग्राउंड म्यूज़िक, एडिटिंग, वॉयस ओवर और स्क्रीनप्ले का संपूर्ण कार्य बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में स्थानीय टीम द्वारा किया गया है। जबकि फिल्म में प्रयुक्त सभी दृश्य और पात्र (विसल्स एण्ड कैरेक्टर्स) अत्याधुनिक (एआई) तकनीक की मदद से डिज़ाइन और जनरेट किए गए हैं। यह छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है कि पहली बार राज्य की धरती से राष्ट्रीय स्तर की एक संवेदनशील तकनीकी और भावनात्मक डॉक्यूमेंट्री का निर्माण हुआ है। यह फिल्म पूरी तरह स्थानीय युवाओं की प्रतिभा और तकनीकी दक्षता के बल पर तैयार की गई है। इसके निर्माता अंशु सिंह (अभिषेक सिंह ठाकुर) ,सह-निर्माताः प्रकाश बंसल, एडिटरः हनी शर्मा, निर्माण संस्थाः बियोंड एंटरटेनमेंट है। यह डॉक्यूमेंट्री एक भावनात्मक यात्रा है जहाँ एक ओर आम नागरिक छुट्टियों का आनंद ले रहे होते हैं वहीं दूसरी ओर निर्देश जिंदगियां आतंक के शिकार हो जाते हैं। यह फिल्म उस दर्द से रूबरू कराते हुए भावनात्मक फिल्म है। इसके बाद भारत सरकार द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई राष्ट्र की एकजुटता, नारी शक्ति के सम्मान तथा साहसी प्रतिकार की भावना को प्रस्तुत करती है। यह फिल्म 21 ज़ुलाई को बियोंड एंटरटेनमेंट के यू ट्यूब चैनल पर ऑनलाइन रिलीज की जाएगी।

अतिक्रमण के खिलाफ नगर पंचायत की कार्रवाई जारी

बिल्हा/नवप्रदेश। नगर पंचायत बिल्हा ने महुआ चौक से बिल्हा अस्पताल तक की रोड में सफाई अभियान की मुहिम चलाई रोड पर गंदगी फैलाने वाले ऐसे 10 लोगों के खिलाफ 3000 से ज्यादा का जुर्माना भी लगाया गया । विशेष स्वच्छता अभियान के तहत रोड में रखे ठेला को हटाकर जपती भी बनाया गया । जनपद पंचायत एवं हॉस्पिटल एक जगह होने के कारण यहां ट्रैफिक की समस्या हमेशा से बने रहती थी आज विशेष स्वच्छता अभियान के तहत महुआ चौक से अस्पताल तक पूरे रोड की साफ सफाई की गई एवं रोड में पड़े मलमा को हटाकर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त की गई । मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री गहलोत ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की कि रोड पर गंदगी न फैलवें जगह-जगह पर नगर पंचायत की ओर से गीला कचरा एवं सूखा कचरा डालने के लिए जगह चिन्हित किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में नंबर वन बनाए रखने के लिए हमें आज से ही इस ओर ध्यान देना होगा।

लोकार्पण न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा मुख्य न्यायाधीश ने बाह्य न्यायालय अंबागढ़ चौकी में कर्मचारियों के आवास निर्माण का किया भूमिपूजन व शिलान्यास

न्याय प्रदान करना न्यायिक प्रणाली का हिस्सा, साथ ही न्याय प्रणाली से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ वातावरण मिले: सिन्हा

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के द्वारा जिला राजनांदगाँव के बाह्य न्यायालय अंबागढ़ चौकी में पदस्थ न्यायिक कर्मचारीगण को बेहतर कार्य वातावरण प्रदान करने एवं न्यायिक बुनियादी ढांचा को मजबूत करने के उद्देश्य से कर्मचारियों के लिये आवास निर्माण हेतु भूमि पूजन एवं शिलान्यास वर्चुअल माध्यम से किया गया।

इस कार्यक्रम में न्यायमूर्ति संजय कुमार जायसवाल, पोर्टफोलियो न्यायाधीश, जिला राजनांदगाँव वर्चुअल माध्यम से तथा अन्य न्यायाधीशगण छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर की वर्चुअल लिंक के माध्यम से उपस्थिति रही।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा मुख्य न्यायाधिपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर ने प्रभावशाली उद्बोधन में व्यक्त किया कि न्याय प्रदान करना न्यायिक प्रणाली का एक हिस्सा है, लेकिन साथ ही हमें ऐसा माहौल बनाना होगा कि, न्याय प्रणाली से जुड़े हर व्यक्ति को स्वच्छ एवं उचित कार्य-वातावरण प्राप्त हो, किसी भी संस्थान में अधोसंरचना का निर्माण और विकास उस संस्थान से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का मनोबल बढ़ाते हैं। न्यायिक कर्मचारी, न्यायपालिका के आधार स्तंभ हैं, जो पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ न्यायिक व्यवस्था में योगदान देते हैं, उनका परिवार भी इस कार्य में पूर्ण समर्पण के साथ इसमें सहयोग करता है। आवास व्यवस्था उपलब्ध होने से कर्मचारियों को व्यवहारिक एवं मानसिक संबल मिलने से कार्यक्षमता में वृद्धि होगा। मुख्य न्यायाधिपति के द्वारा यह विशेष रूप से व्यक्त किया गया कि छत्तीसगढ़ की समस्त जिला न्यायापालिका को सर्वोत्तम अधोसंरचना प्रदान करने हेतु उच्च न्यायालय प्रतिबद्ध है।

कर्मचारियों का आवास गुणवत्तायुक्त तैयार करें

इस अवसर पर मुख्य न्यायाधिपति द्वारा कर्मचारियों के आवास को उच्च गुणवत्तायुक्त एवं आधुनिक संसाधनों के अनुसार तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिसे अन्य जिलों में मॉडल के रूप में स्वीकार किया जा सके, साथ ही सिविल कोर्ट स्टॉफ के सभी सदस्यों को बधाई देते हुये कहा कि आवास निर्माण पूर्ण होने पर आधिपत्य प्राप्त करने के पश्चात् वे परिसर को स्वच्छ रखें और उसमें दी गई मूलभूत सुविधाओं को नष्ट न करें, जिससे पश्चातवर्ती कर्मचारियों को भी उचित एवं सुविधायुक्त आवास का लाभ प्राप्त हो सके।

सुविचार

किसी को उतना ही ज्ञान दो जितना वह समझ सके। भरी बाल्टी में पानी डालोगे तो वह बाहर ही गिरेगा। - अज्ञात

मानसून सत्र की हंगामाखेज शुरूआत

संसद के मानसून सत्र के पूर्व सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाकर इस सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी 51 राजनीतिक पार्टियों के नेताओं से चर्चा की थी। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा था कि संसद की कार्यवाही अच्छे से चले यह सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की ही जिम्मेदारी है इस बैठक में विपक्षी पार्टियों ने सत्र के दौरान जिन मुद्दो को उठाने की बात कही है उन सब पर सरकार चर्चा के लिए तैयार है। सर्वदलीय बैठक तो अच्छे माहौल में संपन्न हो गई लेकिन ससंद सत्र शुरू होते ही विपक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों में ही हंगामा मचाना शुरू कर दिया। जैसी की संभावना थी संसद के मानसून सत्र का आगाज भारी हंगामे के साथ हुआ है। लोकसभा में जैसे प्रश्नकाल शुरू हुआ विपक्ष ने आपरेशन सिंदूर को लेकर चर्चा कराने की मांग और इस बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बयान देने की मांग को लेकर शोर शराबा शुरू कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष को आश्वासन दिया कि आपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार है लेकिन ये प्रश्नकाल चलने दें क्योंकि प्रश्नकाल के दौरान देशभर के सांसद अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाते हैं किन्तु विपक्ष का हंगामा जारी रहा। नतीजतन पहले दोपहर 12 बजे तक के लिए लोकसभा की कार्यवाही स्थगित की गई और बाद में भी जब विपक्ष का हंगामा नहीं रूका तो दोपहर दो बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। राज्यसभा में भी नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आपरेशन सिंदूर को लेकर सरकार को घेरा और संघर्ष विराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर सरकार से स्पष्टीकरण मांगा तो वहां भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर तकरार हुई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष पर पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि सदन में सत्ता पक्ष के लोगों को बोलने का भरपूर मौका दिया जाता है लेकिन विपक्ष की आवाज को दबाया जाता है। वे लोकसभा में विपक्ष के नेता है लेकिन उन्हें भी बोलने नहीं दिया जाता है। ऐसा ही आरोप कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने लगाया है और सवाल उठाया है कि जब नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी बोलना चाहते हैं तो आखिर उन्हें बोलने क्यों नहीं दिया जा रहा है। कुल मिलाकर संसद के मानसून सत्र की जिस तरह हंगामाखेज शुरूआत हुई है उसे देखकर यही लग रहा है कि संसद के पिछले कई सत्रों की तरह ही यह मानसून सत्र ही कहीं हंगामों की भेंट चढ़कर न रह जाये।

पाकिस्तान के साथ मैच न खेलने का फैसला स्वागतेय

इंग्लैंड में लीजेंड्स क्रिकेट लीग खेली जा रही है जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच मैच खेला जाना था जिसे रद्द कर दिया गया है। गौरतलब है कि इस टूर्नामेन्ट के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के तीन सीनियर खिलाडियों का चयन किया गया था उसमें शामिल सिखर धवन ने पाकिस्तान के साथ मैच खेलने से यह कह कर इंकार कर दिया था कि उनके लिए देश का स्वाभिमान पहले है और खेल बाद में है। पाकिस्तान ने पुलवामा में आतंकी हमला कराकर यह साबित कर दिया है कि उसमें आतंक की राह नहीं छोड़ी है। इसलिए ऐसे आतंकवादी देश के साथ क्रिकेट खेलने का प्रश्न ही नहीं उठता। सिखर धवन के इंकार करने के बावजूद इंग्लैंड में भारतीय क्रिकेट टीम के सीनियर प्लेयरों ने पाकिस्तान के साथ मैच खेलने के लिए प्रैक्टिस करना शुरू कर दिया था किन्तु इसी बीच एक खबरिया चैनल पर लीजेंड्स क्रिकेट लीग में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले मैच के विरोध में मुहिम चलाई गई जिसका असर यह हुआ की भारतीय क्रिकेट प्रेमियों ने भी भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले मैच का विरोध करना शुरू कर दिया। नतीजतन अयोजकों को यह मैच रद्द करना पड़ा। निश्चित रूप से यह फैसला स्वागत योग्य है जो पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवाद की आग को भड़काने से बाज नहीं आ रहा है उसके साथ भारत को किसी भी तरह का कोई संबंध नहीं रखना चाहिए। होना तो यह चाहिए था कि इस टूर्नामेन्ट के शुरू होने से पूर्व ही भारतीय क्रिकेट टीम के कर्णधारों को यह स्पस्ट कर देना था कि इस टूर्नामेन्ट में भाग तो लेंगे लेकिन पाकिस्तान के साथ कोई भी मैच नहीं खेलेंगे।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ भौतिक सुख सुविधा को ही अगर प्रमुख मानकर बैठे हो, उनसे ही अनुराग है तो यह तुम्हारी बुद्धि को विकृत कर रहे हैं।

◆तुम विराट की संतान हो और विराटता से जीवन न जी पाए ? क्षुद्रता को स्वीकार कर लिया; आभास करें !! विचार करें !!

◆जो भी कर्म किए हो उसी कर्म को ले के पैदा हो जाओगे। वर्तमान कर्मवर्शत्त के रूप में जमा है वही लेकर तो पैदा होगे।

◆क्षुद्रता कभी परमात्मा को प्राप्त नहीं हो सकती, चाहे वो जिस रुप में हो।

अक्सर ऐसा सुनते होंगे न आपकी कृपा से सब है- घर है! द्वार है! बच्चे हैं! बस गुरु जी अब कुछ नहीं ऐसा आशीर्वाद दीजिए, शांति का आशीर्वाद दीजिएकृ! ओह !! सब भर चुका है बस वही खाली है और वह सोच रहा है, सोचता है सब भर चुका है। अरे सब गड़बड़ है! काश कि पहले उसी को भर लिया होता, किसी प्रबोध युक्त सद्गुरुलाइ में बैक पहले वांदि और निर्मलला को भर लिया होता तो फिर सुदामा के इतना सा भी धन तुम्हें सुख दे जाता, आनंद दे जाता।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली(वार्ता)।1731 स्पेन ने विएना की संधि पर हस्ताक्षर किये। 1905 टाफ़्ट-कत्सुरु गुप्त समझौता हुआ। 1964 अफ्रीकी एकता संगठन की दूसरी बैठक आयोजित की गयी। 1992 कोलम्बियाई ड्रग लॉर्ड पाब्लो एस्कोबार अपनी आलीशान जेल से भाग गया और अगले 17 महीने रन पर बिताए। 1999 एमएसएन मैसेन्जर का पहला संस्करण माइक्रोसॉफ्ट द्वारा जारी किया गया। 2000 एरिजोना विश्वविद्यालय के खलोलविदों ने बृहस्पति के 17वें प्राकृतिक उपग्रह की खोज की। 2002 इजरायली रक्षा बलों ने हमास के सैन्य शाखा के नेता सलासाहेदे के घर पर एक बम गिराया, जिससे वह और उसके भाई मारे गए। 2003 इराक में हवाई हमले में तानाशाह सद्दाम हुसैन के दो बेटे मारे गए थे। 2010 स्टोनहेंज वर्ल्ड हेरिटेज साइट 50 वर्षों में एक प्रमुख स्मारक पर सबसे बड़ी खोज संभव नई हेगड़े की खोज की घोषणा करती है।

शोध अध्ययन भी बता रहे विशेष गहन पुनरीक्षण की जरूरत



उमेश चतुर्वेदी
वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार

सीमांचल के ही जिले पूर्णिया में 39 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन यहां आधार कुल जनसंख्या का 101 प्रतिशत है।आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सीमांचल हर100 निवासी पर 120 से अधिक आधार कार्ड हैं। यही वजह है कि चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में इन जिलों में मतदाता सूची में नाम के सत्यापन के लिए आधार कार्ड को अनिवार्य नहीं माना है।

संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत मिले अधिकारों के तहत चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, संसद और विधान मंडलों का चुनाव कराता है। इसके लिए उसे जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 के तहत मतदाता सूची बनाने और उसे अद्यतन करने का अधिकार मिला है।

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण पर विपक्षी दलों की ओर से सवाल न ही उठता तो हैरत होती। यह ठीक है कि चुनाव आयोग ने अपने 24 जून के इस संदर्भ में दिए गए आदेश में बार-बार बदलाव किया है,लेकिन विपक्षी खेमे की ओर से इस पुनरीक्षण पर सवाल उठने की वजह उनकी आशंका है। उन्हें लगता है कि इस पुनरीक्षण के बहाने उनके वोट बैंक को सत्ता पक्ष यानी बीजेपी और जेडीयू के इशारे पर चुनाव आयोग काट देगा। उनकी आशंका पर चर्चा से पहले एक हालिया शोध का भी जिक्र किया जाना जरूरी है, जिसके अनुसार बिहार में करीब 77 लाख फर्जी वोटर हैं। ये वोटर अल्पसंख्यक वर्ग वाले सिर्फ विदेशी घुसपैठिये ही नहीं है, बल्कि इसमें मृत और अपनी रिहायश छोड़ चुके मतदाता भी हैं।

डेमोग्रॉफिक रिकंस्ट्रक्शन एंड इलेक्टोरल रोल इन्फ्लेशन, एस्टीमेटिंग दी लेजिटिमेट वोटर बेस इन बिहार, इंडिया नाम शोध अध्ययन के मुताबिक बिहार की मतदाता सूची में ही ऐसी गड़बड़ियां नहीं है। शोधकर्ताओं का कहना है कि ऐसी गड़बड़ियां बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश की मतदाता सूची में हो सकती है। इस शोध अध्ययन को मुंबई के एसपी जैन इंस्टीट्यूट एंड मैनेजमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर विधु शेखर और और आईआईएम,विशाखापत्तनम के असिस्टेंट प्रोफेसर मिलन कुमार ने मिल कर किया है। एसएसआरएन में प्रकाशित यह अध्ययन किसी अनुमान पर नहीं, बल्कि सरकारी आंकड़ों, मसलन राज्य की जन्म और मृत्यु दर के साथ ही राज्य से हुए पलायन और आयु प्रत्याशा के सरकारी आंकड़ों के गहन अध्ययन और विश्लेषण पर आधारित है। विधु शेखर और मिलन कुमार के अध्ययन के मुताबिक, बिहार में इस समय करीब सात करोड़ 89 लाख वोटरों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है। इस अध्ययन के मुताबिक, इनमें से करीब 77 हजार नाम फर्जी हैं। यानी ये मतदाता या तो मर चुके हैं या बरसों पहले से अपनी बताई या दर्ज जगह से पलायन करके कहीं और जा बसे हैं। फर्जी या गलत मतदाताओं का यह आंकड़ा करीब 9.7 प्रतिशत होता है। इसका मतलब यह हुआ कि करीब दस प्रतिशत मतदाता ज्यादा हैं या असल में हैं ही नहीं। विधु शेखर और मिलन कुमार अपने शोध के बाद इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि राज्य की हर विधानसभा सीट पर करीब तीस हजार मतदाताओं का नाम गलत तरीके से दर्ज है।

बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं। विधानसभाओं में कुछ सौ मतदाताओं का अंतर ही जीत-हार पर असर डाल देता है। साल 2020 के विधानसभा चुनावों में करीब बीस प्रतिशत सीटों पर जीत और हार का अंतर महज ढाई फीसद तक ही था। इनमें से 17 सीटों पर जीत तो एक प्रतिशत के कम वोट से ही हुई थी। विधु शेखर और मिलन कुमार को आशंका है कि अगर गहन पुनरीक्षण में इन मतदातओं के नाम नहीं काटे गए तो उनके नाम पर चुनावी नतीजों को बदला जा सकता है। इस अध्ययन के अनुसार, बिहार के गांवों में जहां मृत्यु के आंकड़े अपडेट ना होने की वजह से फर्जी नाम ज्यादा हैं, वहीं शहरी इलाकों में पलायन के बावजूद नाम काटे नहीं गए हैं। राज्य में पिछली बार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2003 में हुआ था। उस समय राज्य में करीब तीन करोड़ 41 लाख मतदाता थे। राज्य की मौजूदा जन्म और मृत्यु दर के हिसाब से इसके बाद 4.83 जुड़ने चाहिए थे। इसके साथ ही सरकारी आंकड़ों के अनुसार इन वर्षों में राज्य से करीब एक करोड़ 12 लाख वोटरों ने पलायन किया है। उन्होंने अपना स्थायी ठिकाना राज्य से बाहर बना लिया है। इसे दिल्ली, मुंबई, पंजाब जैसे शहरों और राज्यों में देखा भी जा रहा है, जहां भारी संख्या में बिहारी मूल के मतदाता हैं। इस शोध अध्ययन के मुताबिक, पुराने वोटरों, जन्म-मृत्यु दर की गणना और पलायन के बाद के आंकड़ों को मिलाकर राज्य में असल मतदाताओं की संख्या सात करोड़ 12 लाख के ही आसपासही बैठती है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि राज्य में जो सतहत्तर लाख ज्यादा वोटरों के नाम हैं, वे इन वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर गड़बड़ हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार के अध्ययन को आगे बढ़ाते हुए राज्य में आधार कार्ड की उपलब्धता को भी जोड़ा जा सकता है। यह भी राज्य में फर्जी वोटरों की ओर इशारा करता है। वैसे मतदाता सूची में शामिल होने के लिए आधार कार्ड और राशन कार्ड को वैध प्रमाण पत्र माना जाता है। लेकिन इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारी संख्या में फर्जी राशन कार्ड हो सकते हैं या आधार कार्ड भी बन सकते हैं। राज्य के सीमांचल के जिले मसलन अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जिलों में मुस्लिम आबादी करीब 39 से लेकर 68 प्रतिशत तक है,लेकिन इनकी सीमाएं पश्चिम बंगाल और नेपाल से जुड़ी हैं। पश्चिम बंगाल के सीमांचल के नजदीकी जिले बांग्लादेश से सटे हैं। इसकी वजह से इस इलाके में घुसपैठ का भी आरोप लगता रहा है। बिहार सरकार द्वारा जाति-आधारित सर्वेक्षण के दौरान एकत्र किए गए आधिकारिक आंकड़ों पर नजर डालें तो इस आरोप में दम नजर आता है। इस आंकड़े के मुताबिक, राज्य का औसत आधार कवरेज लगभग 94 प्रतिशत है, जबकि 68 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले किशनगंज में कुल जनसंख्या से करीब 105.16 प्रतिशत आधार है। इसी तरह, कटिहार में 45 प्रतिशत और अररिया में 50 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन यहां आधार कुल जनसंख्या का करीब 101.92 और 102.23 प्रतिशत ज्यादा है।

सरकार के नीतिगत फैसलों ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ के किसानों का मान

डॉ. ओम डहरिया
सहायक जनसंपर्क अधिकारी

वहीं किसानों के 5 एचपी तक के कृषि पंपों को मुफ्त बिजली आपूर्ति के लिए 3,500 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। इसी तरह भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत राज्य के 5.65 लाख भूमिहीन मजदूरों को सालाना 10,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए 600 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही दलहन एवं तिलहन फसलों समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए 80 करोड़ रुपये तथा फसल बीमा योजना के लिए 750 करोड़ रुपये और मोटे अनाजों के साथ-साथ दलहन, तिलहन, बीज उत्पादन एवं वितरण के लिए कृषक समग्र विकास योजना के लिए 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह सरकार की किसान हितैषी नियत को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के नीतिगत फैसलों एवं कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के किसान खुशहाल हैं। इन नीतियों से प्रदेश के किसान निरंतर समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में राज्य में सरकार बनते ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की मान से धान खरीदी कर न सिर्फ किसानों का मान बढ़ाया बल्कि किसानों को उन्नति की ओर ले जाने में भी उल्लेखनीय कार्य किया है। राज्य सरकार ने बीते 18 महीने में विभिन्न योजनाओं के तहत् लगभग सवा लाख करोड़ रूपए किसानों के खाते में अंतरित की है। इन कल्याणकारी फैसलों और प्रोत्साहन से साल दर साल किसानों की संख्या, खेती-किसानी का रकबा और उत्पादन में वृद्धि हो रही है।

बता दें कि देश की जीडीपी में कृषि का बड़ा योगदान है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का मूल आधार भी कृषि ही है और छत्तीसगढ़ धान का कटोरा कहलाता है। मुख्यमंत्री श्री साथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की इन डेढ़ साल की अवधि में किसानों के हित में लिए गए नीति गत फैसलों से खेती-किसानी की नया सम्बल मिला है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने किसानों से बीते खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में सर्वाधिक 24.75 लाख किसानों से समर्थन मूल्य पर 144.92 लाख मेट्रिक टन धान की खरीदी कर एक नया रिकार्ड कायम किया है। किसानों को समर्थन मूल्य के रूप में 32 हजार करोड रूपए का भुगतान एवं किसान समृद्धि योजना के माध्यम से मूल्य की अंतर की राशि 13,320 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया था। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में प्रदेश के किसानों से रिकार्ड 149.25 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी गई और धान खरीदी के एवज में किसानों को 34,500 करोड़ रूपए का तत्काल भुगतान किया गया तथा 12 हजार करोड़ रूपए की अंतर की राशि एकमुश्त सीधे किसानों के खातों में अंतरित किया गया।

राज्य सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वायदे को पूरा कर यह बता दिया है कि छत्तीसगढ़ की खुशहाली और अर्थव्यवस्था को सुदृढ करने का रास्ता खेती-किसानी से ही निकलेगा। राज्य सरकार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी के साथ ही दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड रूपए का भुगतान करके अपना संकल्प पूरा किया, इससे प्रदेश के किसानों में खुशी की लहर है। किसानो का मानना है कि राज्य सरकार के फैसलों से यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार किसानों की हितैषी है। खेती-किसानी ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है। कृषि के क्षेत्र में सम्पन्नता से ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और विकसित राज्य बनाने का सपना साकार होगा। छत्तीसगढ़ में किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर अल्पकालीन कृषि ऋण 01 अप्रैल 2014 से उपलब्ध कराया जा रहा है। ऋण की अधिकतम सीमा 5 लाख रूपए तक है। फसल ऋण में नगद एवं वस्तु का अनुपात 60 अनुपात 40 है। सहकारी एवं ग्रामीण बैंकों से ब्याज मुक्त कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए खरीफ वर्ष 2024 में 15.21 लाख किसानों को 6912 करोड़ रूपए का अल्पकालीन कृषि ऋण शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर वितरित किया गया था। वर्ष 2025 में किसानों को 7800 करोड़ रूपए कृषि ऋण वितरित करने का लक्ष्य है। किसानों को 11 जुलाई की स्थिति में 5124 करोड़ रूपए कृषि ऋण वितरित किए गए हैं। यह किसानों के हित में क्रांतिकारी कदम है।

छत्तीसगढ़ में किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री सिंचाई योजना लागू की गई है। सौर सुजला योजना के माध्यम से सरकार ने दूरस्थ वनांचल में जहां बिजली की सुविधा नहीं है, वहां किसानों के खेतों में भी इस योजना के माध्यम से सौर सुजला सिंचाई पंप स्थापित कर सिंचाई की व्यवस्था की गई है। छत्तीसगढ़ में किसानों एवं भूमिहीन मजदूरों की स्थिति में सुधार, कृषि एवं सहायक गतिविधियां के लिए समन्वित प्रयास पर राज्य सरकार का फोकस है। कृषि विभाग के बजट में बीते वर्ष की तुलना में वर्ष 2024-25 में 33 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 13 हजार 435 करोड रूपए का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण योगदान है, इसलिए राज्य के बजट में भी कृषि के साथ-साथ ग्रामीण विकास को फोकस किया गया है। यहां धान और किसान एक-दूसरे के पर्याय है। पिछले वर्ष 149.25 लाख मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर राज्य के 25 लाख 48 हजार 798 किसानों से खरीदी की गई है। राज्य सरकार ने बजट में कृषक उन्नति योजना के लिए 10,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया, जिसका उद्देश्य कृषि समृद्धि को बढ़ावा देना है। केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के 26 लाख से ज्यादा किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का भी लाभ मिल रहा है। इस योजना में किसानों को तीन किश्तों में साल में 6 हजार रूपए की राशि केन्द्र सरकार के द्वारा सीधे किसानों के बैंक खातों में दी जा रही है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

भींगी सी रुत

भींगी सी रुत, चली सुहानी, मौसम ने ली अंगड़ाई। मस्त सुगंधित उठी ,हिलोरे , पवन बसंती पुरवाई। नयन बिछाए बैठी गोरी,सुध बुध सारी भूल गई.. पिया मिलन की याद सखीरी,मन में बजती शहनाई।। रिक्त मन का आज कोना, सिलवटों का साया सभी। दे गया आवाज लेकिन , बेड़ियों की माया सभी । दर-बदर मौसम ये बदला, सुप्त रहता अहसास क्यों- ख्वाहिशों का दौर हरदम , मातमी है छाया सभी ।।

- अर्चना लाल

आंखें खुद सारी

आंखें खुद सारी रात जगती हैं, तेरी यादों की आग रखती है। डूबना चाहूँ मैं भी शामो सहर, तेरे दिल में नदी जो बहती है। तेरे बिन मेरा जीना मुश्किल है, चांद से चांदनी ये कहती है। शर्त हर सच्चे प्यार की दानी, बस वफ़ा ही ज़रूरी रहती है। पूजते हैं जहाँ समंदर को, बारिशों की दुआएं मिलती हैं। जब भी मैं उनसे मिलने जाता हूँ, मुझसे बातें वो छिप के करती है। मर के दानी अंधेरा है हासिल, ज़िन्दगी रौशनी में पलती है। - संजय दानी

आखिर विदेशी फंडिंग बंद करने का कानून

आखिर विदेशी फंडिंग बंद करने का कानून कब बनाओगे कांग्रेसियों ने फंडिंग लाने का नियम बनाया था आप बंद करने का कानून बनाने का कष्ट करिये मोदीजी वरना हर शहर गांवो मे ये छांगुर बाबा और ना जाने कितने लोग बने बैठे है भिखारी और अंदर से वह धर्म परिवर्तन मे लगे है हर जगहों की तलाशी होनी चाहिये ये लोग बहुत चालाकी से अपने पापो को कर रहे है। - आशुतोष श्रीवास्तव

कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों के द्वारा

कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों के द्वारा उत्पात की खबरें आ रही है. ये शर्मनाक और निंदनीय है. ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई होनी चाहिए. यह भी पता लगाया जाना चाहिए कि इसके पीछे कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की कहीं कोई साजिश तो नहीं हो रही है। - अनिल पांडेय

काँच की हरी चूड़ी-सा, त्योहारों

काँच की हरी चूड़ी-सा, त्योहारों पर पूड़ी-सा, मन मेरा झूम रहा है। बागों में तो झूलों-सा,यादों में तो भूलों-सा, मन मेरा घूम रहा है । बचपन वाले जीवन को, माँ वाले उस आँगन को, मन मेरा चूम रहा है। जीवन दर्शन सारा यह, मुझको तो बस प्यारा यह, मन मेरा जूम रहा है।

- अलका अग्रवाल

नहीं उम्मीद है कोई नहीं कोई शिकाय

नहीं उम्मीद है कोई नहीं कोई शिकायत है मगर मुमकिन है दिल में अनकही कोई तो हसरत है बहुत ही कशमकश है जिंदगी की ख्वाहिशें है क्या मगर दिल के सुकूनो चैन को तेरी जरूरत है। - पूजा बंसल

सलामत रहोंगे कब तक हाफ़िज़

सलामत रहोंगे कब तक हाफ़िज़ !!! बोटियां तुम्हारी भी नोंची जाएगी इक दिन जो कुछ दिया है जग को तुमने आख़िर लौटकर वही आएगा वापिस ये भाड़े के तख़्त - ओ - ताज जिनपर बैठ कर तुम मिमियाते हो आख़िर को दो गज जमीन में होना है काबिज़ ।

- राजीव वर्मा

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है।

वृषः आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आप अपने अच्छी सोच से कार्यक्षेत्र में अपने बॉस की आंखों का तारा बनेंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। पारिवारिक रिश्तों में आपको समानता बनाए रखनी होगी।

कर्कः आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। मित्रों के साथ संबंधों में सुधार आएगा।

सिंहः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी।

कन्याः आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कामों के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी।

तुलाः आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखने के लिए रहेगा। आप अपने बिजनेस में पार्टनरशिप न करें, बहुत ही देखभाल कर करें।

धनुः आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए ठीक-ठाक रहने वाला है, लेकिन उसमें किसी के कहने में आकर कोई जोखिम भरा काम ना करें।

मकरः आज का दिन आपके लिए मिलेजुले परिणाम लेकर आएगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

कुंभः आज आपको किसी वाद-विवाद को करने से बचना होगा। आज कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर कोई झूठा आरोप लगा सकता है।

मीनः आज आपको परिस्थितियों को ध्यान में रखकर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। आप किसी विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखें।

सूर्योदय : 9 05:53, सूर्यास्तः 9 19:14, चन्द्रोदय : 9 26:54, चन्द्रास्त : 16:11, अयन : दक्षिणायन , ऋतु : वर्षा, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः 9 2082 (सिद्धार्थी), युगाब्द (कलि संवत) : 5127, मास : श्रावण, पक्षः कृष्ण, तिथि : द्वादशी, नक्षत्र : मृगशिरा, योग : ध्रुव, प्रथम करण : बालव (09:38 तक), द्वितीय करण : कौलव (20:21 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : कर्क, चंद्र : वृषभ, मंगल सिंह : (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : वृषभ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : मीन (उदित, पश्चिम, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) नेटवर्क रेडीनेस इंडेक्स 2024 में भारत की रैंकिंग क्या है?
2) हाल ही में भारत की समुद्री डीकार्बोनाइजेशन सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?
3) नेशनल बर्ड डे किस दिन मनाया जाता है?
4) नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2025 का विषय क्या है?
5) असम के किस राष्ट्रीय उद्यान में हाल ही में दुर्लभ सफेद पंखों वाले बत्तखों की एक जोड़ी देखी गई?

उत्तरमाला- (1) 49वां (2) नई दिल्ली (3) 5 जनवरी (4) गणतंत्र @ 75 (5) देहिंग पटकाई राष्ट्रीय उद्यान

शब्द सागर

संक्षिप्त खबरें

प्रदेश में अब तक 446.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 446.1 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 739.1 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 240.8 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 438.3 मि.मी., बलौदाबाजार में 439.1 मि.मी., गरियाबंद में 373.8 मि.मी., महासमुंद में 394.5 मि.मी. और धमतरी में 372.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 471.4 मि.मी., मुंगेली में 513.3 मि.मी., रायगढ़ में 570.9 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 598.6 मि.मी., कोरबा में 516.9 मि.मी., गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 440.5 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 437.6 मि.मी., सक्ती में 538.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 368.5 मि.मी., कबीरधाम में 333.6 मि.मी., राजनांदगांव में 361.5 मि.मी., बालोद में 438.8 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 521.8 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 311.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 351.6 मि.मी., सूरजपुर में 569.3 मि.मी., जशपुर में 546.1 मि.मी., कोरिया में 532.2 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 490.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बस्तर संभाग में बस्तर जिले में 509.1 मि.मी., कोंडागांव में 314.9 मि.मी., नारायणपुर में 347.2 मि.मी., बीजापुर में 505.1 मि.मी., सुकमा में 303.3 मि.मी., कांकेर में 403.2 मि.मी., दंतेवाड़ा में 425.6 मि.मी. और औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

ललित सुरजन जयंती पर व्याख्यान आज

रायपुर/नवप्रदेश। देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष द्वारा कल देश के प्रतिष्ठित पत्रकार-साहित्यकार-चिंतक, देशबन्धु पत्र समूह के प्रधान संपादक और देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष के संस्थापक स्व. ललित सुरजन की कल 22 जुलाई को जयंती के अवसर पर व्याख्यान एवं सम्मान समारोह आयोजित है। आईएएस एवं राज्य निर्वाचन आयोग के पूर्व आयुक्त डॉ. सुशील त्रिवेदी ''समकालीन पत्रकारिता और चुनौतियां'' विषय पर व्याख्यान देंगे। इस समारोह में कोष के स्थापित अवार्ड भी प्रदान किए जाएंगे। कृषि विज्ञान, ऊर्जा, पर्यावरण एवं जल प्रबंधन पर विशेष दक्षता प्राप्त डॉ. जितेन्द्र सिन्हा को प्रो. विजयलक्ष्मी शर्मा स्मृति प्राध्यापक सम्मान, महिला उत्थान, शिक्षा, कुपोषण, आंगनबाड़ी आहार और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिव प्रसाद शर्मा स्मृति लोक सेवा सम्मान श्रीमती साधना दुग्गड़ को प्रदान किया जाएगा। उत्कृष्ट शिक्षकीय कार्य के लिए स्थापित लक्ष्मीदेवी सुगंधी शिक्षक अवार्ड हेमंत खुंटे पिथौरा, एच.एस. भुवाल नारधा (धमधा) तथा छगनलाल सोनवानी रायपुर को प्रदान किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक रायपुर उत्तर पुरंदर मिश्रा तथा अध्यक्षता राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास करेंगे। कार्यक्रम रजबंधा मैदान स्थित मायाराम सुरजन स्मृति 'लोकायन' सभागार भाजपा कार्यालय के बाजू में शाम 4 बजे आयोजित है। पत्रकारों, साहित्यकारों एवं प्रबुद्धजनों को कार्यक्रम में शामिल होने अपील की गई है।

समाज भी हमारा परिवार, यह बढ़ेगा तो हम भी बढ़ेगे: विशाखा

रायपुर/नवप्रदेश। जिस तरह हम अपने परिवार को आगे बढ़ाने और उसके विकास के बारे में सोचते हैं, उसी तरह समाज भी एक परिवार की तरह है, जिसे आगे बढ़ाने और उसके विकास के बारे में हमें सोचना होगा। समाज के लिए कुछ अच्छा करना होगा, तभी तो समाज आगे बढ़ेगा और हम भी। उक्ताशय के विचार महाराष्ट्र मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने अमलीडीह महिला केंद्र की मासिक बैठक में के दौरान कही। विशाखा ने कहा कि महिलाएं घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारी का निर्वहन करती हैं। इसके साथ समाज को समय देना अपने आप में वंदनीय कार्य है। महाराष्ट्र मंडल से जुड़ी महिलाएं, उसके महिला केंद्र की सदस्य सामाजिक गतिविधियों पर शामिल होकर समाज को सशक्त बनाने की दिशा में सतत् कार्य करती हैं। अमलीडीह केंद्र की संयोजिका और सह संयोजिकाओं की जिम्मेदारी इसे लेकर और अधिक बढ़ जाती है। क्योंकि जिन पर भरोसा होता है, उसे ही जिम्मेदारी दी जाती है। ऐसे में संयोजिकाओं और सह संयोजिकाओं की सामाजिक गतिविधियों में शामिल होने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। बैठक में पहुंची सखी निवास की प्रभारी नमिता शेष ने कहा कि समाज में रहकर समाज के लिए अच्छा कार्य करने का मौका सभी को नहीं मिल पाता। महाराष्ट्र मंडल की महिला सदस्यों को यह मौका मिला है। मैं आप सभी नए और पुराने सदस्यों से कहना चाहूंगी कि वे इस अवसर का लाभ अवश्य लें क्योंकि समाजसेवा ही एक ऐसा कार्य है, जहां निःस्वार्थ भाव से किया जाता है। निःस्वार्थ सेवा का लाभ भी हमें मिलता है।

वित्तमंत्री ने अटल परिसर, तहसील एवं उप-पंजीयक कार्यालय का किया लोकार्पण

रायपुर/ नवप्रदेश। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रविवार को सरिया में नवनिर्मित तहसील कार्यालय, उप-पंजीयक कार्यालय और अटल परिसर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने तहसीलदार कोमल साहू और उप-पंजीयक पूनम सिदार को उनके पदीय दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए शुभकामनाएं दीं और विधिवत रूप से उन्हें उनके कार्यस्थल की कुर्सी पर आसीन कराया।

लोकार्पण समारोह के दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया और सरिया चौक में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत नगर पंचायत कार्यालय परिसर में अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा के साथ अटल परिसर का उद्घाटन भी किया गया।

मंगल भवन में आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों, महिलाओं और आमजन के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार के गठन के 12 दिनों के भीतर किसानों को दो वर्षों का लंबित बोनस दिया गया। पहले वर्ष धान खरीदी का भुगतान लगभग 13 हजार करोड़ रुपये और दूसरे वर्ष 12 हजार करोड़ रुपये किया गया। उन्होंने बताया कि सरिया क्षेत्र में किसानों की मांग पर अपेक्स बैंक की स्थापना की गई है और अब यहां रजिस्ट्री कार्यालय भी आरंभ हो गया है। साथ ही 100 बिस्तरों वाले अस्पताल का निर्माण कार्य भी तेज़ी से प्रगति पर है।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि राजनीति में आने का उनका उद्देश्य लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है और वे भ्रष्टाचार या कमीशनखोरी को कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

केवल रिर्पोर्ट पर निर्भर न रहें, निचले स्तर पर जाकर योजनाओं का क्रियान्वयन देखें: राज्यपाल डेका

❍ प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की राज्यपाल ने

रायपुर/ नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज राजभवन में प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (प्रधानमंत्री जनमन योजना) के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे केवल फील्ड रिर्पोर्ट पर निर्भर न रहें बल्कि निचले स्तर पर जाकर योजनाओं का क्रियान्वयन देखें।

राज्यपाल श्री डेका ने प्रदेश के पीएम जनमन क्षेत्रों में विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा की और संचालित कार्यो की जमीनी हकीकत देखने के लिए इन ग्रामों का दौरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजना का मूल उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातियों को केन्द्र द्वारा तय सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। इन वर्गो तक मूलभूत सुविधाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क आदि देना पहली प्राथमिकता है। जो योजनाएं संचालित है वे तय समय पर पूर्ण हो जाएं। पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों में सुविधाएं पहुंचे इसके लिए सही एप्रोच जरूरी है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के सहयोग और समन्वय से योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिव एवं सचिव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

श्री डेका ने निर्देश दिया कि सतत् विकास की प्रक्रिया मे पर्यावरण को अनदेखा न किया जाए। जो विकास के कार्य हो रहे है, उसमें पेड़ों को बचाकर रखा जाए। उन्होंने कहा कि पानी को लेकर गंभीर होना है। जमीनी जल स्तर और वर्षा का मापन करे और उसके अनुसार योजनाएं बनाएं। रेन वाटर हार्वेस्टिंग को प्राथमिकता दे।

राज्यपाल पीएम जनमन क्षेत्रों में आंगनबाड़ी निर्माण कार्य की जानकारी ली

बैठक मे राज्यपाल श्री डेका ने पीएम जनमन क्षेत्रों में आंगनबाड़ी निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और कहा कि आंगनबाड़ीयों में लाइवलीहुड के लिए कार्य होना चाहिए। उन्होंने राज्य में स्व सहायता समूहों के गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों में भी नवाचार को प्रोत्साहित करे। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में नवाचार करने वाले स्व सहायता समूहों को राजभवन द्वारा भी पुरूस्कृत किया जाएगा।

संघर्ष से सेवा तक: अखंड ब्राह्मण समाज ने पूरे किए 10 वर्ष

✪ हिंदी साहित्य विकास परिषद के अध्यक्ष शशांक शर्मा एवं महापौर संजय पांडेय ने विप्रजनों को किया संबोधित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज ने 10वां स्थापना दिवस समारोह का किया आयोजन। यह समारोह रोहणी पुरम तालाब स्थित समाज के भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में हिंदी साहित्य विकास परिषद के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि महापौर जगदलपुर श्री संजय पांडेय जी उपस्थित हुए।

दसवें स्थापना दिवस पर प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज द्वारा एक पेड़ मां के तहत 30 पौधों का पौधा रोपण किया गया। साथ ही समाज द्वारा संचालित वाचनालय का वरिष्ठ विप्रजनों द्वारा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस वाचनालय की विशेषता यह है कि इसमें सभी बच्चों के लिए निःशुल्क 10वीं 12वीं विज्ञान आर्ट कॉमर्स सहित सभी विषयों के किताबें, छ्श्वश्च, ह्श्वश्चज्ञ, क्क्स्ष्ट, क्क्स्ष्ट के तैयारी हेतु मटेरियल पुस्तक, लॉ एवं कोर्ट के हेतु वकालत की पुस्तक उपलब्ध हैं। साथ ही जिन वरिष्ठ लोगों के विवाह के 50 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं उनका भी सम्मान किया गया।

संगठन की प्रदेशाध्यक्ष भारती शर्मा ने संगठन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि हमारा संगठन विगत 10 वर्षो से समाज को संगठित करने और सामाजिक मूल्यों को समझने के लिए कार्य कर रहा है।

स्व सहायता समूह की दीदी आजीविका मूलक गतिविधियों से जुड़कर बन रही आत्मनिर्भर

■ समूहों से 1 लाख 24 हजार से अधिक महिलाएं जुड़कर कर रही है कार्य

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं को स्व-रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में जशपुर जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सभी विकास खंड में 11 हजार 559 स्व-सहायता समूह का गठन किया गया है। जिसमें 1 एक लाख 24 हजार 117 महिला सदस्य जुड़ी हुई हैं और ये महिलाएं विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन गयी हैं।

विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें स्व-सहायता समूह को 703 ग्राम संगठन एवं 32 संकुल संगठन के माध्यम से संगठित किया गया है। गठित स्व-सहायता समूह सदस्यों की आय में निरंतर वृद्धि के लिए सार्थक प्रयास भी किए जा रहे हैं। महिलाओं को कृषि के माध्यम से बीज उपचार, प्राकृतिक खाद, द्रव जीवामृत, घन जीवामृत, ब्रह्मास्त्र, नीमस्त्र, निर्माण एवं निरंतर प्रयोग हेतु प्रेरित किया जा रहा है, इस प्रकार से कृषि पशुपालन, मत्स्य पालन, किराना दुकान, ईट निर्माण आदि विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि हेतु प्रयास किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न योजनाओं जिसमें मुख्यतः कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, रेशम विभाग, रोजगार गारंटी योजना आदि में संचालित होने वाली योजनाओं से जोड़कर स्व-सहायता समूह सदस्यों की आय में वृद्धि हेतु प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सामुदायिक निधि के द्वारा समूह सदस्यों को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही साथ बैंक के माध्यम से स्व-सहायता समूह का बैंक लिंकेज एवं मुद्रा लोन के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में आजीविका गतिविधि हेतु राशि उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उनमें आत्मनिर्भरता बढ़ती जा रही है।

महिलाएं गढ़ रहीं बेहतर कल

महतारी वंदन योजना बनी आर्थिक संबल

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की महतारी वंदन योजना ग्रामीण महिलाओं के जीवन में बदलाव की नई इबारत लिख रही है। यह योजना न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि परिवार की जरूरतों में भी सहभागी बन रही हैं। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के ग्राम पंडरीतराई निवासी श्रीमती रबीना पिस्दा जो एक गृहिणी हैं। उन्हें योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है। उन्होंने बताया कि इस राशि को वह अपने बेटे की शिक्षा और जरूरी घरेलू कार्यों में उपयोग कर रही हैं। इस वर्ष जब उनके बेटे का पहली कक्षा में प्रवेश हुआ, तो उन्होंने महतारी वंदन योजना की राशि से बेटे के लिए बस्ता, स्लेट, पेंसिल, जूते सहित अन्य शिक्षण सामग्री खरीदी। श्रीमती रबीना बताती हैं कि उनके पति कृषि कार्य करते हैं और वह स्वयं भी खेती में हाथ बंटाती हैं। पहले किसी भी प्रकार की बचत कर पाना मुश्किल था, लेकिन इस योजना से अब हर माह थोड़ी-बहुत राशि बचाकर वह अपने बेटे के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत कर पा रही हैं।

अध्यात्म शाला का द्वितीय सत्र का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। श्री शांति कल्याण चातुर्मास संघ द्वारा अध्यात्म शाला का द्वितीय सत्र का आयोजन श्री अभिनंदन स्वामी जिनालय में किया गया लगभग 180 बालक-बालिकाओं ने उक्त शिविर में भाग लिया. कार्यक्रम के प्रारंभ में बच्चों ने पिछले सप्ताह के टास्क के रूप में पेंटिंग, स्पीच, गीत आदि प्रस्तुत किए. अध्यात्म शाला में परम पूज्य मुनिराज श्री शोभन तिलक विजय जी म.साहब एवं साध्वी जी द्वारा बच्चों में संस्कार एवं परोपकार के बारे मे कहानियों के माध्यम से में जानकारियां दी. तत्पश्चात पूज्य मुनीभगवंत ने कहानी के आधार पर बच्चों से प्रश्न पूछे।

गरीबों पर बढ़ा बिजली बिल का भार: गोपाल साहू

✷ स्मार्ट मीटर में तकनीकी दिक्कत, तत्काल समाधान करे सरकार-सूरज उपाध्याय

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लगाया जा रहे हैं नए स्मार्ट मीटर की खामियों को बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जो हर घर में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं उसके दुष्परिणाम आने लगे हैं, स्मार्ट मीटर लगने के बाद जनता परेशान हो चुकी है जिन उपभोक्ताओं का बिल 300-400 रूपये आता था स्मार्ट मीटर लगाने के बाद उनका बिल 1000-1200 रूपये आ रहा है। साथ ही बिजली वोल्टेज की समस्या भी परेशानी दे रही है जिससे इलेक्ट्रॉनिक सामान खराब हो रहें हैं। दरअसल स्मार्ट मीटर भारत के के क्लाइमेट के हिसाब से नहीं बना है,स्मार्ट मीटर अभी तो समझ में नहीं आ रहा लोगों को जब टेंपरेचर बढ़ेगा गर्मी में तो मीटर और तेजी से घूमेगा और ज्यादा बिल आएगा स्मार्ट मीटर भारत के मौसम में फीट नहीं बैठता वह ठंडे प्रदेशों के लिए ठीक है।प्रदेश महासचिव (मीडिया,सोशल मीडिया,मुख्य प्रवक्ता) सूरज उपाध्याय ने कहा कि एक ओर तो सरकार डिजिटल तकनीक सुविधाओं को बढ़ाने का दावा करती है, लेकिन स्मार्ट मीटर की कमियों ने सरकार की इन दावों की पोल खोल दी है हालात ग्रामीण क्षेत्रों में और भी ज्यादा खराब है जहां गरीबों को बिजली का भारी बिल थमा दिया जा रहा है। स्मार्ट मीटरों में खामियों को लेकर हाल में कई उपभोक्ताओं ने शिकायतें की हैं। स्मार्ट मीटर का उद्देश्य बिजली उपभोग की सटीक निगरानी, ऑटोमैटिक रीडिंग और रियल-टाइम डेटा उपलब्ध कराना है, लेकिन कई जगह तकनीकी और संचालन संबंधी खामियाँ सामने आई हैं।

मलेरिया पैरासाइट को खत्म करने शत प्रतिशत जनसंख्या का स्क्रीनिंग करना अनिवार्य

मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान शासन की पहली प्राथमिकता

❥ प्रभावी कार्ययोजना बनाकर करें काम: आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला

रायपुर/ नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु जिला अस्पताल सुकमा के सभाकक्ष में आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख योजनाओं, उनके लक्ष्यों, प्राप्तियों और कार्यों की विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल की प्राथमिकता वाले कार्यों में से एक है और मलेरिया को खत्म करने लिये शासन हर संभव प्रयास कर रही है।

मलेरिया पैरासाइट को खत्म करने के लिए शत प्रतिशत जनसंख्या का स्क्रीनिंग करना अनिवार्य है। उन्होंने निर्देश दिया कि मलेरिया पॉजिटिव मरीज के ठीक हो जाने के बाद 1 महीने पश्चात फिर से उस मरीज का फॉलो अप करके ब्लड सैंपल लेकर जांच किया जाए। साथ ही छिन्दगढ़ और कोंटा विकासखंड के गांव मलेरिया के अधिक प्रभाव वाले स्थानों में आते हैं, यहां विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि फील्ड के अधिकारी और स्वास्थ्य कार्यकर्ता लगातार क्षेत्र का भ्रमण करें और बुखार से पीड़ित व्यक्ति का मलेरिया जांच भी करना सुनिश्चित करें।

डॉ. शुक्ला ने जानकारी देते हुए कहा कि जल्द ही स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल भी मलेरिया मुक्त अभियान की तैयारियों और कार्यों का जायजा लेने के लिए बस्तर संभाग का भ्रमण करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हॉस्टल, आश्रम और गांवों में मच्छरदानी के उपयोग को प्रोत्साहित करना जरूरी है।

उन्होंने मलेरिया नियंत्रण के लिए फील्ड में जाकर जागरूकता फैलाने और चिकित्सा कार्यों को और अधिक सघन करने के निर्देश दिए। डॉ. शुक्ला ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पूरी मेहनत, पारदर्शिता और आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और इसके लिए जमीनी स्तर पर ठोस कार्यवाही जरूरी है।

भूतेश्वरनाथ में भक्तों की रेला

■ रविवार को गाडियों की लगी लंबी लाइन

गरियाबंद/नवप्रदेश। विश्व के विशालतम शिवलिंगो में एक स्वयंभू भूतेश्वरनाथ शिवलिंग है जो गरियाबन्द जिला मुख्यालय से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थापित है। यह ऐसा शिवलिंग है जिसके बारे में मान्यता है कि इसकी ऊंचाई हर साल बढ़ते ही जा रहा है, जो हरे भरे प्राकृतिक वादियों के बीच अदभुत अकल्पनीय सा दिखता यह शिवलिंग पूरे छत्तीसगढ़ के शिव भक्तों की आस्था का केंद्र बन गया है। सावन के महीने में छत्तीसगढ़ सहित दीगर राज्यों से भी भक्त जल लेकर भगवान शिव को अर्पित करने पहुचते हैं, और भोले बाबा भी उनकी मन मांगी मुराद जरूर पूरी करते हैं। यही कारण है कि बीते 15 से 20 वर्षो में यहां पहुंचने वाले भक्तों की संख्या में कई गुना बढ़ गई है।

गरियाबंद में विराजित विश्व प्रसिद्ध भूतेश्वरनाथ में सावन के महीने में जलाभिषेक करने हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है। ऐसी मान्यता है कि यह शिवलिंग हर साल अपने आप में बढ़ता जा रहा हैं, नंगे पांव मीलो दूर से आते है भोले के भक्त.यहां हर वर्ष सावन माह पर्व पर जल अर्पित करते हैं। यहां पर दूर दराज से भक्त आकर महादेव की अराधना करते हैं। सावन माह के समय शिव भक्त अनायास ही गरियाबंद की ओर खिंचे चले आते है और एक लोटा जल चढाकर अपनी सारी चिंताओं को त्याग कर भूतेश्वरनाथ की शरण में पहुंच जाते है।

कल्याण ने प्रमाणित किया

इस शिवलिंग का पौराणिक महत्व सन 1959 में गोरखपुर से प्रकाषित धार्मिक पत्रिका कल्याण के वार्षिक अंक के पृष्ट क्रमांक 408 में उल्लेखित है। जिसमें इसे विश्व का एक अनोखा महान एवं विषाल शिवलिंग बताया गया है। यह जमीन से लगभग 70 फीट उंचा एवं 200 फीट गोलाकार है,यहां यह भी मान्यता है कि सच्चे मन से जो भी मनोकामना की जाती है वह पूरी होती है।

घने जंगलो के बीच बसा है ग्राम मरौदा सुरम्य वनों एवं पहाडियों से घिरे अंचल में प्रकृति प्रदत्त विश्व का सबसे विशाल शिवलिंग विराजमान है। जहा हर वर्ष भक्तो की भीड़ तो बढ़ रही है भी उन भक्तो के मनोरंजन के लिए रामायण भागवत व भक्ति गीतों के साथ नगर के युवाओं द्वारा हर वर्ष संगीत मय लेजर लाइट का भी आयोजन किया जाता है। इस शिवलिंग के बारे में बताया जाता है कि आज से सैकड़ों वर्ष पूर्व जमीदारी प्रथा के समय पारागांव निवासी शोभासिंह जमींदार की यहां पर खेती बाडी थी। शोभा सिंह शाम को जब अपने खेत मे घुमने जाता था तो उसे खेत के पास एक विशेष आकृति नुमा टीले से सांड के हुंकारने (भूकरने) एवं शेर के दहाडनें की आवाज आती थी,अनेक बार इस आवाज को सुनने के बाद शोभासिंह ने उक्त बात ग्रामवासियों को बताई।ग्राम वासियों ने भी शाम को उक्त आवाजे अनेक बार सुनी. तथा आवाज करने वाले सांड अथवा शेर की आसपास खोज की,लेकिन दूर दूर तक किसी जानवर के नहीं मिलने पर इस टीले के प्रति लोगों की आस्था व श्रद्धा बढने लगी और लोग इस टीले को शिवलिंग के रूप में मानते हुए सावन और महाशिवरात्रि में मेला मनाने लगे और इसका नाम भकुर्रा रखा गया।इस बारे में ग्राम पारागावं के लोग बताते है कि पहले यह टीला छोटे रूप में था,जो धीरे धीरे इसकी उचाई एवं गोलाई बढ़ती गई.जो आज भी जारी है इस शिवलिंग में प्रकृति प्रदत जललहरी भी दिखाई देती है. जो धीरे धीरे जमीन के उपर आती जा रही है।

गिरिबन्द है गरियाबंद : यह समस्त क्षेत्र गिरी (पर्वत) और वनों से आच्छादित हैं ,जिसके चलते इसका नाम पुराने समय मे गिरिबन्द था जो बाद में बदलकर गरियाबंद हुआ,भूमि,जल,अग्नि, आकाश और हवा पंचभूत कहलाते हैं।इन सबके ईश्वर भूतेश्वर हैं समस्त प्राणियों का शरीर भी पंचभूतों से बना हैं।इस तरह भुतेश्वरनाथ सबके ईश्वर हैं उनकी आराधना/ सम्पूर्ण विष्व की आराधना हैं भुतेश्वरनाथ प्रांगण अत्यंत विशाल हैं यहां पर श्री गणेश मंदिर,श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर,श्री राम जानकी मंदिर,यज्ञ मंडप, सामुदायिक भवन, सांस्कृतिक भवन तथा बजरंग बली का मंदिर हैं और सिरकट्टी महाराज सिया भुनेश्वरी जी का भी मंदिर स्थापित है।भुतेश्वरनाथ समिति तथा अनेक श्रध्दालुओं के द्वारा यह निर्माण हुए हैं जो भुतेश्वरनाथ धाम को भव्यता प्रदान करते हैं।

मद्देड़ पंचायत में लाखों की हेराफेरी, पूर्व सरपंच-सचिव की मिलीभगत

जांच अधिकारीयों पर लीपापोती के आरोप, कलेक्टर को शिकायत के बावजूद पारदर्शी जांच नहीं, ग्रामीण फिर देंगे आवेदन

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले की ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक अनियमितताओं और सरकारी फंड के दुरुपयोग की शिकायतें आए दिन सामने आ रही हैं। अब ग्राम पंचायत मद्देड़ का मामला सुर्खियों में है, जहां ग्रामीणों ने पंचायत के पूर्व सरपंच सम्मैया सण्ड्रा और सचिव कोड़े सुधाकर पर 15वें वित्त की राशि का गबन और फर्जी भुगतान की जांच प्रक्रिया को लेकर ग्रामीणों ने जांच अधिकारियों पर अनियमितता के आरोप लगाए हैं और पुनः जांच की मांग के लिए कलेक्टर महोदय को आवेदन देने की तैयारी कर रहे हैं।

पांच वर्षों से चल रहा था फंड का गबन?

17 दिसंबर 2024 को ग्रामीणों ने कलेक्टर को लिखित शिकायत दी, जिसमें सरपंच और सचिव पर पांच वर्षों में पंचायत के फंड को कई खातों में एफटीओ के माध्यम से ट्रांसफर कर लाखों रुपये का गबन करने, एक ही नाली निर्माण के नाम पर तीन बार राशि आहरित करने, जबकि कार्य पूरी तरह से अधूरा होना, सरकारी योजनाओं के दुरुपयोग, रिश्वत लेकर शासकीय भूमि पर निर्माण की अनुमति देने के आरोप लगाए गए थे।

कार्रवाई केवल सचिव तक सीमित? रिकवरी और सरपंच की जवाबदेही पर प्रश्न

ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी राशि का आहरण पूर्व सरपंच सम्मैया सण्ड्रा और सचिव कोड़े सुधाकर दोनों के हस्ताक्षर से किया गया था। इसके बावजूद विभागीय [illegible]

पंचायत भवन बैठक में सचिव से जवाब तलब

[illegible]

जांच अधिकारियों पर भी सवाल

[illegible]

रामानुजगंज में एक ही अधिकारी को तीन विभागों का प्रभार

■ जनता परेशान, प्रशासनिक निर्णय पर उठे सवाल

■ रामानुजगंज रामचंद्रपुर जनपद में 94 ग्राम पंचायत और तहसील के अंतर्गत लगभग 25

[illegible]

चाकूबाज गुंडों की पुलिस ने निकाली हेकड़ी

■ रिपोर्ट कर निकाला जुलूस भेजा जेल

अब तक आधा दर्जन गुंडे बदमाश गिरफ्तार

निडर होकर जाएं श्रमिक बाजार गुंडों के खिलाफ जारी रहेगा अभियान

[illegible]

मौत का वाटरफॉल बना रानीदहरा

तीन युवकों के बहने से फिर मचा हड़कंप, एक की मौत

■ कई घंटों बाद मिला एक लापता युवक

कवर्धा/नवप्रदेश। बोड़ला विकासखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रानीदहरा जलप्रपात में रविवार को एक और दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया। बाढ़ के तेज बहाव में तीन युवक बह गए, जिनमें से एक की मौत हो चुकी है, एक युवक को ग्रामीणों ने बचा लिया, जबकि तीसरा अब तक लापता रहा जिसे देर शाम ढूंढ लिया गया है । इस घटना में एक मौत हुई है ,

लगातार हो रही बारिश के कारण जलप्रपात में अचानक उफान आ गया और यह सुंदर स्थल एक बार फिर जानलेवा बन गया। बीते तीन वर्षों में यहां आठ लोगों की जान जा चुकी है, जिससे यह क्षेत्र अब मौत के वाटरफॉल के नाम से पहचाना जाने लगा है। बार-बार हो रही घटनाओं के बावजूद प्रशासन की निष्क्रियता और सुरक्षा उपायों की कमी चिंता का विषय बन चुकी है।

मुंगेली निवासी नरेंद्र पाल (45 वर्ष), पिता अवतार सिंह अपने साथियों के साथ रानीदहरा पहुंचे थे। बारिश के कारण अचानक आए बाढ़ के पानी में वे बह गए और डूबने से उनकी जान चली गई। सूचना पर पहुंची डॉयल 112 की टीम ने उनका शव बरामद किया। वहीं बेमेतरा जिले से आए दो युवक मोटर साइकिल से लौटते समय नाले में आई बाढ़ की चपेट में आ गए। एक युवक को खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने बहादुरी दिखाते हुए सुरक्षित बचा लिया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जबकि दूसरा युवक लापता था जिसकी तलाश में पुलिस तथा गोताखोरों की टीम लगातार प्रयास कर रही थी आखिर देर शाम लापता युवक को ढूंढ लिया गया ।

यह हादसा कोई अपवाद नहीं, बल्कि उस लापरवाह तंत्र का परिणाम है जो चेतावनियों के बावजूद हर बार निष्क्रिय रहता है। अगस्त 2024 में डिप्टी सीएम अरुण साव के भांजे तुषार साहू, सितंबर 2024 में नागपुर निवासी अलफाज अंसारी, और सितंबर 2023 में राहुल ठाकुर व शुभम झरिया की इसी स्थान पर डूबकर मौत हो चुकी है। अब नरेंद्र पाल की मृत्यु और एक युवक के लापता होने की खबर ने दुख और डर दोनों को और गहरा कर दिया है।

स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने रानीदहरा को मौत का जलप्रपात कहना शुरू कर दिया है। न चेतावनी बोर्ड, न सुरक्षा घेराबंदी, न कोई रेस्क्यू पोस्ट—प्रशासनिक लापरवाही हर दुर्घटना के पीछे मौन रूप से उपस्थित रहती है। हर वर्ष यहां जानें जाती हैं, लेकिन सीख नहीं ली जाती।

पीएम जनमन, धरती आबा और नियद नेल्ला नार योजनाओं के क्रियान्वयन से ग्रामीणों और रहवासी क्षेत्र का हो रहा है बेहतर विकास

दो बड़ी परियोजनाओं से बस्तर में विकास की नई बयार

बस्तर के विकास को लगेंगे पंख

जगदलपुर-रावघाट रेललाइन को मिली मंजूरी

बस्तर को राजधानी रायपुर से रेलमार्ग से जोडऩे का सपना जल्द ही पूरा होने जा रहा है। भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने रावघाट-जगदलपुर 140 किमी रेलमार्ग को स्वीकृति दे दी है। इस परियोजना पर कुल 3513.11 करोड़ रुपये लागत आएगी जिसका संपूर्ण व्यय केंद्र सरकार उठाएगी। इस सौगात से बस्तर अंचल के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास को पंख लगेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस परियोजना को स्वीकृति देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है।

बस्तर पर्यटन और व्यवसाय के लिए बेहद अहम

बस्तर को रेलमार्ग से जोडऩे की माँग पिछले कई दशकों से की जा रही थी, हालाँकि मोदी और साय की डबल इंजन की सरकार के आने के बाद ही इस महत्वाकांक्षी परियोजना को हरी झंडी मिल पाई है। प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण बस्तर पर्यटन और व्यवसाय के लिहाज से बेहद अहम है। रेलवे की सुविधा मिलने से नारायणपुर, कोंडागाँव जैसे पिछड़े जिलों को रेलवे के मानचित्र पर स्थान मिलेगा। इससे इस आदिवासी अंचल में स्थित सुरम्य वन प्रांतर, नदियाँ, झरने, गुफाएँ आम पर्यटकों की पहुंच में आ जाएंगे। इस रेल मार्ग से बस्तर की अद्भुत जनजातीय संस्कृति का प्रचार प्रसार देश दुनिया में हो सकेगा। इससे स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा और बस्तर के विकास को अभूतपूर्व गति मिलेगी।

स्थानीय उत्पादों और लॉजिस्टिक्स के नेटवर्क में होगा सुधार

रेलवे नेटवर्क से खनिज संसाधनों के परिवहन, स्थानीय उत्पादों और लॉजिस्टिक्स के नेटवर्क में सुधार होगा। क्षेत्रीय उद्योगों और किसानों को राष्ट्रीय बाजार से जोडऩे की पहल संभव होगी। प्रस्तावित रेलमार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण का काम लगभग पूरा हो चुका है। परियोजना जल्द प्रारंभ होने की संभावना है तथा इसे तय समयसीमा में पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर के विकास का जो स्वप्न वर्षों से सजाया गया था वह इस रेललाइन परियोजना से साकार होता दिख रहा है। रावघाट-जगदलपुर रेललाइन को मिली स्वीकृति बस्तर की जनता के साथ सरकार की भावनात्मक प्रतिबद्धता और विकास के वादे की पूर्ति का प्रतीक है। यह रेलमार्ग बस्तर की नई जीवन रेखा बनने जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, उद्योग के बेहतर अवसर इससे सृजित होंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों में अब आवाजाही आसान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय (महानदी भवन) में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेशहित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। 30 अप्रैल 2025 को हुई बैठक में 'मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सुविधा योजना' का शुभारंभ, किए जाने का निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में जिन इलाकों में लोगों को एक से दूसरे जगहों में आने-जाने में दिक्कतें होती हैं, वहाँ शासकीय बस सेवा शुरू की जाएगी। प्रदेश के सुदूर अंचलों को परिवहन से जोडऩे की दिशा में यह फैसला मील का पत्थर साबित होगा। बस्तर से लेकर जशपुर तक सभी इलाके इस नई योजना के दायरे में आएँगे।

विकास को नई गति

छत्तीसगढ़ के बहुप्रतीक्षित विकास की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर लगभग 49 हजार करोड़ रुपये की दो बड़ी परियोजनाओं पर चर्चा की। इन परियोजनाओं में बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना और इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना शामिल हैं। मुख्यमंत्री की इस पहल से बस्तर संभाग के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

बस्तर का भविष्य

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री को बताया कि बस्तर क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए यह परियोजना 'गेम चेंजर साबित होगी। इससे सिर्फ बस्तर ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ को ऊर्जा, सिंचाई और जल आपूर्ति के क्षेत्र में मजबूती मिलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री से इस परियोजना के शीघ्र स्वीकृति और क्रियान्वयन में केंद्र सरकार के सहयोग का अनुरोध किया है। महत्व को समझते हुए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

बस्तर में विकास

नियद नेल्ला नार योजना के साथ नक्सल प्रभावित गांवों में जनसुविधाओं का विकास 221 किलोमीटर लम्बाई की 47 सड़कें और 5 पुलों का निर्माण बस्तर के युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए बस्तर ओलंपिक का आयोजन नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रोबोटिक्स और एआई की शिक्षा नक्सल प्रभावितों और आत्म समर्पित नक्सलियों के लिए 15000 पीएम आवासों का निर्माण

विकास को मिलेगा नया आधार

छत्तीसगढ़ के बहुप्रतीक्षित विकास की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर लगभग 49 हजार करोड़ रुपये की दो बड़ी परियोजनाओं पर चर्चा की। इन परियोजनाओं में बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना और इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना शामिल हैं। मुख्यमंत्री की इस पहल से बस्तर संभाग के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

छत्तीसगढ़ अब माओवाद से प्रभावित राज्य नहीं

छत्तीसगढ़ सरकार पारदर्शी और निवेशक-अनुकूल नीतियों के साथ निवेशकों को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। हमारी औद्योगिक नीति केवल उद्योगों की स्थापना को नहीं, बल्कि रोजगार सृजन और आर्थिक समृद्धि को भी प्राथमिकता देती है। अमृतकाल के छत्तीसगढ़ विजन 2047 के तहत, हम एक विकसित भारत के निर्माण में अपना निर्णायक योगदान देंगे। छत्तीसगढ़ अब माओवाद से प्रभावित राज्य नहीं, बल्कि एक तकनीकी और औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर रहा है।

बोधघाट बांध परियोजना

बोधघाट बांध परियोजना बस्तर की इंद्रावती नदी पर आधारित एक बहुउद्देशीय परियोजना है, जिसकी शुरुआत 1980 में हुई थी। इसका प्रारंभिक उद्देश्य बिजली उत्पादन था, लेकिन बाद में इसमें सिंचाई को भी शामिल किया गया।

29,000 करोड़ योजना की लागत

3,78,475 हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई

125 मेगावाट बिजली उत्पादन

कुल जल भराव क्षमता	:	2727 मि.घ.मी.
जलाशय क्षेत्रफल	:	10,440 हेक्टेयर
लाभान्वित गांव	:	260
डूबान क्षेत्र में आने वाले गांव	:	36
पेयजल आपूर्ति	:	40 मि.घ.मी.
उपयोगी जल भराव क्षमता	:	2009

131 किमी नहर से जुड़ेंगी, इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना

264 किमी इंद्रावती नदी पर बारसूर गांव के समीप बोधघाट बांध परियोजना

20,000 करोड़ योजना की लागत

50,000 हेक्ट. कांकेर में सिंचाई सुविधा

4824 टन प्रति वर्ष मत्स्य उत्पादन

इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना

इस परियोजना के माध्यम से भी होगा सिंचाई का विस्तार ड्राफ्ट के मुताबिक बस्तर में चित्रकोट के पास से इंद्रावती से नहर शुरू होगी। यहां से बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव, केशकाल, कांकेर होते हुए महानदी से जोड़ा जाएगा।

हरे सोने से समृद्धि

तेन्दूपत्ता संग्राहकों को राहत



5500 रुपए प्रति बोरा, 920 करोड़ का हुआ भुगतान

छत्तीसगढ़ के वनों में एक बार फिर हरियाली केवल पेड़ों तक सीमित नहीं रही, इस बार यह हरियाली 14 लाख से अधिक संग्राहक परिवारों की झोली में खुशहाली लेकर आई है। तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य राज्य में तेज़ी से शुरू हो चुका है और इसकी प्रतिफल राशि अब पहले से कहीं अधिक सीधे संग्राहकों के खातों तक पहुँच रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत जो वादा किया था, उसे पूरा कर दिया है। 5500 रुपए प्रति बोरा पारिश्रमिक दिए जाने का काम इस वर्ष भी शुरू हो चुका है। इस साल करीब 920 करोड़ रुपए भुगतान स्वरूप बाँटे जाने की उम्मीद लगाई जा रही है।

डिजिटल भुगतान से पारदर्शिता

अब संग्राहकों को पारिश्रमिक की राशि उनके बैंक खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर की जा रही है। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ ने नया सॉफ्टवेयर 'एमएफपी कलेक्शन एंड पेमेंट सिस्टम' तैयार किया है, जिससे भुगतान प्रक्रिया पारदर्शी और त्वरित हो गई है। राज्य लघु वनोपज संघ के मुताबिक इस बार सभी जिला यूनियनों द्वारा तेंदूपत्ता का भुगतान संग्राहकों के खातों में ऑनलाइन किया जाएगा। 28 अप्रैल 2025 तक 5.64 लाख मानक बोरा संग्रहण हो चुका है। सुकमा, दंतेवाड़ा और जगदलपुर में तेंदूपत्ता का संग्रहण किया जा रहा है। बस्तर संभाग के लिए बोरा, सुतली एवं अन्य सामग्रियों एवं परिवहन की व्यवस्था भी पूरी कर ली गई है। फड़ से गोदाम तक एवं गोदामों में भण्डारित तेंदूपत्ता का बीमा लघु वनोपज संघ द्वारा किया जा चुका है।

लक्ष्य से अधिक, बस्तर सबसे आगे

बस्तर संभाग के सुकमा, दंतेवाड़ा और बस्तर जिले में 28 अप्रैल तक ही 22,000 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण हो चुका है। पूरे बस्तर संभाग में 5.64 लाख मानक बोरा का संग्रहण लक्ष्य है, जो राज्य के कुल लक्ष्य का एक तिहाई से अधिक है।

संगठन और योजना का मजबूत ढाँचा

-तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य 31 जिला वनोपज सहकारी यूनियनों और उनके अंतर्गत 902 प्राथमिक समितियों के जरिए संचालित किया जा रहा है। इस साल 954 लॉटों में संग्रहण का काम चल रहा है।

-अब तक 21 जिला यूनियनों की 868 समितियों के 661 लॉटों की अधिसूचित मात्रा (10.08 लाख बोरा) का 767 करोड़ रुपए में अग्रिम विक्रय भी किया जा चुका है, जिससे संग्रहण कार्य को आर्थिक स्थिरता मिली है।

जंगल से जुड़ता जनजीवन

छत्तीसगढ़ सरकार का यह अभियान केवल वनों से उपज लेने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राज्य के वनों में बसे आदिवासी और ग्रामीण परिवारों की आर्थिक रीढ़ को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है। पारिश्रमिक दरों में बढ़ोतरी और डिजिटल भुगतान प्रणाली ने यह साबित कर दिया है कि यदि नीतियाँ जमीनी हकीकत से जुड़ी हो, तो विकास की महक जंगलों से भी उठती है।

संग्राहकों के लिए जीवन रक्षा कवच

तेन्दूपत्ता सिर्फ वन उत्पाद नहीं है यह हजारों आदिवासी परिवारों की आजीविका की डोर है। लेकिन जीवन के इस कठिन संघर्ष में यदि कोई आकस्मिक हादसा हो जाए तो? ऐसे ही सवालों का जवाब बनकर उभरी है - राजमोहिनी देवी तेन्दूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना, जो अब सिर्फ मुआवजा नहीं, बल्कि एक भरोसे की व्यवस्था बन गई है।

राजनांदगाँव जिले से मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2024-25 में राजनांदगाँव जिले में 32 दावा प्रकरणों का निराकरण करते हुए 36 लाख 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रभावित परिवारों को दी गई। इस योजना ने संकट में घिरे परिवारों को आर्थिक रूप से स्थिर करने का काम किया, जो वास्तव में शासन की संवेदनशीलता और जमीनी सरोकारों को दर्शाता है।

■ न्यूज गैलरी

25 को उर्स अमीने शरीयत के मौके पर कांकेर में लगेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

कांकेर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सूफी संत हुजूर अमीने शरीयत का उर्स मुबारक 25 जुलाई को छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में मनाया जा रहा है। उर्स अमीने शरीयत के उर्स मुबारक को लेकर हुजूर अमीने शरीयत के मुरीदों ने उर्से अमीने शरीअत के अवसर पर फ्री हेल्थ चेकअप वक़्त सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक स्थान मेमन पैलेस संजय नगर कांकेर में आयोजित किया गया है। उर्स अमीने शरीयत के उर्स मुबारक पर फ्री हेल्थ चेकअप के आयोजन कर्ता संयोजक - जिले अमीने शरीअत मिशन छत्तीसगढ ब्रांच लतीफ़ मेमन ने बताया कि 25 जुलाई को नि:शुल्क स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ कांकेर लोकसभा के सांसद माननीय भोजराज नाग कांकेर के लोकप्रिय विधायक आशाराम नेताम सहित कांग्रेस भाजपा के नेताओ की उपस्थिती में हेल्थ कैम्प का आयोजन शुरू होगा। इसके साथ हीं फ्री हेल्थ चेकअप में छत्तीसगढ़ राज्य के नामी डॉक्टरों की टीम आम लोगों के स्वास्थ्य का जांच नि:शुल्क किया जाएगा। इसमें सभी प्रकार की जांच शामिल होगी जैसे बक्श टेस्ट ब्लड ग्रुप टाइफाइड मलेशिया जैसे अन्य जांच शामिल हैं। बता दें कि फ्री हेल्थ कैम्प में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्पेशलिस्ट डॉक्टरों में डॉ.आकांशा चीखलेकर (स्त्री एवं स्त्री कैंसर रोग)डॉ.पंकज पटेल (हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ)डॉ. देवव्रत हिसीकर (कैंसर रोग)डॉ.वसीम खान (कार्डियक थोरासीक सर्जन)डॉ.गौरव जोशी (कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी) डॉ. अक्षत जैन (हृदय रोगविशेषज्ञ)डॉ.अंकित गर्ग (हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ)डॉ. जावेद परवेज (हृदय रोग विशेषज्ञ)डॉ. राकेश सिंग (बच्चों का चिकित्सक)डॉ.भुवन शर्मा (न्यूरोलॉजिस्ट)डॉ.राहुल शाह (हड्डी शल्य चिकित्सक) शामिल होंगे। जिन्हें भी इस फ्री हेल्थ चेकअप में जांच कराना हो तो वे अमीने शरीअत मिशन छत्तीसगढ़,ब्रांच कांकेर के दिए गए मोबाइल नंबर 8285295555-- 9424295555 पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते है।

महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

एमसीबी/ नवप्रदेश। डॉ. आर.एन.एस. शिक्षा महाविद्यालय, मनेन्द्रगढ़ में मतदाता जागरूकता और नवाचार के लिए एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने एवं संसोधन तथा मत के अधिकार एवं उसके महत्व के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। उपरोक्त कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर रामकिंकर पाण्डेय, प्राचार्य, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, सतीश द्विवेदी निर्वाचन पर्यवेक्षक की उपस्थिति में बी.एल.ओ. राधा भट्टाचार्य एवं रोहणी दास के द्वारा सम्बन्धित विषय पर प्रशिक्षण एवं जानकारी प्रदान किया गया।

माओवादी विरोधी अभियान में बड़ी सफलता

बीजापुर/ नवप्रदेश।। बीजापुर जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना बासागुड़ा और कोबरा 210 की संयुक्त कार्रवाई में डल्ला आरपीसी (रिवोल्यूशनरी पीपल्स कमेटी) के जनताना सरकार उपाध्यक्ष मोड़ियम सुक्कु को प्रतिबंधित विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तारी 21 जुलाई, 2025 को कुम्हारपारा और धरमापुर के बीच हुई, जहाँ एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध और प्रतिबंधित विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान 35 वर्षीय मोड़ियम सुक्कु, पिता बुधरू, निवासी डल्ला के रूप में हुई।

दूसरे सोमवार भी शिवालयों में गूंजा हर हर महादेव

■ **शिवालयों में हुई भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना**

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। सावन मास के दूसरे सोमवार भी आज भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर आज नगर के सभी शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की काफी लगी रही। भक्त अल सुबह से ही मंदिरों में पहुंच पूजा अर्चना कर भोलेनाथ से सुख शांति व समृद्धि का आर्शीवाद मांगते रहे। इस मौके पर मां दंतेश्वरी देवी के मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

श्रावण के दूसरे सोमवार पर आज कामिका एकादशी एवं श्रावण सोमवार एक साथ होने से शिवालयों में अल सुबह से ही महिला श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लगी रही। सावन मास का आज यह दूसरा सोमवार है। श्रावण के दूसरे सोमवार पर आज भक्तों ने दूध, बेलपत्र, गंगाजल, धतूरा एवं कनेर के फूल व पुष्प आदि से शिवलिंग का जलाभिषेक कर भोलेनाथ से सुख समृद्धि का आर्शीवाद मांगा। नगर के शिवालयों में शिवजी को जलाभिषेक करने सुबह से श्रद्धालु अपने नजदीक स्थित शिवालयों में पहुंच भालेनाथ को जल, पुष्प चढ़ाकर पूजा अचर्ना करते रहे।

बारिश नहीं होने से खेतों में पड़ने लगी दरार, नहीं हो पा रही रोपाई

❖ **पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसानों की चिंताएं बढ़ी, सताने लगा सूखे का डर**

❖ **जिले में 1 जून से 17 जुलाई तक 403.8 मि.मि. हुई है बारिश**

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले में बीते पखवाड़े भर से बारिश का इंतजार यहां के किसानों को है मगर बारिश है कि गिरती ही नहीं। 15 दिन से ज्यादा का समय बीत चुका है जिले में बारिश हुई ही नहीं है। दिन में धूप एवं उमस भरी गर्मी होती है जिससे लोग खासे परेशान हैं। ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है जब सावन के महिने में पानी की जगह लोगों को मई जून की तरह गर्मी का ऐहसास हो रहा है। आलम यह कि लोगों को रात में कूलर व एसी चलाकर सोना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि बीते पखवाड़े भर से दंतेवाड़ा अंचल में बारिश नहीं हुई है। कृषि विभाग से जारी आंकड़ों पर अगर गौर करें तो 01 जून से 17 जुलाई तक जिले में कुल 403.8 मि.मी. वर्षा हुई है। केंद्रवार अगर नजर डालें तो दंतेवाड़ा में 01 जून से 17 जुलाई तक कुल 370.5, गीदम में 503.0, कुआकोंडा में 307.3, कटेकल्याण में 397.0, बडे बचेली में 469.6 एवं बारसूर में 375.2 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई है। ईधर बारिश के नहीं होने से खेतों में बोए गए धान भी सूखने के कगार पर आ गए हैं। खेतों में दरारें पडनी शुरू हो गई है। किसानों का कहना है कि जब बारिश ही नहीं होगी खेत की मिटटी गिली नहीं होगी तो हम रोपा कैसे लगाएंगे। रोपा लगाने के लिए कम से कम 3 इंच खेत की मिटटी में दलदली होना चाहिए तभी तो पौंधों को उसमें दबाकर लगाया जा सकेगा जिसे रोपा विधि कहते हैं। बारिश की कमी के कारण धान एवं अन्य फसलें सूख रही है और किसानों को सिंचाई के लिए पंपिंग सेट का उपयोग करना पड़ रहा है। छोटे किसानों के पास सिंचाई के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं होते हैं इसलिए वे बारिश पर ही निर्भर रहते हैं ऐसे में अगर बारिश नहीं होती है तो उनकी चिंता बढना वाजिब है। अगर कुछ दिन और बारिश नहीं होती है तो यकीनी तौर पर कृषि कार्य बहुत ज्यादा प्रभावित होगा आगे भी यही हाल बना रहा तो सूखे की स्थिति बन सकती है । जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति पर असर पड़ सकता है। किसानों को अपनी फसलें बर्बाद होने का डर भी सता रहा है। मौसम वैज्ञानिक भले ही यह संदेश दे रहे तों कि आने वाले कुछ घंटों या दिनों में अंचल में अच्छी बारिश होगी मगर बारिश है कि बादलों में दूर दूर तक दिखाई ही नहीं पड़ रहा।

सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ शिशु भारती, बाल भारती, कन्या भारती का गठन

अंतागढ़/ नवप्रदेश। सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर अंतागढ़ में प्राचार्य महेश कुमार भावसार की उपस्थिति में शिशु भारती बाल भारती एवं कन्या भारती का गठन किया गया जिसमें शिशु भारती में अध्यक्ष भैया अभय सिन्हा उपाध्यक्ष भैया दिव्यांशु कुर्रे कोषाध्यक्ष बहन ज्ञाप्ति साहू और भैया लिकेश यादव खोया पाया प्रमुख भैया पृथ्वी एवं बहन मीनाक्षी बाल भारती गठन में सेनापति भैया अक्ष सिंह सोलंकी उप सेनापति बहन दीक्षा सहारे अध्यक्ष भैया ज्ञानेश्वर ठाकुर सचिव भैया गौतम उयके सहसचिव बहन रोशनी कुमेटी,अनुशासन प्रमुख भैया तेजस यादव, बहन हेतल कोषाध्यक्ष भैया भावेंद्र कोर्राम, बहन ओजस्वी सलाम ,गणित प्रमुख भैया प्रांजल विज्ञान प्रमुख बहन कनिष्का यादव एवं विद्या यादव जल प्रमुख भैया मयंक गुप्ता स्वच्छता प्रमुख भैया राजन तिवारी लेखा पारकर,वानवीदर्रो स्वास्थ्य प्रमुख भैया टिकेंद्र ,बहन नव्या कुर्रे सांस्कृतिक प्रमुख बहन डालिमा बघेल आरोही, हेतल कन्या भारती में अध्यक्ष बहन दीक्षा सहारे उपाध्यक्ष बहन प्रज्ञा सोनवानी सचिव बहन रोशनी कुमेटी का बहन कनिष्का यादव कोषाध्यक्ष बहन ओजस्वी सलाम रही इस में विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदीयॉ उपस्थित रहे

गौ तस्करी पर मद्देड़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 83 गौवंश बरामद, 7 तस्कर गिरफ्तार

बीजापुर/ नवप्रदेश। बीजापुर जिले के मद्देड़ थाना पुलिस ने गौवंश तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 83 गौवंशीय पशुओं को तस्करों के चंगुल से छुड़ाया है। इस कार्रवाई में तेलंगाना राज्य के 7 तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। मुखबिर ने जानकारी दी थी कि मिनकापल्ली-तारलागुड़ा के जंगल रास्ते से बड़ी संख्या में गौवंशीय पशुओं को तेलंगाना राज्य के एटुनगरम की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही मद्देड़ थाना पुलिस बल ने तत्काल घेराबंदी की योजना बनाई।ग्राम मिनकापल्ली के पास जंगल के रास्ते पशुओं को हांककर ले जा रहे तस्करों को रंगे हाथों पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान अरचंच ईसलावत (26), रमेश मुनावत (25), भुक्य पंतलु (55), भुक्या मानसिंह (45), जरपल?ला कमलेश (22), दशरथ जरपल्ला (30) और अजमेरा रमेश (25) के रूप में बताई। ये सभी तेलंगाना के डोडला कोत्तुर और रेडडीपल्ली के निवासी हैं।

पुलिस ने मौके पर गवाहों की उपस्थिति में आरोपियों के कब्जे से 83 नग गौवंशीय पशु बरामद किए। जांच में सामने आया कि आरोपियों के पास पशु परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज नहीं था।मद्देड़ थाना पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में रिमांड पर प्रस्तुत किया गया है।बरामद किए गए सभी 83 मवेशियों को एसडीएम भोपालपटनम् द्वारा जारी आदेश के परिपालन में ग्राम पंचायत मद्देड़ के कांजी हाउस में सुरक्षित रखा गया है।

वृक्षारोपण कर प्रेस क्लब किरंदुल वेलफेयर एसोसिएशन ने मनाई 16वीं वर्षगांठ

■ **संघ की स्थापना कृष्ण कुंज में वृक्षारोपण कर मनाया**

किरंदुल / नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले की लौह नगरी किरंदुल क्षेत्र की सबसे पुरानी और सक्रिय पत्रकारों की संगठन प्रेस क्लब किरंदुल वेलफेयर एसोसिएशन की 16वीं वर्षगांठ सदस्यों के द्वारा वृक्षारोपण कर मनाया गया । बता दे की यह पत्रकार संघ किरंदुल की सबसे पुरानी और पहली संगठन है जिसमें रीजनल अखबार से लेकर राष्ट्रीय अखबार तक के पत्रकार बंधु इसमें जुड़े हुए हैं इस मोके पर प्रेस क्लब किरंदुल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष बिप्लव मल्लिक ने कहा कि मुख्य उद्देश्य लोगों तक हर पल-पल की रिपोर्ट निष्पक्षता व सच्चाई के साथ पहुंचना ही हमारी पहली प्राथमिकता है । साथ ही साथ ही समाज के विकास में अपनी भूमिका अदा करना भी है इसी उद्देश्य को पूरा करते हुए आज कृष्ण कुंज में फलदार व छायादार पौधा रोपण कर यह एव संरक्षण करने के संकल्प के साथ किरंदुल प्रेस क्लब के सभी सदस्यों ने यहां संदेश दिया कि वृक्षों से ही हमारा प्राण है और वृक्ष के बिना हमारा जीवन ही अधूरा है क्योंकि एक वृक्ष मनुष्य को शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करती है जिसको मानव ग्रहण कर अपने जीवन को जीता है ।

जिले में महिला चरण पादुका का वृहद स्तर पर हो रहा वितरण

➽ **महिलाओं के चहरे पर बिखरी मुस्कान**

➽ **जनता ने माना आभार, कहा- मोदी की एक और गारंटी हुई पूर्ण**

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की महिलाओं को विशेष सुविधा देने के उद्देश्य से प्रदेश में पुनः चरण पादुका वितरण योजना प्रारंभ किया गया है। इस योजना के तहत दंतेवाड़ा जिले के सात समितियों के माध्यम से कुल 19479 जोड़ी महिला चरण पादुका वितरण किया जाना है. इनमें से 9120 जोड़ी चरण पादुका का वितरण जिले के विभिन्न तेंदूपत्ता संग्रहण फड़ में किया जा चुका है. चरण पादुका का वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंच, सरपंच, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, प्रबंधक एवं फड़ मुंशी की उपस्थिति में किया जा रहा है.

प्रदेश में लगभग 5 वर्षों से बंद जनता से जुड़ी महत्वपूर्ण चरण पादुका वितरण योजना मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में पुनः संचालित की जा रही है।

राज्य सरकार द्वारा चरण पादुका योजना की पहल तेंदूपत्ता संग्राहक महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। पूर्ववर्ती सरकार में यह योजना बंद कर दी गई थी जिसे तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के हित में पुनः प्रारंभ किया गया है। जिससे उन्हें जंगलों में कार्य करते समय उनके पैरों को सुरक्षा मिल सके।

बस्तर में अलग महत्व-

चरण पादुका योजना का बस्तर की ग्रामीण जनता के लिए अलग ही महत्व है. हम कह सकते है कि इस योजना के सफल क्रियन्वयन के कारण की यहां के लोग चरण पादुका पहनना सीखे. प्रायः कुछ वर्षों पूर्व देखा जाता था कि बस्तर के अधिकतर ग्रामीण अपने पैरो में चरण पादुका नहीं पहनते थे. जिनके कारण उनके पैरों में अक्सर चोट, जहरीले जीव जंतुओं का काटने संबंधी अनेक घटनाएं होती रहती थी. किन्तु भाजपा सरकार द्वारा पूर्व में चरण पादुका वितरण योजना शुरू होने से धीरे-धीरे यहां के ग्रामीणों ने चरण पादुका पहनना भी सीख लिया. इसलिए हम कह सकते है चरण पादुका वितरण योजना का बस्तर के लिए अलग ही महत्व है.

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 23 जुलाई को वृहद वृक्षारोपण का आयोजन

अभियान को सफल बनाने कलेक्टर ने जिलेवासियों से की अपील

कांकेर/ नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिले में 23 जुलाई को ''एक पेड़ मां के नाम'' 2.0 अभियान के तहत जिला स्तर पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है ''एक पेड़ मां के नाम'' 2.0 अभियान के तहत सभी मिलकर पूरी जिम्मेदारी के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह जन सहभागिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी है। कलेक्टर ने सभी जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, स्वसहायता समूहों, कर्मचारियों और हितग्राहियों से कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। इसके तहत जिले की सभी शासकीय संस्थाओं, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूलों, आश्रम-छात्रावासों, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के घरों और महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं के घरों में पौधे लगाए जाएंगे।

भ्रष्टाचारियों को बचाने जनता को परेशान कर रही कांग्रेस

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश । विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी ने कहा कि कांग्रेस बताएं कि पूर्व सीएम के बेटे चैतन्य बघेल कांग्रेस के किस पद पर है जिस व्यक्ति का कांग्रेस में कोई पद नहीं उसे व्यक्ति के लिए पूरी कांग्रेस प्रदेश में प्रदर्शन कर रही है इसका साफ मतलब है श्री बघेल ने पूरी कांग्रेस को पुत्र मुंह में झोंक दिया है। अटामी ने कहा हमने पहले भी बड़े-बड़े ऐसे उदाहरण देखें हैं जिसमें लोगों ने पुत्र मोह में खुद को भी बर्बाद किया और अपने पूरे साम्राज्य को भी बर्बाद किया। इस दिशा में काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। बघेल और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रही है और साथ ही उनका आर्थिक रूप से नुकसान भी करने जा रही है जो की प्रदेश की जनता स्वीकार नहीं करेगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा संतोष गुप्ता ने कहा की कोल ब्लॉक आवंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और बघेल के झूठ का पर्दापाश हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चोरी और सीनाजोरी का उदाहरण बार-बार प्रस्तुत कर रही है। आप सबको पता होगा कि अपने शासनकाल के पाँच वर्ष में बघेल जी ने छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना दिया था। श्री गुप्ता ने कहा कि शराब घोटाले, कोयला घोटाले, चावल घोटाले, गोठान घोटाले से लेकर पीएससी घोटाले तक में इसने प्रदेश के संसाधनों को जम कर लूटा था, आज इन घोटालों के आरोपी एक एक कर नप रहे हैं। सभी जेल जा रहे हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि बेवजह जिस तरह अपराधियों के विरुद्ध हो रही कानून सम्मत कार्रवाई को कहीं और मोड़ा जा रहा है, वह दुर्भाग्यजनक और कांग्रेस में हिप्पोक्रेसी का सबसे बड़ा नमूना है। श्री गुप्ता ने कहा कि जब भी आप सभी कॉल ब्लॉक आवंटन और पेड़ कटाई आदि पर सवाल उठाते थे, तो दस जनपथ के दबाव में सीधे तौर पर बघेल जी बचाव में आ जाते थे।

विधवा महिला से दुष्कर्म कांग्रेसी पार्षद के खिलाफ एफआईआर

→ **डेढ़ महीने पहले शादी का आश्वासन देकर थाने से लौट चुके थे**

→ **कोतवाली पुलिस जांच में जुटी आरोपी की तलाश तेज**

कांकेर/ नवप्रदेश। उदय नगर के कांग्रेसी पार्षद ने एक विधवा महिला को अपने प्यार में फंसाकर शादी का झांसा देकर उसकी अस्मत लूटता रहा। जब विधवा महिला ने पार्षद पर शादी का दबाव बनाया तो उक्त आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। यह मामले बीते डेढ़ महीने से चल रहा है डेढ़ महीने पहले कोतवाली में मामले का उजागर हुआ तब उदय नगर के पार्षद ने विधवा महिला से शादी करने राजी होकर मामले को रफ़ा दफा कर वापस ले लिया गया था।लेकिन 20जुलाई रविवार को विधवा महिला ने उदय नगर पार्षद त्रिलोक सिंह ठाकुर के खिलाफ़महिला ने बलात्कार का मामला दर्ज करा दिया है। महिला की एफआईआर के बाद आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने न्याय पालिका की संविधान की धारा के तहत अपराध कायम कर आरोपी की तलाश जारी कर दिया है। इस सनसनीखेज आरोप का मामले सामने आने के बाद शहर से लेकर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर तक राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मचा हुआ है।कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी अनुसार वर्ष 2025 के स्थानीय निकाय चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी त्रिलोक सिंह ठाकुर और उसी वार्ड की विधवा महिला के बीच संपर्क बढ़ा। प्रचार-प्रसार के दौरान दोनों के बीच करीबी रिश्ते बने और पार्षद ने चुनाव जीतने के बाद शादी का वादा किया। महिला का आरोप है कि वादे के बाद शारीरिक संबंध भी बनाए गए।पार्षद चुनाव जीतने के बाद महिला को अनदेखा करने लगा और फिर बात करना ही बंद कर दिया। इस बीच महिला को जानकारी मिली कि त्रिलोक सिंह ठाकुर की शादी कहीं और तय हो गई है। जब महिला ने दबाव डाला तो पार्षद ने उसे दो माह बाद विवाह का आश्वासन देकर शिकायत वापस लेने के लिए राजी कर लिया। लेकिन इसके बाद भी जब स्थिति नहीं बदली, तो महिला ने अंततः 20 जुलाई रविवार को कांकेर कोतवाली में दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

कोतवाली थाना प्रभारी मनीष नाग- बताया, कि महिला की शिकायत पर त्रिलोक सिंह ठाकुर के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा के अंतर्गत दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है, और आरोपी की तलाश जारी है।÷मम्मममयह मामला सामने आने के बाद कांग्रेस पार्टी की स्थानीय इकाई भी असहज स्थिति में नजर आ रही है।

न्यूज गैलरी

सावन मास में रामायण मास परायण पाठ की शुरुआत

लखनपुर/नवप्रदेश। सावन माह के पावन अवसर पर लखनपुर स्थित प्राचीन स्वयंभू शिव मंदिर में रामायण मास परायण का शुभारंभ शुक्रवार को प्रतिप्रदा तिथि से हुआ। यह धार्मिक आयोजन पूरे महीने तक प्रतिदिन संध्या काल में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय भजन मंडली द्वारा श्रीरामचरितमानस का पाठ किया जा रहा है। मान्यता है कि तुलसीदास कृत रामायण के आठों कांड में कुल 30 मास परायण समाहित हैं, जिन्हें श्रद्धा और भक्ति भाव से एक माह की अवधि में पूरा किया जाता है। भजन मंडली के सदस्य प्रतिदिन एक मास परायण पाठ कर भगवान शिव को समर्पित करते हैं। शनिवार को आयोजन का नौवां मास परायण पाठ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडली के सक्रिय सदस्य कृष्णा प्रसाद यादव, बृजेन्द्र पांडेय, सुरेन्द्र जायसवाल, त्रिभुवन यादव, विजय यादव, ललन साहू, मुकेश साहू, कन्हैया साहू, ज्ञानचंद और आकाश साहू समेत कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस का प्रदेशव्यापी आंदोलन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी ने 22 जुलाई को होने वाले प्रदेश व्यापी आंदोलन को लेकर बैठक रखी। जिसमे कार्यक्रम के रूपरेखा पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर 22 जुलाई को केन्द्रीय जांच एजेन्सी प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार के दबाव में कांग्रेस पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर की जा रही द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अपने जिले के प्रमुख मार्गों में प्रदेशव्यापी आर्थिक नाकेबंदी चक्का जाम दोपहर 12 बजे से गीधा बायपास के पास एनएच 130 में किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस व स्कूल बस को मुक्त रखा जायेगा। इस अवसर पर घनश्याम वर्मा, संजीत बनर्जी, थानेश्वर साहू, आत्मा सिंह क्षत्रिय, श्याम जायसवाल, हेमेंद्र गोस्वामी, दिलीप बंजारा, स्वतंत्र मिश्रा, संजय यादव, अभिलाष सिंह, नरेश पाटले, पुरषोत्तम मार्को, राजा ठाकुर, रामचंद्र साहू, लोक राम साहू, उर्मिला यादव, राजेश छेदहिया, उमेश सोनी, स्माइल, मेमन, नवनीत शुक्ला सहित सभी प्रकोष्ठ, महिला कांग्रेस, युवा, कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, जिला शहर कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुंगेली में स्काउट-गाइड की वार्षिक समीक्षा बैठक संपन्न, राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव रहे अध्यक्षता में

स्काउटिंग के प्रचार-प्रसार और पंजीयन पर जोर, सरप्लस बजट के साथ जिला संघ ने प्रस्तुत की वार्षिक रिपोर्ट

मुंगेली/नवप्रदेश। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव की अध्यक्षता स्काउट गाइड का वार्षिक समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। जिला संघ द्वारा सरप्लस बजट प्रस्तुत किया गया। राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ डॉ. सोमनाथ यादव की अध्यक्षता में जिले का वार्षिक समीक्षा बैठक रखा गया। कलेक्ट्रेट स्थित जनदर्शन सभागार में आयोजित इस समीक्षा बैठक में जिले के तीनों विकासखंड मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया के समस्त शासकीय अशासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी प्राचार्यगण, स्काउट मास्टर प्रभारी, जिला संघ के पदाधिकारीगण के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त की उपस्थिति में लगभग दो सौ स्काउटर गाइडर उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अभ्यागत एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. सोमनाथ यादव ने अपने उद्बोधन संदेश में सभी को संबोधित करते हुए स्काउट्स एवं गाइड्स की बेसिक जानकारी व स्काउटिंग अंतर्गत संचालित गतिविधियों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि व्यक्ति के जीवन में स्काउटिंग की आवश्यकता क्यों और किस प्रकार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनुशासन एवं कर्तव्य निष्ठा तथा भविष्य निर्माण के लिए विद्यार्थी का स्काउटिंग से जुड़ना आवश्यक हो जाता है। कार्यक्रम का प्रारंभ मां भारती के वंदना एवं अर्चना से प्रारंभ हुआ। जिसमें मंचासीन मुख्य अभ्यागत

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, जिला मुख्य आयुक्त राणा प्रताप सिंह ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त सीके घृतलहरे, अध्यक्ष जेठमल कोटडिया, उपाध्यक्ष रामशरण यादव, जिला कोषाध्यक्ष संतोष कुमार यादव, जिला मुख्यालय आयुक्त डॉ. आईपी यादव की सहभागिता रही। तत्पश्चात उपस्थित अतिथिगणों का स्कार्फ पहनाकर एवं एक-एक पौधा भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। वार्षिक समीक्षा बैठक में स्वागत भाषण एवं संक्षिप्त प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त सीके घृतलहरे द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्काउटिंग की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा शत प्रतिशत पंजीयन पर जोर दिया गया। स्काउटिंग के प्रचार प्रसार नवीनीकरण की स्थिति एवं स्काउटिंग गतिविधियों की जानकारी तथा वार्षिक कार्य योजना के संबंध में सारगर्भित प्रतिवेदन का वाचन जिला प्रशिक्षण आयुक्त राजेंद्र दिवाकर ने दी। वित्तीय वर्ष के आय व्यय की समीक्षा एवं आगामी वित्तीय वर्ष के वार्षिक बजट का लेखा-जोखा जिला कोषाध्यक्ष संतोष कुमार यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिला मुख्य आयुक्त राणा प्रताप सिंह ठाकुर द्वारा उपस्थित समस्त अतिथि गणों, प्राचार्य गण, समस्त स्काउटर एवं गाइडर तथा स्काउट प्रभारी का आभार व्यक्त करते हुए स्काउटिंग को सशक्त व मजबूत बनाने के आहवान किया। उत्साह एवं स्काउटिंग सेवा भाव से ओतप्रोत उपस्थित जनों की करतल ध्वनियों से गूंजते सभागार में सभी की उपस्थिति के बीच सकारात्मक संदेश और फिर मिलेंगे भाव के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला सचिव मोनू बेलदार, जिला प्रशिक्षण आयुक्त राजेंद्र दिवाकर, डीओसी गाइड श्रीमती सृष्टि शर्मा, ब्लॉक सचिव मुंगेली जय बहादुर खांडेकर, ब्लॉक सचिव पथरिया विवेक केसरवानी, जिला मीडिया प्रभारी मनोज कश्यप, बालकृष्ण साहू, रविकांत बंजारा सहित जिला संघ के समस्त पदाधिकारीगण, समस्त शासकीय/ अशासकीय स्कूलों के प्राचार्य एवं स्काउटर गाइडर मौजूद रहे।

कलेक्टर जनदर्शन में लोगों ने रखी अपनी समस्याएं

ग्रामीणों की मांग और शिकायतों का त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश: कलेक्टर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले के नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। कलेक्टर जनदर्शन में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगों व समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया।जनदर्शन में ग्रामीणों ने मुख्य रूप से राजस्व संबंधी मामले जैसे सीमांकन, ऋण पुस्तिका सुधार, बटवारा, वन अधिकार पत्र, अतिक्रमण, फौती नामांतरण, भूमि अधिग्रहण,अनुकंपा नियुक्ति, पीडीएस राशन वितरण में अनियमितता से जुड़ी शिकायतें एवं मांगें कलेक्टर विलास भोसकर के समक्ष रखीं।

वहीं कलेक्टर ने कई मामलों में तत्काल संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि संबंधित प्रकरण का निराकरण सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन को

गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मामलों की त्वरित जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें और आवेदकों को यथाशीघ्र राहत प्रदान करें। उन्होंने कहा कि, आम जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाए ताकि हर व्यक्ति को न्याय मिले।जनदर्शन में जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, अमृत लाल ध्रुव, रामसिंह ठाकुर निगम कमिश्नर डी एन कश्यप सर्व एसडीएम सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

ई-आफिस प्रणाली को पूरी तरह लागू करें

कलेक्टर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। कलेक्टर ने एग्रीस्टैक योजना की प्रगति पर चर्चा करते हुए शेष किसानों का शत-प्रतिशत पंजीयन प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग समन्वय कर लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करें। कलेक्टर ने ई-ऑफिस प्रणाली को पूरी तरह लागू करने पर बल दिया और स्पष्ट किया कि अब सभी फाइलें केवल ई-ऑफिस के माध्यम से ही आगे बढाई जाएंगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी कार्य ई-ऑफिस प्रणाली से शुरू करें ताकि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और गति आ सके।

सेतगंगा-फास्टरपुर क्षेत्र में विद्युत संकट चरम पर, ग्रामीणों में गहराया आक्रोश

मुंगेली/नवप्रदेश। सेतगंगा फास्टरपुर क्षेत्र में किसान एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं इन दिनों विद्युत की लो वोल्टेज एवं अघोषित कटौती से परेशान है। विद्युत मेंटनेंस के नाम पर दिन में 8-10 बार एवं रात में 2-3 बार विद्युत की आपूर्ति बंद हो रही है। जिसके कारण ग्रामीण अंचलो में विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। सेतगंगा फास्टरपुर के ग्रामीणों में इन दिनों बिजली व्यवस्था को लेकर नाराजगी बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि जब ग्राम में सब स्टेशन की स्थापना की गई, तब उन्हे विद्युत समस्या से निजाद मिलने की सपना देखे थे। लेकिन वह सपने आधा अधूरा रह गया। सेतगंगा फास्टरपुर क्षेत्र में किसान एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं इन दिनों विद्युत की लो वोल्टेज एवं अघोषित कटौती से परेशान है। यही नही विद्युत मेंटनेंस के नाम पर प्रतिदिन दिन में 8-10 बार एवं रात में 2-3 बार विद्युत की आपूर्ति बंद कर दी जा रही है। जिससे विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। ग्रामीणों के द्वारा जेई से इस संदर्भ में अनेकों बार शिकायत की गई है। उल्लेखनीय है कि सेतगंगा फास्टरपुर में संचालित सब स्टेशन को पांच फिडरो सेतगंगा, फास्टरपुर, पौनी, माराडबरी, मौहार में बांटा गया है। जिसके अंतर्गत लगभग 40-42 गांव सम्मिलित है। सब स्टेशन प्लांट में लगे सभी उपकरण पूर्णतः कंडम हो गई है। पूरे प्लांट डायरेक्ट संचालित है जिसके कारण अंचल में विद्युत सप्लाई भगवान भरोसे स्थिति है। जहां लगातार 2-3 घंटा बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है यदि बारिश होने से मौसम बिगड गया तो 8-10 घण्टा भी विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती हैं। बिजली गुल होने से परिक्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था चरमरा गयी है। समय पर लोगो को नलो से पानी नही मिल पा रहा है। किसानो एवं ग्रामीणजनों को भी विद्युत के लिए मारामारी करनी पडती है। क्षेत्र के महंत राधेश्याम दास, डॉ. रामजी शर्मा, नीरज केशरवानी, कुलेश्वर बारमते, अनिष सेमुअल कन्हैया सिंह बैस, सनत देवांगन, नरेन्द्र जायसवाल, प्रमोद सोनी, जगकुमार शास्त्री, हीरा सिंह कश्यप, योगेश कश्यप, तिलेश अगबेल, यज्ञ कुमार गबेल, रायसिंह गबेल, नमकलाल भास्कर मसीह, निरंजन टोंडर, बाबुदास टोंडर, दिपेन्द्र घृतलहरे, अर्पण जान, नेमसिंह बोगी, ध्वजा यादव, सुरेन्द्र बंजारे, जैतराम खांडेकर, नारायण डाहिरे, संतोष यादव, चैतराम देवांगन, संतोष चौहान, उमाशंकर देवांगन, हरिशंकर गुप्ता, किशन गुप्ता, जितेन्द्र शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, रामकुमार निषाद, रमाकांत सोनी, राजू सोनी ने विद्युत व्यवस्था दुरूस्त कि जाने की मांग की है।

हरियर मुंगेली सुघ्घर मुंगेली अभियान के दूसरे चरण में 26 छायादार पौधों का रोपण

मुंगेली/नवप्रदेश। स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित हरियर मुंगेली सुघ्घर मुंगेली अभियान के दूसरे चरण में आज पड़ाव चौक से बी.आर. साव स्कूल तक तथा समन्वय संगीत एवं कला महाविद्यालय परिसर में नीम, बादाम, कदम और मौलश्री जैसे छायादार वृक्षों के कुल 26 पौधों का रोपण कर उन्हें ट्री गार्ड से संरक्षित किया गया।

संस्था के सह-संयोजक रामशरण यादव ने इस अवसर पर कहा कि हमारा उद्देश्य केवल पौधरोपण नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा और परिपक्वता तक देखभाल करना है। हमारा फोकस क्वांटिटी से ज्यादा क्वालिटी पर है। आज गर्व से कह सकते हैं कि हमारे द्वारा लगाए गए 95 प्रतिशत पौधे वृक्ष बन चुके हैं, जो इस अभियान की सफ्लता और हमारी निष्ठा के प्रमाण हैं। संस्था के कोषाध्यक्ष धनराज परिहार ने कहा कि मौसम चक्र में तेजी से आ रहे बदलावों को देखते हुए अब समय आ गया है कि हर नागरिक पर्यावरण की रक्षा में अपनी जिम्मेदारी निभाए। कार्यक्रम के विशेष क्षण में संस्था के समर्पित सदस्यों गोखलेश सिंह, देवशंकर श्रीवास्तव, विकास जैन, पप्पू शर्मा व संतोष जांगड़े के जन्मदिवस के अवसर पर केक काटा गया और पौधा रोपण कर उसे विशेष रूप से यादगार बनाया गया। इस अवसर पर अभियान के टीम प्रभारी मुकेश पांडेय ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ अथवा किसी भी खास दिन को वृक्षारोपण जैसे पुनीत कार्य से यादगार बनाएं और इस अभियान से जुड़कर हरियाली की दिशा में एक जिम्मेदार कदम बढ़ाएं। इस अवसर पर नगर के पर्यावरण प्रेमी राजेंद्र चंद्रवंशी, प्रभाकर सिंह, अरविंद रूपवानी, धनेश्वर साहू, प्रद्युम सिंह, आदर्श गुप्ता, आयुष केशरवानी, प्रियांक गुप्ता स्टार्स ऑफ टुमॉरो के संयोजक रामपाल सिंह, सह संयोजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, सचिव विनोद यादव, कोषाध्यक्ष धनराज परिहार, सतपाल मक्कड़, दिनेश गोयल, गोखलेश सिंह, विकास जैन, देवशंकर श्रीवास्तव, देवेंद्र परिहार, आशीष सोनी, दीपक जैन, श्रेणिक पारख, अनुराग सिंह, रणवीर सिंह, मुकेश पांडेय, गिरीश सुथार, कोमल चौबे, रघुराज सिंह, पप्पू शर्मा, धीरज जैन, अंकित सिंह, अजय चंद्राकर, आर्या सिंह, श्रेयांश बैद, संदीप सिंह, वैभव ताम्रकार, चित्रकान्त सिंह, देवेंद्र सिंह, वासु पांडेय, दिलबाग सिंह, श्रीओम सिंह, अमित साहू, परमेश्वर देवांगन, संतोष जांगड़े, सुरेश यादव, सुमित उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर उपकापारा के समीप बहने वाली रेड नदी पुल के पास 20 जुलाई दिन रविवार को एक अज्ञात महिला के सड़ी-गली लाश मिलने से आसपास क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई है। ग्रामीणों के सूचना पर पुलिस मकतूला के शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर मर्चुरी में रखवाया है। मृतक महिला का शिनाख्त नहीं हो सका है । पुलिस ने बताया कि महिला के दोनों पैर एवं बाये घुटने के उपर गोदना का निशान बना हुआ है। तथा हरे रंग का पेंटीकोट लाल ब्लाउज बाये हाथ में हरे रंग की चुडी पहने हुए है उम्र तकरीबन 30-32 साल होगी।अज्ञात महिला के शव को कब्जे में लेकर लखनपुर पुलिस तहकीकात करने जुटी हुई है।

मुंगेली में संविदा शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

मुंगेली/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ द्वारा सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। आज 20 जुलाई को छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगर के खेल मैदान में एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शन संघ की दो प्रमुख मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण एवं संयमित ढंग से संपन्न हुआ। नियमित वेतन वृद्धि एवं वेतनमान निर्धारण तथा शिक्षा विभाग में समायोजन (संविलियन) एवं नियमितीकरण। धरना प्रदर्शन में मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया विकासखंड के सभी

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों के शिक्षक साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संघ के पदाधिकारियों द्वारा इन मांगों की पृष्ठभूमि और उद्देश्य की विस्तृत जानकारी दी गई, जो पूर्व में शासन-प्रशासन को भी अवगत कराई जा चुकी थी। कार्यक्रम की विशेष उपस्थिति में बिलासपुर संभाग अध्यक्ष राहुल वर्मा भी सम्मिलित हुए, जिन्होंने सभी सदस्यों को एकजुटता, संयम और सकारात्मक सोच के साथ अपने अधिकारों के लिए कार्य करते रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर, संघ की ओर से जिला अध्यक्ष उमाशंकर साहू के नेतृत्व में तहसीलदार को कलेक्टर के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने आशा व्यक्त की है कि शासन संविदा शिक्षकों एवं कर्मचारियों की मांगों पर शीघ्र विचार कर सकारात्मक निर्णय लेगा।

स्वर्ण आभा महिला मंच द्वारा सावन उत्सव का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। स्वर्ण आभा महिला मंच की तरफ से स्थानीय श्रीराम मंदिर सोनार पारा में सावन उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महिला सशक्तिकरण एवं पौध रोपण का संकल्प लिया गया। इस महोत्सव में लोकनृत्य, लोकगीत और अन्य मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का महिलाओं द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। जिज्ञासा सोनी, रंजना सोनी, राखी सोनी, ज्योति सोनी, अन्नू साहू, शिवानी सोनी ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। नमिता सोनी ने कविता पाठ किया। अन्नू साहू, जिज्ञासा सोनी, सरला सोनी, किरण सोनी, रूबी

ताम्रकार, राखी सोनी, श्रद्धा सोनी ने कपल डांस किया। गीतिका सोनी ने एकल नृत्य सदस्यों का मनमोह लिया। सरला सोनी, मन्नू सोनी, वंदना सोनी, मालती मनीशा बुचड़े, ममता चंदेल, सुरेखा सोनी द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ शिव आरती द्वारा हुआ। सभी महिलाओं ने मंगल कामना की। समाज में महिला हित एवं महिला सशक्तिकरण विषय में चिंतन करते हुये जिज्ञासा ने कहा कि नारी स्वयं प्रकृति है, नारी एवं प्रकृति में परिवर्तन होने हुए भी दोनों स्वयं को हर बार पुर्नजीवित कर लेते है। स्त्री एवं प्रकृति के संबंध स्थापित करते हुए कवि जयशंकर प्रसाद की कामायनी से कविता नारी तुम केवल श्रद्धा हो, का पठन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिज्ञासा सोनी एवं आभार प्रदर्शन ज्योति सोनी ने किया तथा राखी सोनी ने शिव नाम की महिमा का बखान किया।

भेंट शक्ति प्रेस क्लब के सदस्यों ने नए थाना प्रभारी पटेल से की भेंट, पर्यावरण संरक्षण के लिए फैला रहे जागरूकता

पुलिस-प्रेस संवाद को मजबूती देने शक्ति प्रेस क्लब की पहल, समाजसेवा में सहयोग का संकल्प

सक्ती/नवप्रदेश। शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के सदस्यों ने नए पदस्थ थाना प्रभारी लखन पटेल से मिलकर उनको शुभकामनाएँ दी और परिचय प्राप्त किया। इस दौरान, शक्तिप्रेस क्लब शक्ति के सदस्यों ने थाना प्रभारी को एक पौधा भेंट किया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का प्रतीक है।

थाना प्रभारी लखन पटेल ने प्रेस क्लब के सदस्यों से बातचीत करते हुए कहा कि वे आम नागरिकों से सम्पर्क में रहकर सामाजिक और न्यायिक कार्यों में तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा, ÷प्रेस के माध्यम से हम आम नागरिकों से अपील करते हैं कि

यदि कोई समस्या हो, तो बेझिझक मुझसे संपर्क करें। हम सदैव नागरिकों की भलाई के लिए कार्य करते रहते हैं। इस मुलाकात में दोनों पक्षों ने अपने-अपने विचार साझा किए और समाज सेवा के क्षेत्र में सहयोग की इच्छा व्यक्त की। शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए पौधा भेंट किया, जिसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर जागरूकता फैलाना है।यह संबंध मजबूत करने और सामुदायिक कल्याण के प्रयास को बल देने के लिए यह एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। समाज में सहयोग और समर्पण की भावना को बढ़ावा देने वाली इस मुलाकात से उम्मीद की जा रही है कि आगामी दिनों में पुलिस और प्रेस के बीच बेहतर संवाद और कार्य सुनिश्चित होंगे।इस अवसर पर शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के संरक्षक श्याम सुंदर अग्रवाल, राजकुमार दरयानी, महबूब खान ,शक्ति प्रेस क्लब के अध्यक्ष ईश्वर लोधी, शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के सचिव कन्हैया गोयल ,कोषाध्यक्ष शम्सतमरेंज खान ,लाल सोनी ,मोहन अग्रवाल ,मोहन देवांगन ,राजीव लोचन ,काफी संख्या में शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के सदस्य उपस्थित थे

कलेक्टर ने शासकीय कार्यालयों में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट परिसर स्थित विभिन्न शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति तथा कार्य प्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित होने, दस्तावेजों के व्यवस्थित रखरखाव और कार्यालय में साफ सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्वाचन विभाग, श्रम, महिला एवं बाल विकास, खनिज, डिजिटल अभिलेखागार,

खाद्य सहित विभिन्न विभागों के कार्यालयों का निरीक्षण किया और उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन समयबद्ध कार्य प्रणाली से ही संभव है। शासकीय कार्यालयों से जनता का सीधा संपर्क होता है, अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति, व्यवहार और कार्य के प्रति जिम्मेदारी प्रशासन की कार्यशैली का प्रतिबिंब होती है।

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय को दूरस्थ शिक्षा में तीन चरणों में मिली 11 विषयों की मान्यता

दूरस्थ शिक्षा के कोर्स संचालित करने वाला पहला निजी विश्वविद्यालय है डॉक्टर सी वी रमन विश्वविद्यालय

बिलासपुर/नवप्रदेश। डा.सी.व्ही.रमन विश्वविद्यालय को डिस्टेंश एजुकेशयन ब्यूरों से चरणबद्ध रूप से कुल 11 विषयों में दूरस्थ शिक्षा की मान्यता प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालय को पहले चरण में साथ कोर्स जिसमें एमए हिन्दी, एम इंग्लिश, बी कॉम, एम कॉम, एमबीए, बीबीए, बी. लिब, पाठ्यक्रम की मान्यता प्रदान की गई थी, यह पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। दूसरे चरण में बी ए की मान्यता प्राप्त हुई थी। इस तरह आप तीसरे चरण में एम ए संस्कृत, एम ए इतिहास और एम लिब, की मान्यता भी प्राप्त हुई है। इस तरह विद्यार्थी अब सभी 11 कोर्स में भी प्रवेश ले सकेंगे। डॉ.सी.व्ही. रमन विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला निजी विश्वविद्यालय है, जिसे दूरस्थ शिक्षा संचालन की मान्यता मिली है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय कार्य कर रहा है। प्रदेश के पहले निजी विश्वविद्यालय होने का गौरव भी सीवीआरयू को प्राप्त है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने नैक के ए ग्रेड होने पर ही दूरस्थ शिक्षा संचालन की अनुमति और प्रक्रिया में शामिल होने का निर्देश दिया था। इसके बाद विश्वविद्यालय को दिसंबर 2023 में नैक से ए ग्रेड प्रदान किया। प्रदेश का पहला निजी विश्वविद्यालय जो नैक से ए ग्रेड प्राप्त है। इस बात का सम्मान भी सीवीआरयू को प्राप्त हुआ है। डॉ. अरविंद तिवारी ने बताया कि नियमित विद्यार्थियों के लिए भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा प्रदान की जा रही है। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुसार लाभ विद्यार्थियों को मिल रहा है। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर अरविंद तिवारी ने बताया पहले चरण में हमें कुल 7 पाठ्यक्रम की मान्यता प्रदान की गई थी। जिसमें एमए हिन्दी, एम इंग्लिश, बी कॉम, एम कॉम, एमबीए, बीबीए, बी, लिब, पाठ्यक्रम की मान्यता शामिल है। दूसरे चरण में बी ए की मान्यता प्राप्त हुई। एमए हिन्दी, एम इंग्लिश ,बी लिब, बीबीए, एमबीए, बी काम, एम कॉम, बी ए,एम ए संस्कृत, एम इतिहास, एम लिब।

दूरस्थ शिक्षा संचालन का विश्वविद्यालय के पास लंबा अनुभव

दूरस्थ शिक्षा संचालन का विश्वविद्यालय के पास बड़ा और लंबा अनुभव है। डॉ.सी.व्ही. रमन विश्वविद्यालय को वर्ष 2009 से 2020 जनवरी तक निरंतर दूरस्थ शिक्षा की मान्यता थी। विश्वविद्यालय को दूरस्थ शिक्षा संचालन का 10 साल का अनुभव है। प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों को दूरस्थ शिक्षा से पढ़ाई करने का लाभ मिला है। यही कारण है कि इस बार फिर हमें तीसरे चरण में इसी तरह तीसरे चरण में अभी एम ए संस्कृत ,एम ए इतिहास और एम लिब की मान्यता प्राप्त हुई है। विवि के दूरस्थ शिक्षा संचालन हेतु उत्कृष्ट अधोसंरचना, उपलब्ध है, जिसमें स्मार्ट क्लास रूम, स्टूडियो, एसएलएम, एआईएम, ई-एलएम, उपलब्ध है। इन पाठ्यक्रमो को मॉक, ईपीजी, पाठशाला से भी एलाइन किया गया है। हाईब्रिड मोड में शिक्षण प्रशिक्षण की व्यवस्था है।

कामकाजी और घरेलू लोगों के लिए सुनहरा अवसर: कुलपति

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि इस नौकरी पेशा के लोग आसानी से कर सकते हैं। किसी भी क्षेत्र में कार्य कर रहे लोग कम समय देकर इसकी पढ़ाई घर बैठ कर सकते हैं। जिसका लाभ उनके जीवन में पदोन्नति, वेतन इंक्रीमेंट, सहित अन्य विषयों में मिल सकता है। इसी तरह घर में कामकाजी महिलाएं लड़कियां लड़के भी दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन में पढ़ाई के सपने को पूरा कर सकते हैं। इसी सत्र से सभी 11 विषयों में प्रवेश प्रारंभ किया गया है।

■ न्यूज गैलरी

चाकू दिखाकर लोगों को डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स अस्पताल के पीछे रिवर व्यू चौक के पास धारदार चाकू लेकर आने जाने वालों को डराने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से 1 नग लोहे का धारदार चाकू जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार आज मुखबीर से सूचना मिली कि असरफ उर्फ असरू के द्वारा सिम्स अस्पताल के पीछे रिवर व्यू चौक के पास एक धारदार लोहे का चाकू को लेकर लहराते हुए आने जाने वाले लोगों डरा धमका रहा है कि मुखबीर की सूचना पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी असरफ उर्फ असरू पिता असलम खान उम्र 35 वर्ष निवासी अशोक नगर मुरूम खदान खमतराई बगदाई मंदिर के पास नाला के आगे थाना सरकण्डा को पकड़ा गया जिसके पास लोहे का धारदार एक चाकू मिला जिसके संबंध में धारा 94 बी. एन. एस. एस के नोटिस दस्तावेज पेश करने हेतु दिया गया जो नोटिस पर कोई दस्तावेज नहीं होना बताये जाने पर आरोपी का कृत्य अपराध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का घटित करना पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध अप. क.- 370 / 25 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

छह महीने तक नाबालिग बच्चियों से बंधुआ मजदूरी कराने का मामला

पुलिसकर्मी पर लगा नाबालिगों को बंधक बनाकर घरेलू काम कराने का आरोप

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में पुलिसकर्मी पर दो नाबालिग बच्चियों को छह महीने तक बंधक बनाकर उनसे जबरन घरेलू काम कराने का गंभीर आरोप लगा है। ये बच्चियां जशपुर जिले की रहने वाली हैं और किसी तरह बचकर निकलने के बाद तोरवा थाना पहुंचीं, जहां उन्होंने अपनी आपबीती सुनाई।

पीड़ित बच्चियों का कहना है कि उन्हें बेहतर जीवन और काम के बहाने उनके गांव से बहला-फुसलाकर बिलासपुर लाया गया, लेकिन यहां आने के बाद उन्हें पुलिस क्वार्टर में रखा गया, जहां उन्हें छह महीने तक झाड़ू-पोछा, बर्तन धोना, कपड़े साफ करना और अन्य घरेलू कार्य करने के लिए मजबूर किया गया। बच्चियों ने आरोप लगाया है कि दिनभर काम के बाद भी यदि वे थककर बैठ जाती थीं या कोई काम ठीक से नहीं हो पाता, तो पुलिसकर्मी और उनके परिवार के सदस्य उन्हें बेरहमी से पीटते थे। यहां तक कि कई बार उन्हें खाना भी नहीं दिया जाता था। इस दौरान उन्हें स्कूल जाने या अपने परिवार से संपर्क करने की अनुमति भी नहीं दी गई। रविवार की रात किसी तरह दोनों बच्चियां उस घर से भागकर तोरवा थाने पहुंचीं और अपनी पूरी आपबीती पुलिस को सुनाई। बच्चियों की हालत देखकर पुलिस भी स्तब्ध रह गई। इसके बाद मामला तूल पकड़ने लगा और अब यह प्रदेशभर में चर्चा का विषय बन गया है। इस मामले में मानव तस्करी की भी गहरी आशंका जताई जा रही है। सामाजिक संगठनों का कहना है कि यह एक सुनियोजित रैकेट हो सकता है, जो गरीब और आदिवासी परिवारों की बच्चियों को बहला-फुसलाकर बंधुआ मजदूरी के लिए दूर के शहरों में भेजता है। सबसे गंभीर सवाल यह है कि इस पूरे मामले में जिन पर सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी है- यानी पुलिसकर्मी- उन्हीं पर इस अमानवीय कृत्य का आरोप लगा है। इससे न सिर्फ पुलिस विभाग की छवि धूमिल हुई है, बल्कि आम जनता का भरोसा भी डगमगाया है।

कार्रवाई होगी: एसएसपी

इस मामले में एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया की जानकारी मिलने पर तत्काल पेट्रोलिंग भेजी गई थी जिसमें एक महिला प्रधान आरक्षक साथ थी जो बच्चियों से पूछताछ की उन्होंने बताया कि अरुण लकड़ा जो कि पुलिस लाइन में आरक्षक के पद पर पदस्थ है वो बच्चियों का रिश्ते में मामा लगता है उनके पैरेंट्स ने ही अच्छी पढ़ाई लिखाई के लिए बिलासपुर भेजा था। बच्चियों का कहना है कि उनसे घर का सारा काम कराया जाता है और मारपीट भी की जाती थी मामले में पुलिस सूक्ष्मता से जांच कर रही है जो भी दोषी होगा उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

देसी दिवाज ग्रुप ने मनाया सावन उत्सव

बिलासपुर/नवप्रदेश। देसी दिवाज़ ग्रुप की व्यवस्थापिकाएं सुनैना नायर और श्वेता पटेल द्वारा एक निजी होटल में ग्रुप की महिलाओं के साथ मिलकर सावन उत्सव मनाया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत की गयी तत्पश्चात ग्रुप की व्यवस्थापिका सुनैना नायर द्वारा शिवजी का सुंदर भजन गाकर सभी को शिवमय कर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के सावन से जुड़े मनोरंजक गेम्स रखे गए थे जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।गेम्स के विजेता इस प्रकार रहे- पंचुवालटी विनर ज्योति द्विवेदी रही। हाउजी की विजेताएं रही वंदना बाजपेयी, गीता बरेठ, किरण रामरख्यानी रही। सावन से जुड़े मनोरंजक गेम्स की विजेताएं रही ज्योति द्विवेदी, अलका शिवहरे, ज्योति सोनी, सीमा शर्मा, सुमिता दासगुप्ता, पिंकी कश्यप। सावन सुंदरी का चुनाव लक्की ड्रा के माध्यम से किया गया जिसकी विजेता केसर मंनचंदा रही। सभी विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। सभी महिलाओं ने सावन के गीतों पर थिरकते हुए आनंद लिया साथ ही साथ विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भी लुत्फ़ उठायाद्य ग्रुप की यूट्यूबर सुमिता दासगुप्ता का शॉल और श्रीफल देकर सम्मान किया गया। अंत में ग्रुप की व्यवस्थापिकाएं सुनैना नायर और श्वेता पटेल द्वारा सबका आभार व्यक्त कर अगले महीने फिर नए कार्यक्रम के साथ आने का वादा किया गया।

गरिमापूर्ण जीवन ही वास्तविक मानवाधिकार : एसएस तोमर

■ **अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन व शपथ समारोह**

बिलासपुर/नवप्रदेश। आम नागरिकों का गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत करना ही वास्तव में मानवाधिकार है। न्यायधानी में संपन्न हुए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन और शपथ समारोह में यही कुछ भावाभिव्यक्ति का वातावरण व्याप्त था। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएस तोमर ने कहा कि मानवाधिकार एक ऐसा विषय है जिसमें आदमी अपने लिए नहीं जीता है। अगर कोई व्यक्ति मानवाधिकार की भावना के साथ कार्य करता है तो वह अपनी जिंदगी के लिए या स्वयं के लिए कोई कार्य नहीं करता है। वह हमेशा दूसरे के ही जिंदगी के लिए जीता है, और दूसरों के लिए ही कार्य करता है। मानवाधिकार के विषय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बड़ी ओजस्वीपूर्ण तरीके से लोगों उपस्थित जनों को मानवाधिकार विषय से संबंधित और उपयोगी जानकारियां प्रदान की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डा. सोमनाथ यादव ने अपने संबोधन में कहा कि मानवाधिकार का विषय अपने आप में जन सेवा और समाज सेवा से घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है। उन्होंने अपने स्काउट गाइड की कार्यों की तुलना करते हुए कहा कि मानवाधिकार में जो आप लोग कार्य कर रहे हैं ,कुछ वैसा ही कार्य करने का स्काउट गाइड का भी मिशन है। श्री यादव ने उपस्थित सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज मुझे आप लोगों के किए गए कार्यों की जानकारी मिलने पर काफी प्रसन्नता हो रही है, आप सभी इसके बधाई के पात्र हैं। उन्होंने आम लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में ऐसी संस्थाओं से लोगों को जुड़ना चाहिए।

यूपी, एमपी, पश्चिम बंगाल, झारखंड व गोवा प्रांत से हुए शामिल

श्री बैस ने बताया कि यह कार्यक्रम तो वैसे प्रदेशस्तरीय आयोजित किया गया था पर कार्यक्रम में यूपी, एमपी, पश्चिम बंगाल, झारखंड, गोवा, प्रांत से स्व स्फूर्त रूप से आए हुए पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थित से समारोह अंतरप्रदेशीय हो गया। यह हम सबके लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश के अलावा विभिन्न प्रांतों से भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

लिमतरी हाईस्कूल में 310 फलदार पौधे रोपे

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत लिमतरी में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। फेडरल बैंक व्यापार विहार बिलासपुर और बीईसी फर्टिलाइजर्स के संयुक्त प्रयास से लिमतरी हाईस्कूल में 310 फलदार पौधे लगाए गए। फेडरल बैंक की ओर से गौरव गुप्ता और गोविंद सोना मौजूद रहे। बीईसी फर्टिलाइजर्स से वाइस प्रेसिडेंट एनएस राजू, अरुण दाभड़कर, दिलीप गोवर्धन, नितिन जेम्स, मनोज राजपूत, प्रिंसिपल मीना सिंह, सरपंच राजकुमार यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

हार-जीत का दांव लगाते 5 जुआरी गिरफ्तार

बिलासपुर /नवप्रदेश। ग्राम केसला मावली मंदिर के पास फड़ लगाकर कुछ लोग पैसे का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ खेलते 5 आरोपियों को बिल्हा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 52 पत्ती ताश, बोरी फट्टी व नगदी रकम 4000 रूपए जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार थाना बिल्हा को 19 जुलाई को मुखबीर से सूचना पर ग्राम केसला मावली मंदिर के पास फड़ लगाकर कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ खेल रहे है। सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाह के मौके जाकर रेड कार्रवाई कर 5 व्यक्तियों को जुआ खेलते पाये जाने पर पकड़कर थाना लाकर आरोपियों के कब्जे से 52 पत्ती ताश, बोरी फट्टी व नगदी रकम 4000 रूपये जप्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में इना कुमार पिता हरिचंद नेताम उम्र 30 वर्ष निवासी पेण्डरवा, जितेन्द्र कुमार चतुर्वेदी पिता मनीशंकर उम्र 21 वर्ष निवासी केसला, मनीष साहू पिता अयोध्या साहू उम्र 25 वर्ष निवासी केसला, रवि कुमार कौशिक पिता रामेश्वर कौशिक उम्र 38 वर्ष निवासी पेण्डरवा और रवि कौशिक पिता रामेश्वर कौशिक उम्र 38 वर्ष निवासी चिचिरदा सभी थाना बिल्हा शामिल हैं। आगे भी अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई जारी रहेगी। प्रकरण की उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बिल्हा निरीक्षक उमेश साहू, प्र.आर. 1412, बलराम विश्वकर्मा, प्र.आर. 840 अरूण कुमार, आरक्षक 224, 674, 1107, 1390, 1210, 1431 की अहम भूमिका रही।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ बिलासपुर इकाई की नई कार्यकारिणी गठित

प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रदेश मंत्री नियुक्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ (सीसीसीआई) व्यापार एवं उद्योग जगत के उत्थान, व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और नीति-निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए समर्पित अग्रणी संस्था है। बिलासपुर इकाई के अध्यक्ष के रूप में भागचंद बजाज की नियुक्ति के पश्चात उनके नेतृत्व में बिलासपुर इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। साथ ही प्रदेश स्तर पर भी महत्वपूर्ण पदाधिकारियों की घोषणा की गई। प्रदेश स्तर की प्रमुख नियुक्तियों में प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज रोहरा एवं अभिषेक विधानी, प्रदेश मंत्री शिशिर सोनछात्रा एवं राहुल सोनथालिया, बिलासपुर इकाई के प्रमुख पदाधिकारी में कार्यकारी अध्यक्ष विनोद मेघानी, दयानंद तीर्थानी, श्रीकांत पांडे, नवदीप छाबड़ा, अमित अग्रवाल, संरक्षक- हरीश केडिया, डी.डी. आहूजा, प्रकाश ग्वालानी, राजकुमार खुशलानी, परमानंद बजाज, सुनील सोनथालिया, मनोहर पमनानी, छेदीलाल सराफ, अमरजीत टुटेजा, नारायण उभरानी, कमल विधानी, पवन अजमानी, सुभाष अग्रवाल, प्रकाशचंद वाधवानी, प्रमोद खेड़िया, अनिल सलूजा, जगदीश सवन्नी, विनोद खत्री, सलाहकार- किशोर गेमनानी, शंकर मनचंदा, नानकराम खटूजा, पवन वाधवानी, पूरन सिदारा, हरजीत सिंह सलूजा, श्रीचंद टहिल्यानी, राकेश लोकचंदानी, रमेश वाधवानी (बम्मू), तेजपाल सिंह, किरन पाल सिंह चावला, रजत मलहोत्रा, सौरभ सोनछात्रा, गुरुशरण सिंह भाटिया, सचिव- महितोष सराफ, सह सचिव- नीरज जग्यासी, राजकुमार धामेचा, कोषाध्यक्ष- अविनाश आहूजा, उपाध्यक्ष- सुरेश सिदारा, मुकेश अधीजा, सतीश लाल, अरविंद दामा (भानुशाली), साजिद वनक, सचिन अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, राजेश गंगवानी, राजेश अग्रवाल शामिल हैं।

पीडब्ल्यूडी के ऑपरेटर पर गाली-गलौज का आरोप, कर्मचारियों ने दिया धरना

बिलासपुर /नवप्रदेश। लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग मंडल कार्यालय में पदस्थ एक दैनिक वेतनभोगी कंप्यूटर ऑपरेटर पर गंभीर आरोप लगे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने आरोप लगाया है कि उक्त ऑपरेटर नियमित कर्मचारियों से रोजाना गाली-गलौज करता है, मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान करता है और अपशब्दों से माहौल बिगाड़ता है। लगातार शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे नाराज होकर संघ ने कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया और विरोध दर्ज कराया। (वीओ) संघ के प्रदेश अध्यक्ष जी.आर. चंद्रा ने बताया कि ऑपरेटर का रवैया लंबे समय से अमर्यादित है। वह महिला व पुरुष कर्मचारियों से अशोभनीय भाषा में बात करता है और बार-बार मानसिक उत्पीड़न कर रहा है। पीड़ित कर्मचारियों का आरोप है कि ऑपरेटर द्वारा धमकियां भी दी जाती हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। इसी के विरोध में सोमवार को भोजनावकाश के दौरान धरना दिया गया। धरने में शामिल महिला कर्मचारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि ऑपरेटर का व्यवहार अब बर्दाश्त के बाहर हो चुका है।

भ्रमण | कृषि छात्रों ने किया बीज परीक्षण प्रयोगशाला का शैक्षणिक भ्रमण

बीज गुणवत्ता की बारीकियों से हुए परिचित, व्यवहारिक ज्ञान से समृद्ध हुए छात्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, बिलासपुर के बी.एस.सी. (कृषि) प्रथम वर्ष, द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने बीज उत्पादन तकनीकी पाठ्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण डॉ. अवनीत कुमार, वैज्ञानिक (आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन) के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं जैविक प्रमाणीकरण संस्था के अंतर्गत संचालित बीज परीक्षण प्रयोगशाला एवं जी.ओ.टी. प्रक्षेत्र, चोरभट्टी, बिलासपुर का दौरा किया।

प्रयोगशाला प्रभारी श्री देवांगन एवं डॉ. भानु प्रिया (बीज विश्लेषक) ने विद्यार्थियों को बीज परीक्षण प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी दी। छात्रों ने सीखा कि बीजों के परीक्षण हेतु नमूने कैसे एकत्र किए जाते हैं, कार्य नमूने और प्रस्तुत नमूने के बीच क्या अंतर होता है, और किस प्रकार से बीज विभाजकों का प्रयोग करके एक समान और वैज्ञानिक पद्धति से बीजों का विभाजन किया जाता है। विद्यार्थियों को भौतिक शुद्धता तथा आनुवंशिक शुद्धता सुनिश्चित करने की प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने बीजों में रोगजनक संक्रमण, फफूंदी और अन्य बीमारियों की पहचान तथा बीज स्वास्थ्य परीक्षण की विधियों को प्रत्यक्ष देखा और समझा। साथ ही प्रमुख फसलों में पाई जाने वाली बीज जनित बीमारियाँ कौन-कौन सी हैं, यह भी बताया गया। बीज परीक्षण की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया-अंकुरण को भी विद्यार्थियों ने विस्तार से जाना। किस तापमान, आर्द्रता व वातावरण में बीजों का अंकुरण कराया जाता है और अंकुरण प्रतिशत कैसे निर्धारित किया जाता है, इसका व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया।

व्यवहारिक शिक्षा पर बल दे रही नई शिक्षा नीति

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (नेप-2020) के अनुरूप, केवल कक्षा शिक्षण तक सीमित न रहकर छात्र-छात्राओं को व्यवहारिक अनुभवों से जोड़ने की दिशा में यह भ्रमण अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। बीज उत्पादन तकनीकी के विविध पहलुओं को प्रत्यक्ष रूप से देखने, समझने और जानने का अवसर प्राप्त हुआ, जिससे उनके सैद्धांतिक ज्ञान को एक ठोस व्यवहारिक आधार मिला।

न्यूज गैलरी

बड़े निजी बैंकों ने दिखाई मजबूती, मझोले बैंकों पर मार्जिन और फंसे कर्ज का रहा दबाव

नई दिल्ली। इक्रिरस सिक्योरिटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार बड़े निजी बैंकों ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में लचीलापन दिखाया। वहीं मध्यम आकार के बैंकों ने मार्जिन और बढ़ती स्लिपेज पर दबाव महसूस किया। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में बड़े निजी बैंकों ने मजबूती दिखाई, जबकि मझोले बैंकों को मार्जिन पर दबाव और बढ़ते फंसे कर्ज (स्लिपेज) का सामना करना पड़ा। इक्रिरस सिक्योरिटीज की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। बैंक अपने ग्राहकों को लोन देकर ब्याज कमाते हैं, और जमा खातों या एफडी पर ग्राहकों को ब्याज चुकाते हैं। इन दोनों के बीच का फर्क ही मार्जिन कहलाता है। रिपोर्ट में शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में मिले-जुले रुझान देखने को मिले। रेपो-लिंक्ड ऋणों में ज्यादा हिस्सेदारी रखने वाले बड़े निजी बैंकों ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया। रेपो-लिंक्ड ऋण का मतलब है कि ऋण की ब्याज दर, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा निर्धारित रेपो दर से जुड़ी होती है। इसका मतलब है कि जब आरबीआई रेपो दर में बदलाव करता है, तो ऋण की ब्याज दर भी उसी के अनुसार बदल जाती है। बड़े निजी बैंकों के बेहतर प्रदर्शन को निवेश से प्राप्त ब्याज, आईटी रिफंड और अपेक्षाकृत स्थिर फंडिंग लागत का समर्थन मिला। वहीं दूसरी ओर, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (ब्ब्ह्य) और आरबीएल बैंक (ऋब्ध्य) जैसे मझोले बैंकों ने कमजोर नेट इंटरेस्ट मार्जिन (ह्ढ्ढस्न्) दर्ज किए, जिसका मुख्य कारण उच्च ब्याज रिवर्सल और कम फंडिंग लागत से सीमित लाभ था।

भारत-कुवैत के बीच हवाई सेवाओं को बेहतर करने से जुड़ा समझौता, सीट क्षमता में होगी 50 प्रतिशत वृद्धि

नई दिल्ली। गल्फ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार कुवैत और भारत ने साप्ताहिक हवाई क्षमता में 50 प्रतिशत की वृद्धि के उद्देश्य से एक नए हवाई सेवा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। विस्तारित क्षमता के तहत उड़ानें अगस्त 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। कुवैत और भारत ने एक नए हवाई सेवा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच साप्ताहिक हवाई क्षमता को 50 प्रतिशत तक बढ़ाना है। गल्फ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इस साझेदारी के तहत अब दोनों देशों की एयरलाइन कंपनियों को प्रत्येक दिशा मे प्रति सप्ताह 18,000 सीटें बढ़ाने की अनुमति मिलेगी। यह पहले 12,000 सीटों तक सीमित थी। कुवैत समाचार एजेंसी के अनुसार कुवेत के नागिरक उड्डयन महानिदेशालय के अध्यक्ष शेख हमूद मुबारक अब सबाह और भारत के नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने हवाई यात्रा पर एमओयू पर हस्ताक्षर किए। 2006 के बाद पहली बार, यह समझौता द्विपक्षीय हवाई सेवा अधिकारों के विस्तार का प्रतीक है। वर्ष 2006 में आखिरी बार हवाई सेवा क्षमता को बढ़ाकर 8,320 सीटें की गई थी।

जुलाई 2025 तक कंपनी 4 गीगावाट मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग की प्रभावशाली उपलब्धि हासिल कर लेगी

इन्सोलेशन एनर्जी लिमिटेड का वित्त वर्ष 2024-25 का शुद्ध लाभ 127.50 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। भारत की प्रतिष्ठित सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी इन्सोलेशन एनर्जी लिमिटेड (आईएनए सोलर) ने 31 रूहुह्रूद्ध 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2024 - 25 के वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किये है। उक्त अवधि में कंपनी ने कॉसिलिटेड बैलेंस शीट के अनुसार गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 737.17 करोड़ रुपये के मुकाबले 1333.76 करोड़ रुपये का टर्नओवर किया, जो कि पिछले साल से 80.93त्नअधिक है।

उक्त अवधि में कंपनी का ग्रॉस मार्जिन 124.33 करोड़ से बढ़कर 231.79 करोड़ हो गया जो कि पिछले साल से 86.44त्न अधिक है। वही समान अवधि में कंपनी ने 84.17 करोड़ के मुकाबले 170.32 करोड़ एबिटा अर्जित किया जो की पिछले साल से 102 .35त्न अधिक है। वहीं उक्त अवधि में कंपनी ने कर पश्चात् शुद्ध लाभ 55.47 करोड़ रुपये के मुकाबले 126 .19 करोड़ रुपये का अर्जित किया हैं। जो की पिछले साल के मुकाबले 127.50प्रतिशत अधिक है। कम्पनी का अर्निंग पर शेयर (श्वक्क) 2.66 के मुकाबले इस साल 5.95 रहा जो कि पिछले साल से 123 .68 त्न अधिक हैं।

कंपनी के चेयरमैन मनीष गुप्ता एवं मैनेजिंग डायरेक्टर विकास जैन ने बताया कि ढ्ढहृ स्ध्रुद्बह्म्‌ की स्थापना वर्ष 2017 में मात्र 80 मेगावाट पीवी मॉड्यूल निर्माण क्षमता के साथ हुई थी। जुलाई 2025 तक कंपनी 4 गीगावाट मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग की प्रभावशाली उपलब्धि हासिल कर लेगी। यही नहीं, कंपनी ने 2027 तक 8 गीगावाट पीवी मॉड्यूल, 3 गीगावाट सोलर सेल, और 54,000 रूझ एल्युमिनियम फ्रेम

उत्पादन क्षमता का लक्ष्य भी निर्धारित किया है। निरंतर प्रगति और गुणवत्ता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के बल पर ढ्ढहृ स्ध्रुद्बह्म्‌ आज भारत के शीर्ष 10 सोलर पैनल निर्माताओं में अपनी मजबूत पहचान बना चुकी है। हम ञ्जह्रक्कष्टशठ्ठ, मोनोफेशियल एवं बाइफेशियल जैसे अत्याधुनिक सोलर पैनलों की मैन्युफैक्चरिंग करते हैं, जो नवाचार और श्रेष्ठ गुणवत्ता के लिए जाने जाते हैं। हमारी अत्याधुनिक निर्माण इकाइयाँ ्ढ्ढ और रोबोटिक्स जैसी नवीनतम तकनीकों से सुसज्जित हैं, जिससे हर पैनल में उच्चतम स्तर की सटीकता, उत्पादकता और विश्वसनीयता सुनिश्चित होती है।ढ्ढहृ स्ध्रुद्बह्म्‌ का उद्देश्य भारत को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। कंपनी ने स्पष्ट किया, हम 'मेक-इन-इंडिया' के विज़न को एक नए स्तर तक ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 2030 तक निर्धारित 500 गीगावाट ग्रीन एनर्जी के लक्ष्य में ढ्ढहृ स्ध्रुद्बह्म्‌ एक अहम भूमिका निभा रही है।

एमएसएमई उद्यमियों को 7 श्रेणियों में किया गया सम्मानित

प्रदेशभर के 36 उत्कृष्ट एमएसएमई एंटरप्रेन्योर्स गौरव अवार्ड प्रदान किए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में मेगा एमएसएमई एंटरप्रेन्योर्स ,गौरव अवार्ड की मेज़बानी कर रहे होटल मैरियट में आयोजित गौरव रत्न सीमित आमंत्रण वाले कार्यक्रम में राज्यभर के 36 उत्कृष्ट एमएसएमई उद्यमियों को 7 श्रेणियों में विशेष अतिथि अमर परवानी ने सम्मानित किया।

स्टार्टअप, रिटेल, ट्रेडिंग, मैन्युफैक्चरिंग, सर्विसेस, स्पेशल अचीवमेंट, और सक्सेस स्टोरी के अलावा, एक विशेष सम्मान गौरव रत्न छत्तीसगढ़ के प्रियंक पटेल (नुक्कड़ टी कैफे) को प्रदान किया गया। आयोजन का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि राजीव अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। यह आयोजन लर्निंग बैगर्स द्वारा प्रस्तुत और मिलेनियल नेटवर्क द्वारा रणनीतिक रूप से क्रियान्वित किया गया, जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ की उद्यमशीलता को राष्ट्रीय मानचित्र पर लाना है 7 300 से अधिक नामांकनों में से, एक निष्पक्ष मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से 36 उद्यमियों को उनके नवाचार, प्रभाव और नेतृत्व के लिए चुना गया।प्रमुख सम्मानितों में शामिल हैं,धवल वरु (वेल्थ सफारी) स्पार्क इन द डार्क अवार्ड,कृति शर्मा (आमंत्रण लक्ज़रीद यूनिसेक्स सैलून) फेवरेट वुमन एनट्रप्पनयोरचतर सिंह सलूजा (कार श्रृंगार) मोस्ट ट्रसटेड ब्रांडजसविंदर सिंह (बलदेव फ़र्नीचर्स) एक्सीलेंस इन मैन्युफैक्चरिंग,नमित गोयल (चाय गोविंदम) स्मार्ट इनोवेशनकार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण रहा- बदलते समय में नेतृत्व व्यापार के भविष्य को अपनाना विषय पर पैनल चर्चा, जिसका संचालन किया रोहित राज (संस्थापक, लर्निंग बैगर्स) ने की जूरी और पैनलिस्ट्स:विक्रमादित्य तीर्थानीदर्शन संखला, डॉ. यूसुफ मेमन व्यवसायियों के जीवन में स्वास्थ्य का महत्वशुभिका जैन एक सुदृढ़ संगठन कैसे बनाएंआयोजकों ने बताया कि मेगा केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि एक मिशन है लर्निंग बैगर्स का, जिसका उद्देश्य है 2039 तक 10,000 एमएसएमई व्यवसायों को राष्ट्रीय ब्रांड बनाना। कार्यक्रम निदेशक वीरेन नागवंशी, सीईओ मिलेनियल नेटवर्क मूल्यांकन समिति- कोमल शिल्पी सिंह, दिनेश रॉय, अनुभूति राज,राहुल दीक्षित रहे 7इस पुरस्कार की संकल्पना और क्रियान्वयन लर्निंग बैगर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया, तथा रणनीतिक क्रियान्वयन मिलेनियल नेटवर्क द्वारा किया गया, जो एक राज्य स्तरीय पहल है जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के एमएसएमई अग्रदूतों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर दृश्यता का निर्माण करना है। भारत में सांस्कृतिक उद्यमिता और सामाजिक नवाचार में उनके स्थायी योगदान के लिए नुक्कड़ टी कैफे वेंचर्स एलएलपी के प्रियांक पटेल को विशेष सम्मान गौरव रत्न प्रदान किया गया।अन्य उल्लेखनीय पुरस्कार विजेताओं में शामिल हैं धवल वरु (वेल्थ सफारी) स्पार्क इन द डार्क अवार्डकृति शर्मा (आमंत्रण लक्ज़री - द यूनिसेक्स सैलून) पसंदीदा महिला उद्यमी,चटर सिंह सलूजा (कार श्रृंगार) मोस्ट ट्रस्टेड ब्रांड अवार्ड,जसविंदर सिंह (बलदेव फर्नीचर्स) - विनिर्माण में उत्कृष्टता नमित गोयल (चाय गोविंदम) - स्मार्ट श्री विक्रमादित्य तीर्थानी आधुनिक नेतृत्व में एआई की डॉ. यूसुफ मेमन उद्यमियों के लिए स्वास्थ्य और कल्याण शुभिका जैन बिल्डिंग रेसिलिएंट इवेंट डायरेक्टर- वीरेन नागवंशी, सीईओ - मिलेनियल नेटवर्कइवेलुएशन कमिटी- कोमल शिल्पी सिंह, दिनेश रॉय, अनुभूति राज, और राहुल दीक्षित रहे।

सेल ने जोजिला सुरंग परियोजना में 31,000 टन से अधिक इस्पात की आपूर्ति की

नई दिल्ली(आईएएनएस)। सरकारी क्षेत्र की महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने सोमवार को कहा कि वह महत्वाकांक्षी जोजिला सुरंग परियोजना के लिए सबसे बड़ी इस्पात आपूर्तिकर्ता बनकर उभरी है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना वर्तमान में निर्माणाधीन है और पूरी होने के बाद यह भारत की सबसे लंबी सड़क सुरंग और एशिया की सबसे लंबी द्वि-दिशात्मक सुरंग होगी।

कंपनी ने बयान में कहा कि सेल इस रणनीतिक इन्फ्रास्ट्रक्चर इनिशिएटिव में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में भूमिका निभा रहा है। कंपनी ने टीएमटी री-बार, स्ट्रक्चरल और प्लेटों सहित 31,000 टन से अधिक इस्पात की आपूर्ति की है और इस परियोजना के लिए अपनी इस्पात आपूर्ति को निरंतर बनाए रख रही है, क्योंकि इसके महत्वपूर्ण परियोजना के पूरा होने की समयसीमा 2027 है। जोजिला सुरंग 11,578 फीट की ऊंचाई पर स्थित है।

इस सुरंग का निर्माण चुनौतीपूर्ण हिमालयी भूभाग में किया जा रहा है। 30 किलोमीटर से ज्यादा लंबी यह सुरंग, द्रास और कारगिल होते हुए श्रीनगर और लेह के बीच सभी मौसम में संपर्क प्रदान करेगी। यह सुरंग श्रीनगर-कारगिल-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इस क्षेत्र में नागरिक और सैन्य गतिशीलता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी।

कंपनी ने बयान में आगे कहा, जोजिला सुरंग में यह योगदान सेल की राष्ट्र निर्माण की दीर्घकालिक विरासत को और मजबूत करता है। जोजिला सुरंग जैसी बड़ी परियोजनाएं सेल के इस्पात की विश्वसनीयता और मजबूती पर निरंतर भरोसा करती हैं, जो कंपनी की गुणवत्ता के प्रति समर्पण और भारत के भविष्य को आकार देने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका का प्रमाण है। सेल के मुताबिक, जोजिला सुरंग परियोजना न केवल एक रणनीतिक इन्फ्रास्ट्रक्चर एसेट है, बल्कि इस क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक अवसर भी पैदा करेगी है। जोजिला सुरंग के अतिरिक्त सेल ने भारत की अन्य प्रतिष्ठित इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं जैसे चिनाब रेलवे पुल, अटल सुरंग, बांद्रा-वर्ली सी लिंक, और ढोला सादिया एवं बोगीबील पुल आदि के लिए भी इस्पात की आपूर्ति की है।

खेल, मनोरंजन

सीएसके कप्तान ने काउंटी चैंपियनशिप से अपना नाम लिया वापस

नईदिल्ली। अब तक भारत के कई खिलाड़ी इंग्लैंड के घरेलू क्रिकेट काउंटी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं, जिसमें इशान किशन, तिलक वर्मा और युजवेंद्र चहल का नाम सबसे आगे है. जबकि कई खिलाड़ी अपना जौहर दिखाने के लिए अभी भी लाइन में लगे हुए हैं, जिनमें साई किशोर और सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ का नाम शामिल है.

लेकिन अब ये खबर सामने आ रही है कि भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ ने व्यक्तिगत कारणों से यॉर्कशायर के साथ काउंटी चैंपियनशिप करार से अपना नाम वापस ले लिया है. जबकि उन्होंने पांच मैचों के करार पर सहमति जताई थी, जिसकी शुरुआत 22 जुलाई से स्कारबोरो में मौजूदा चैंपियन सरे के खिलाफ मैच से होगी।यॉर्कशायर के मुख्य कोच एंथनी मैकग्राथ ने कहा कि काउंटी टीम उनके विकल्प पर विचार कर रही है. उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से गायकवाड़ व्यक्तिगत कारणों से अभी नहीं आ रहे हैं. हम उन्हें स्कारबोरो या बाकी सीजन के लिए टीम में नहीं रख पाएंगे. इसलिए यह निराशाजनक है. मैं आपको इसके कारणों के बारे में कुछ नहीं बता सकता, लेकिन हमें उम्मीद है कि सब कुछ ठीक होगा. हमें अभी-अभी पता चला है। उन्होंने आगे कहा, हम पर्दे के पीछे इस पर काम कर रहे हैं कि हम क्या कर सकते हैं. लेकिन बस दो-तीन दिन बाकी हैं, इसलिए मुझे यकीन नहीं है कि हम इस समय क्या कर सकते हैं.

अनंत जोशी निभाएँगे 'अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' में लीड रोल

मुंबई। भारतीय सिनेमा के बदलते परिदृश्य में, जहाँ सशक्त कहानियाँ और प्रभावशाली अभिनय दर्शकों का ध्यान आकर्षित करते हैं, वहीं अभिनेता अनंत जोशी एक दमदार बायोपिक के साथ केंद्र में आ रहे हैं। अनंत जोशी, जिन्होंने हाल ही में '12वीं फेल' जैसी हिट फिल्म में प्रीतम पांडे की भूमिका निभाकर खूब सराहना बटोरी, अब 'अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भूमिका निभाते नजर आएँगे।

प्रथम पेज का शेष

'ऑपरेशन सिंदूर' पर...

इसके साथ ही तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने 1975 के आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर चर्चा की मांग की है। वहीं, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में बारिश और बाढ़ की स्थिति पर चर्चा का आग्रह किया है।

मानसून सत्र सत्र 32 दिन तक चलेगा

बता दें कि संसद के मानसून सत्र के पहले दिन विपक्षी सांसदों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'पहलगाम आतंकी हमले' पर सदन में चर्चा कराने की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की थी, जिसके चलते लोकसभा स्पीकर ने सदन की कार्यवाही पहले 12 बजे फिर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी थी। लोकसभा की कार्यवाही बाधित होने को लेकर राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि मैं विपक्ष का नेता हूं, लेकिन मुझे सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस बार मानसून सत्र 21 जुलाई से लेकर 21 अगस्त तक चलेगा। यह सत्र 32 दिन तक चलेगा। इस दौरान 21 बैठकें होंगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए संसद के दोनों सदन 12 अगस्त से 17 अगस्त तक स्थगित रहेंगे। इसके बाद 18 अगस्त को सत्र फिर से शुरू होगा।

ईडी का दावा-शराब घोटाले ...

को घोटाले की रकम में से करीब 16.70 करोड़ रुपये मिले। उसने इस रकम का इस्तेमाल रियल एस्टेट फर्मों में किया। घोटाले की रकम का उपयोग उसके रियल इस्टेट प्रोजेक्ट के ठेकेदार को नकद भुगतान, नकदी के विरुद्ध बैंक प्रविष्टियाँ आदि के माध्यम से किया गया था। उसने होटल व्यवसायी त्रिलोक सिंह ढिल्लों के साथ भी मिलीभगत की।

ईडी के अफसरों ने बताया कि चैतन्य ने अपनी कंपनियों का उपयोग एक योजना तैयार करने के लिए किया जिसके अनुसार उसने त्रिलोक सिंह ढिल्लों के कर्मचारियों के नाम पर अपने विट्ठलपुरम प्रोजेक्ट में फ्लैटों की खरीदी की। इसकी आड़ में अप्रत्यक्ष रूप से 5 करोड़ रुपये प्राप्त किए। बैंकिंग ट्रेल से पता चलता है कि संबंधित लेन-देन की अवधि के दौरान त्रिलोक सिंह ढिल्लों को अपने बैंक खातों में शराब सिंडिकेट से भुगतान प्राप्त हुआ था।

इसके अलावा त्रिलोक सिंह ढिल्लो पर शराब घोटाले से 1000 करोड़ रुपये से अधिक की घोटाले की रकम (पॉवर ऑन द ऑर्डर) को संभालने का भी आरोप लगा है। वह छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्कालीन कोषाध्यक्ष को घोटाले की रकम भेजने के लिए अनवर ढेबर और अन्य के साथ समन्वय करते थे।

ईडी की जाँच से पता चला है कि शराब घोटाले से प्राप्त रकम को आगे निवेश के लिए बघेल परिवार के प्रमुख सहयोगियों को सौंप दिया गया था। घोटाले की रकम से संबंधित आगे भी जाँच चल रही है। इससे पहले छत्तीसगढ़ के तत्कालीन आबकारी मंत्री कवासी लखमा, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, आईटीएस अरुण पति त्रिपाठी, अरविंद सिंह, त्रिलोक सिंह ढिल्लों, अनवर ढेबर को ईडी ने इस मामले में गिरफ्तार कर चुकी है। इस पूरे मामले में आगे की जाँच चल रही है।

शराब-घोटालाः सीए समेत ...

है। संजय और मनीष ने नेक्स्टजेन पावर कंपनी बनाई और एफएल 10 लाइसेंस लेकर राज्य में महंगी ब्रांडेड अंग्रेजी शराब की सप्लाई करते थे। इससे पहले 18 जुलाई को पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर पर ईडी ने छापेमारी की थी। चैतन्य बघेल को शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार किया है।

ईडी कार्रवाई के खिलाफ...

करना है। पूर्व सीएम के बेटे चैतन्य बघेल को साजिश के तहत झूठे आरोपों में फंसाया गया है। इस चक्का जाम के दौरान जिलों में प्रमुख सड़कों, चौराहों और व्यापारिक क्षेत्रों में यातायात रोका जाएगा। वहीं कांग्रेस के बड़े नेता भी इस आंदोलन में शामिल होंगे।

रायपुर में यहां होगा चक्का जाम

रायपुर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे ने बताया कि रायपुर के मैग्नेटो मॉल के सामने नेशनल हाईवे को जाम किया जाएगा। इसी के साथ ही रायपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में धरसींवा में चक्का जाम करेंगे।

कांग्रेस ने चक्का जाम के लिए इन नेताओं को सौंपी जिम्मेदारी

छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने 22 जुलाई को होने वाले प्रदेशव्यापी आर्थिक नाकेबंदी (चक्का जाम) को सफल बनाने के लिए राज्य के अलग-अलग नेशनल हाईवे पर सीनियर नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। इसमें रायपुर, धमतरी, दुर्ग, सरगुजा, रायगढ़, बस्तर, सरायपाली, कोंडागांव-नारायणपुर, कोरबा, बिलासपुर और जांजगीर-चांपा जैसे इलाकों के लिए प्रभारी नेताओं के नाम तय किए गए हैं।

OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL BIJAPUR, DIST. BIJAPUR (C.G.)

S.NO./465/NPP/PWD/2025-26 Bijapur, Dated- 21/07/2025

e-procurement Tender Notice (2nd CALL)

Online Bids invited from Registered Contractors under CG PWD Details as follows-

S. No.	System Tender No.	Name of Work	Probable amount of Contract (in Lacs)	Earnest Money Deposit	Bid start & Last date & Time for download Tender
1	172428	CONSTRUCTION OF CC ROAD, OLD BUS STAND TO TEHSIL ROAD WARD NO. 09 & 10 BIJAPUR	10.65	8000.00	Bid start date/time 21/07/2025, Time 17:30 (IST) Last date/ time for download Tender 05/08/2025, Time 17:30 (IST)

The Details can be viewed and downloaded online directly from http://eproc.cgstate.gov.in

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL BIJAPUR
DIST.-BIJAPUR (C.G.)

कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर
जोन क्रमांक -8

मैनुवल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 21/लो.क.वि./न.पा.नि./जोन क्र. 08/ 2025 रायपुर, दिनांक 21/07/2025

नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक-8 अंतर्गत निम्नांकित प्रस्तावित कार्यों के लिए सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से आयटम दर/पी.डब्ल्यू.डी. रोड/भवन एस.ओ.आर. 2015 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग 2020 आज दिनांक तक संशोधित दर पर त्रि लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड.डाक से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
1. निविदा प्रपत्र हेतु आवश्यक निर्धारित दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28/07/2025 दिन सोमवार सायं 5.00 बजे तक अपूर्ण दस्तावेज का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
2. दस्तावेज निरीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 04/08/2025 दिन सोमवार।
3. जोन आयुक्त कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 08 मोहबा बाजार रायपुर (छ.ग.) में त्रि-लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 11/08/2025 दिन सोमवार सायं 5.30 बजे तक।
4. प्राप्त समस्त पात्र निविदाएं दिनांक 18.08.2025 दिन सोमवार को प्रातः 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। अपरिहार्य कारणों निर्धारित तिथि पर निविदा नहीं खुलने पर आगामी तिथि निर्धारित की जावेगी कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि लाख में	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	समयावधि	एस.ओ.आर.	फार्म का प्रकार
1	संत रविदास वार्ड सरोना के.पी.एस. विद्यालय के पास विश्वकर्मा समाज हेतु सामुदायिक भवन निर्माण।	7.65	6000.00	750.00	06 माह	P.W.D. S.O.R 2015	A
2	जोन क्र. 08 अंतर्गत वार्ड क्र. -01, 20 एवं 21 में पेयजल पाईप लाईन लिकेज मरम्मत कार्य।	3.50	3500.00	750.0	03 माह	P.H.E. S.O.R 2020	A
3	माधवराव सप्रे वार्ड क्र.-69 अंतर्गत विसर्जन कार्य में गोताखोर की व्यवस्था कार्य।	3.61	4000.00	750.00	04 माह	Coll. Rate	A
4	माधवराव सप्रे वार्ड क्र.-69 अंतर्गत विसर्जन कार्य में व्यवस्थायें कराने जाने का कार्य।	8.00	6000.00	750.00	04 माह	ITEM RATE	B

निविदा की शर्तें :-
1. निविदा के दस्तावेज बंद लिफाफा में रजिस्टर्ड पोस्ट/ स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जायेगा। 2. ई पंजीयन प्रमाण पत्र (जीवित), 3. बैंक साल्वेंसी 4. बैंक पासबुक की छायाप्रति 5. GST प्रमाण पत्र GST Return (विगत 3 माह) 6. आयकर रिटर्न (विगत 3 वर्ष) तथा 100 रु. का स्टाम्प पेपर निविदा जारी होने की तिथि के पश्चात का शपथ पत्र होना अनिवार्य है। 7. निविदा जारी होने के पश्चात से प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक एफ.डी.आर. मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत होना आवश्यक है। तथा जो एफ.डी.आर. जीवित होना आवश्यक है। 8. त्रि लिफाफा पद्धति में निविदा प्राप्त नहीं होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
2 कार्य क्रमांक -03 हेतु उपरोक्त दस्तावेज के साथ-साथ लेबर पंजीयन/EPF/ESIC पंजीयन प्रमाण पत्र एवं GSTR Return (विगत 3 माह) आयकर रिटर्न (विगत 3 वर्ष) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
3 टीप :- अन्य निविदा की शर्तें एवं जानकारियां कार्यालयीन समय व दिवस में कार्यालय जोन क्र. 8 में अवलोकन किया जा सकता है।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-08
नगर पालिक निगम, रायपुर

माइनस 16 डिग्री में 12500 फीट में चढ़ाई कर 30 लोगों की टीम के साथ यशवंत ने लहराया था तिरंगा

अब वल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ नाम, मिला प्रमाण पत्र, कलेक्टर ने भी किया सम्मानित

आखिर कैसे दर्ज हुआ यशवंत का नाम विश्व रिकॉर्ड में

वल्ड रिकॉर्ड होल्डर यशवंत कुमार टंडन ने बताया कि दिल्ली से मान्यता प्राप्त भारतीय साहसिक संस्थान इंडियन एडवेंचर फाउंडेशन द्वारा उत्तराखंड राज्य के उत्तरकाशी जिले में स्थित केदारकंठा नेशनल विंटर ट्रैकिंग कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें 12500 फीट ऊंची चोटी केदारकंठा ट्रैक पर माइनस -16 डिग्री सेल्सियस तापमान पर अपनी टीम के साथ 280 फीट का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा लहराकर टीम के साथ अपना नाम वल्ड वाइड बुक आफ रिकार्ड में दर्ज किया और इतिहास रचा।

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के एक युवा पर्वतारोही यशवंत टंडन को पर्वतारोहण के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उन्हें अपने 3 साल पहले किए गए लगभग 12500 फीट की ऊंचाई पर चढ़ाई में सफलता के लिए अब उनका ना वल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। इसका प्रमाण पत्र उन्हें हाल ही में प्राप्त हुआ है। जिसकी जानकारी मिलने पर स्थानीय कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने भी उन्हें कलेक्ट्रेट में प्रमाण पत्र भेंट करते हुए सम्मानित किया। यशवंत पर्वतारोहण के क्षेत्र में विगत कई साल से मेहनत कर रहे हैं और अलग-अलग जगह पर जाकर अपना परचम लहरा रहे। जिस उपलब्धि के लिए उनका नाम वल्डवाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है, वह 2022 जनवरी में की गई मेहनत है। जिसमें माइनस 16 डिग्री के तापमान में 12500 फीट ऊंचाई पर चढ़ाई करते हुए उत्तराखंड के केदरकंठा पर्वत में यशवंत टंडन ने 30 प्रतिभागियों के साथ मिलकर 280 फीट का लंबा भारतीय ध्वज (तिरंगा) फहराया था। इन 30 लोगों की पूरे समूह का वल्ड वाइड बुक का रिकॉर्ड में नाम दर्ज किया गया है। जिसके तहत प्रत्येक प्रतिभागी को अलग-अलग प्रमाण पत्र मिला है।

कहां के हैं यशवंत : यशवंत ,बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के अन्तर्गत अर्जुन्दा ब्लाक से महज 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम डुडिया के निवासी हैं । उनके पिता हूबलाल टंडन एक किसान और मनरेगा में मेट का काम करते हैं। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय बालोद में यशवंत टंडन का नाम वल्ड वाइड बुक आफ रिकार्ड में विश्व रिकॉर्ड धारक के रूप नाम दर्ज होने के उपलक्ष्य में प्रमाण पत्र और मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने यशवंत को उसकी इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर मिश्रा ने यशवंत टंडन की उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने यशवंत टंडन को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनकी यह उपलब्धि अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। वहीं यशवंत टंडन ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है और वे इस उपलब्धि के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम मानते हैं। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में भी अपनी पर्वतारोहण की यात्रा जारी रखेंगे और नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।

अब तक यशवंत की ये हैं प्रमुख उपलब्धियां

1. उत्तराखंड के नैनीताल की सबसे ऊंची चोटी नैना पीक ऊंचाई 8622 फीट.
2. उत्तराखंड के उत्तरकाशी में स्थित केदारकंठा ट्रैक 12500 फीट ।
3. हिमाचल प्रदेश के शिमला की सबसे ऊंची चोटी जाखू टेंपल 9500 फीट ।
4. हिमाचल प्रदेश के मनाली में स्थित माउंट फ्रेंडशिप पीक एडवांस बेस कैंप 2900 मीटर।
5. छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची चोटी गौरलाटा 1225 मीटर।

न्यूज़ गैलरी

मुख्यमंत्री ने आवास में निपटाया शासकीय कामकाज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज निवास स्थित कार्यालय में बैठकर शासकीय कामकाज निपटाया। बताया जाता है कि सत्र एवं जनजागरूकता अभियान के समय जिन कलेक्टरों एवं अधिकारियों के खिलाफ शिकायतें मिली है उनके ऊपर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। शासकीय प्रवक्ता से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री मानसून सत्र के पहले जनजागरूक अभियान सहित अन्य कामों में काफी व्यस्त हो गये थे। सत्र के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना भारत माला, मनरेगा तथा महिला बाल विकास में रेडी टू ईट सहित अन्य शिकायतें मिली थी। प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन कलेक्टर एवं अधिकारियों के विरुद्ध गंभीर शिकायतें मिली थी उन्हें हटाने का वादा जनता से मुख्यमंत्री से किया था अब वे उसे अंजाम देंगे।

गुरुर शिक्षा विभाग के ऑफिस में नवविवाहित युवक ने लगाई फांसी

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के गुरुर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक स्वीपर के बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। घटना सोमवार सुबह ही सामने आई है। जिससे शिक्षा विभाग में हड़कंप सा मच गया है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल अभी खुलासा तो नहीं हो पाया है। आगे गुरुर पुलिस छानबीन में जुटी भी है। बताते हैं कि मृतक का नाम सतीश यादव है। तो वहीं उनकी माता लक्ष्मी यादव जो की उक्त ऑफिस में सफाई कर्मचारी है, उनके बदले में वह कुछ दिनों से काम पर आ रहा था। मृतक ने सरकारी दफ्तर में इस तरह से फांसी लगाई है जो कई सवाल खड़े करती है। पुलिस पूछताछ में आगे और कुछ खुलासे हो सकते हैं। बीईओ कार्यालय में सतीश यादव उम्र करीब 27 वर्ष ने बीती दरम्यानी रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । मृतक सतीश यादव बीईओ कार्यालय में कार्यरत स्वीपर लक्ष्मी यादव का बेटा था। अभी स्वीपर हड़ताल में थे, इसलिए साफ सफाई के नाम से उनका बेटा सतीश यादव कुछ हफ्तों से अस्थाई तौर पर काम पर आ रहा था। सतीश ने यह कदम क्यों उठाया अभी पुलिस जांच का विषय है। मृतक ने एबीईओ के कक्ष में पंखे पर गमछा के सहारे लटक कर फांसी लगाई है जानकारी के मुताबिक कुछ महीने पहले ही उसकी शादी हुई है । उनकी पत्नी को ससुराल वाले तीजा लेने के लिए कुछ दिनों बाद आने वाले थे।

कम दाम में स्क्रेप दिलाने का झांसा देकर 20 लाख की ठगी, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। एमएस स्क्रेप बाजार भाव से कम दाम में दिलाने का झांसा देकर बुजुर्ग से 20 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी वासुदेव मित्तल 63 वर्ष सामुदायिक भवन के पास कबीरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी एआर इंटरप्राइजेस का संचालक है। प्रार्थी ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि आरोपी मिर्जा मनवरू जामा ने प्रार्थी को एमएस स्क्रेप बाजार भाव से कम दाम में दिलाने का झांसा देकर 20 लाख रुपए ऐंठ लिया। जब प्रार्थी को ठगे जाने का एहसास हुआ तो उसने इसकी शिकायत खमतराई थाना में की।

अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में ब्राम्हणपारा निवासी सूरज शर्मा 25 वर्ष ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एचटी 8066 को दानी गर्ल्स स्कूल के पीछे खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में सेक्टर 29 नवा रायपुर निवासी दीपक कुमार साहू 28 वर्ष ने राखी थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीआर 4010 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। गंज थाना पुलिस ने होटल उदय दीप के कमरा में दबिश देकर गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 48 किलो 360 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन स्थित होटल उदय दीप के कमरा नंबर 205 में दबिश देकर आरोपी विनोद गुप्ता 32 वर्ष और दीनेश गुप्ता 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बैज ने आर्थिक नाकेबंदी को सफल बनाने की अपील

- बैज बस्तर का मोर्चा संभालेंगे
- आर्थिक नाकेबंदी को सफल बनाने प्रभारियों की नियुक्ति

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि कांग्रेस हाईकमान द्वारा देश के आर्थिक संसाधनों को निजी क्षेत्र में सौंपने के विरोध में आर्थिक नाकेबंदी प्रदेश स्तर पर 22 जुलाई को की जाएगी। दीपक बैज बस्तर में मोर्चा संभालेंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि राज्य में आर्थिक नाकेबंदी को सफल बनाने के लिए अलग अलग क्षेत्रों में प्रभारी नियुक्त कर दिये गये है। रायपुर में धनेंद्र साहू, शिव डहरिया, शैलेष नितिन त्रिवेदी, पंकज शर्मा सहित अन्य नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार आर्थिक नाकेबंदी को सफल बनाने जिला कांग्रेस रायपुर की बैठक ,सफल बनाने रणनीति में संयुक जिम्मेदारी सौंपी गई,जिस प्रकार से पूरे देश में विरोधियों खासकर विपक्ष के मजबूत,प्रभावशाली नेताओं को सरकारी एजेंसियों के माध्यम से दबाव डाल कर अपने मित्रों के खिलाफ आवाज को बंद कराने का बल पूर्वक साजिश कर रहे है जिस प्रकार कवासी लखमा,देवेंद्र यादव सहित अभी चैतन्य बघेल के माध्यम से भूपेश बघेल को दबाना चाहते है पूरे कांग्रेस पार्टी के नेताओं को जो भी आवाज उठाते है उसे दबाने में कोई कसर नहीं छोड़ते खास उद्योगपति मित्रो के मामले में इसके विरोध में जिला रायपुर के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग,राजमार्ग,जिला मार्ग सभी को बंद करने का निर्णय लिया गया है।

अभनपुर, आरंग, धरसीवा, बीरगांव, तिल्दा, सहित विभिन्न कस्बाई क्षेत्रों में भी आंदोलन के साथ चक्का जाम किया जाएगा आज की बैठक में सफल बनाने सभी ब्लॉकों में भी बैठक करके सफल बनाने ठोस निर्णय लिया जाएगा सभी ब्लॉक अध्यक्षों सहित वरिष्ठ नेताओं को अपने अपने क्षेत्रों की जिम्मेदारी दिया गया है। आज की बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधो राम वर्मा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ बैठक में पूर्व सांसद छाया वर्मा,गिरीश देवांगन, शैलेश नितिन त्रिवेदी, पंकज शर्मा, नंदलाल देवोगन, योगेंद्र सोलंकी, भावेश बघेल, दुर्गेश वर्मा, कोमल साहू, विद्याभूषण सोनवानी, सौरभ मिश्रा, सौरभ शर्मा, गिरधारी साहू, देवव्रत ,अश्वनी वर्मा, जितेंद्र चंद्राकर, राजू शर्मा, अविनाश नियाल, दिलदार कुमरे, सुनील सोनी, गजानंद वर्मा सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

प्रदेश में बलरामपुर में सर्वाधिक और बेमेतरा में सबसे कम बारिश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 446 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 739 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 241 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 438 मिमी, बलौदाबाजार में 439 मिमी, गरियाबंद में 374 मिमी, महासमुंद में 394.5 मिमी और धमतरी में 372.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है।

बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 471 मिमी., मुंगेली में 513 मिमी, रायगढ़ में 571 मिमी, जांजगीर-चांपा में 598 मिमी, कोरबा में 517 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 440 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 437 मिमी, सक्ती में 539 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है।

दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 368 मिमी, कबीरधाम में 333 मिमी, राजनांदगांव में 361 मिमी, बालोद में 439 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 522 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 311.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 351.6 मिमी, सूरजपुर में 569 मिमी, जशपुर में 546 मिमी, कोरिया में 532 मिमी और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 490 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है।

चूड़ामणी वार्ड में अनेक विकास कार्यों महापौर ने किया लोकार्पण

- वार्ड के युवा महिलाओं एवं नन्हीं बालिकाओं को भी किया गया शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे सहित नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़, लोक कर्म विभाग अध्यक्ष और शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड क्रमांक 37 के पार्षद दीपक जायसवाल, जोन 7 जोन अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग के अध्यक्ष मनोज वर्मा, स्वामी आत्मानंद वार्ड के पार्षद आनंद अग्रवाल सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकत्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों, आमजनों, बच्चों की उपस्थिति में रायपुर पश्चिम बिधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 7 अंतर्गत शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड क्रमांक 37 क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न 8 कार्यों का 1 करोड़ 8 लाख रूपये की स्वीकृत लागत वाले विभिन्न 8 नवीन विकास कार्यों का एकमुश्त लोकार्पण कर जनता को अनुपम सौगात दी है.

आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयोजन में नए विकास कार्यों के लोकार्पण हेतु वार्ड 37 में सभी 8 विभिन्न स्थानों पर नन्ही कन्याओं का हल्दी कुमकुम लगाकर गृह प्रवेश करवाने की तर्ज पर जनता हेतु लोकार्पण किये जाने की पद्धति की चर्चा करते हुए प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने सराहा और कहा कि उन्होंने नन्ही कन्याओं को हल्दी कुमकुम लगाकर गृह प्रवेश करवाने द्वश तर्ज पर लोकार्पण करवाने की पद्धति शासकीय कार्य में आज पहली बार देखी है. लोकार्पण हेतु ऐसी पद्धति नगर पालिक निगम रायपुर का एक सराहनीय कार्य है.

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड में 1 करोड़ 8 लाख के नए विकास कार्यों की एकमुश्त लोकार्पण सौगातें मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्री दीपक जायसवाल की सक्रिय और जागरूक कार्यशैली को सराहा. महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने सभी नागरिकों को सावन के पवित्र मास की हार्दिक शुभकामनायें दीं.

रेत का भाव आसमान छू रहा, भवन बनाने वाले परेशान

- ईटें का भी रेट बढ़ा, रेत का पारागांव, महासमुंद में अवैध भंडारण

रायपुर/नवप्रदेश। बरसात लगते ही राजधानी में रेत और ईटें का भाव आसमान छू रहा है जिसके कारण भवन निर्माता काफी परेशान है। इधर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही भी अपना काम रोकने के लिए मजबूर है। बड़े ठेकेदारों एवं आपूर्ति कर्ताओं ने राजधानी के विभिन्न घाटों के पास रेत का भंडारण कर लिया है जिससे वे लाखों की कमाई कर रहे है।

मिली जानकारी के अनुसार राजधानी में इस समय मोटा रेत तथा बारिक रेत का भाव दस हजार रुपये हाइवा से बढ़कर 24 हजार रुपये प्रति हाइवा हो गया है जिसमें 250 फीट रेती आती है। भवन निर्माण आपूर्ति कर्ताओं का कहना है कि बड़े ठेकेदारों ने सरपंच तथा खनिज अधिकारियों से सांठगांठ कर ग्राम पारा गांव जौंदी जौंदा तथा महासमुंद के पास भंडारण कर लिया है जिसे वे बेच रहे हैं। बरसात लगते ही नदियों में जल स्तर बढ़ जाता है इसलिए गर्मी में रेत का भंडारण कर लिया जाता है। ईटें का रेट दो हजार नग प्रति ट्राली 11 सौ से बढ़कर 15 सौ रुपये हो गया है। भवन निर्माण में उपयोग में आने वाले सीमेंट का आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इस समय सभी सीमेंट संयंत्र सीमेंट को बाहर भेज रहे हैं जिसके कारण स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। ख्यातिनाम ब्रांड के सीमेंट नहीं मिल रहे हैं। इस समय अल्ट्राटेक और एसीसी सीमेंट का मांग ज्यादा है।

भवन निर्माण आपूर्ति कर्ताओं के अनुसार लोहे का रेट सामान्य है यहां पर लोहे का रेट पांच हजार से लेकर 55 सौ प्रति क्विंटल की दर से बढ़ते घटते रहता है। वहीं गिट्टी तथा बजरी का भी रेट घटते बढ़ते रह रहा है। शहरीय तथा ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास का निर्माण तेजी से हो रहा है। यहां पर हितग्राही भवन सामाग्री लेने के लिए परेशान है शहर में तीन किस्तों में पैसा दिया जाता है।

जनसंपर्क दिवस पर, राष्ट्रीय पीआर कॉनक्लेव का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। जनसंपर्क दिवस पर बीएसपी के जनसंपर्क विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पीआर कॉनक्लेव का आयोजन कियाग या। जिसका उद्देश्य कनेक्ट कम्युनिक्रि येट चीन पर आधारित था। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कान्क्लेव को कनेक्टकॉन 2025 का दर्जा दिया गया। पीआईबी द्वारा मिली जानकारी के अनुसार सेल भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के जनसंपर्क विभाग ने विश्व जनसंपर्क दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भिलाई निवास में राष्ट्र स्तरीय पीआर कॉन्क्लेव 'कनेक्टकॉन–2025Ó का आयोजन किया। 'कनेक्ट. कम्युनिकेट. क्रिएट. थीम पर आधारित इस एकदिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री चितरंजन महापात्र ने कार्यपालक निदेशकों के साथ दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जनसंपर्क अब केवल प्रेस ब्रीफिंग तक सीमित न रहकर संस्थागत विकास का रणनीतिक आधार बन चुका है। उन्होंने भारत के 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के संकल्प और इस्पात उद्योग की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

साहित्यकार पयोधि भोपाल में हुए सम्मानित

- विभिन्न विधाओं की 56 पुस्तकों के रचनाकार हैं पयोधि

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ साहित्यकार लक्ष्मीनारायण पयोधि को कल रविवार 20 जुलाई को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय जीवन शैली समारोह में सम्मानित किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश सरकार के खेल, युवा कल्याण और सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग थे. उन्होंने पयोधि को 'जगदीश गुरु साहित्यकार सम्मान 'से अलंकृत किया. विभिन्न विधाओं में पयोधि की 56 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं. उल्लेखनीय है कि पयोधि मूल रूप से छत्तीसगढ़ के भोपालपटनम के निवासी हैं।

साहित्य भारती छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्री बलदाऊ राम साहू ने बताया कि सम्मान समारोह डॉ.गांगुली योग विद्यापीठ, भोपाल द्वारा कमला पार्क भोपाल स्थित आचार्य नरेन्द्रदेव पुस्तकालय में आयोजित किया गया. साहित्यकार श्री पयोधि को यह सम्मान साहित्य के क्षेत्र में उनकी लगातार सृजन -सक्रियता और विशेष उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया. उन्होंने भोपाल (मध्यप्रदेश) में वर्ष 1990 से 1997 तक आदिम जाति विकास विभाग के वन्या प्रकाशन द्वारा प्रकाशित बच्चों की लोकप्रिय पत्रिकाÓसमझ-झरोखाÓ का सम्पादन किया और बाद में आदिम जाति अनुसंधान संस्थान (ट्रायबल रिसर्च इंस्टिट्यूट)में भी अपनी सेवाएँ दी.इस दौरान भी उनकी साहित्य -साधना निरंतर जारी रही.श्री पयोधि वन्या प्रकाशन में सहायक सम्पादक के पद से वर्ष 2019 में सेवानिवृत्त हुए.इन दिनों वे भोपाल में रहकर साहित्य-साधना में लगे हुए हैं.

हाल बेहाल | कुल शासकीय कार्यालयों की संख्या 365 एवं 1439 आंगनबाड़ी संचालित

राजधानी के पांच महाविद्यालय संचालित हो रहे प्राथमिक शालाओं में

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य में उच्च शिक्षा का हाल बेहाल है प्राध्यापकों की कमी एवं भवन विहीन महाविद्यालयों में पढ़ाई की स्थिति बेहद खराब है। राजधानी में कुल आठ कालेज भवनविहिन है वहीं भवन विहिन स्कूलों की संख्या 1439 है। राजधानी रायपुर में कई स्कूल पहली पाली एवं दूसरी पाली में लगते है वहीं इन शालाओं में महाविद्यालय भी संचालित हो रहे है जिनकी संख्या 4 है। बिरगांव में भी एक प्राथमिक शाला में महाविद्यालय संचालित हो रहा है। वहीं धरसींवा के पास भी एक महाविद्यालय भवनविहीन है। उच्च शिक्षा में प्राध्यापकों की कमी के कारण शैक्षणिक गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग के अनुसार रायपुर में कुल 1412 स्कूल है वहीं आंगनबाड़ी 1439 है। जबकि शासकीय कार्यालय 365 है। इनमें से एक कालेज के सामने ही बजट की उपलब्धता है वहीं चार कालेज के पास भूमि उपलब्ध नहीं है जिसके कारण काफी परेशानी हो रही है।

प्राध्यापकों की कमी से जूझ रहे

पूरे प्रदेश में प्राध्यापकों की कमी है। हाल ही में दस वरिष्ठ प्राध्यापकों को प्राचार्य बनाया गया है लेकिन उन्हें रिलीव नहीं किया गया है उच्च शिक्षा विभाग मुख्यमंत्री के पास चला गया है जिसके कारण बीएड डीएड तथा नये विषयों की अनुमति नहीं मिल पा रही है। इस समय उच्च शिक्षा द्वारा संचालित महाविद्यालय दूसरे के माध्यम से चलाए जा रहे है इनमें सिर्फ अतिथि प्राध्यापकों के सहारे अध्यापन कार्य हो रहा है।

रविशंकर विवि के अधीन 150 महाविद्यालय है इनमें से कई निजी महाविद्यालय है यहां पर शैक्षणिक वर्ष आज से शुरू हो गया है। राज्यपाल जो की कुलाधिपति है एक बैठक लेकर कुलपतियों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित समय पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करे तथा परिणाम समय पर घोषित करें। राजधानी में स्कूल कालेज आंगनबाड़ी हेतु कुल 228 ने भूमि उपलब्धता की समस्या है।

नव प्रदेश
ग्राम पंचायत लखराम, शैलर, अकलतरी क्षेत्र में नव प्रदेश की प्रति प्राप्त करने के लिए संपर्क करें।
नारायण कश्यप
7999610688
7747999724

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट काम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com